e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 326

**सुविचार**
कोई फर्क नहीं पड़ता कि लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, फर्क तो इससे पड़ता है कि आप अपने बारे में क्या सोचते हैं।

# प्रभात मंत्र

शनिवार
02.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### 55 लाख रुपये का विदेशी सिगरेट बरामद

**नई दिल्ली :** दिल्ली सीमा शुल्क (निवारक) अधिकारियों ने एक खुफ़िया सूचना के आधार पर जांच के दौरान 55.23 लाख रुपये मूल्य की 5,48,800 लाख विदेशी सिगरेट बरामद की है। बरामद की गई इन सिगरेटों में प्लेटिनम सेवन, डेविडऑफ़, डनहिल और मोंड जैसे ब्रांड शामिल है, जिनके पैकेट पर अनिवार्य सचित्र स्वास्थ्य चेतावनी मौजूद नहीं थी। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि खुफ़िया सूचना के आधार पर गुरुवार को तलाशी के दौरान 55.23 लाख रुपये मूल्य की 5,48,800 लाख विदेशी सिगरेट बरामद की गई। इन सिगरेट पैकेट को सीमा शुल्क की चोरी करते हुए देश में अवैध रूप से आयात करने या तस्करी करने की आशंका है। इन पैकेट की सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) संशोधन नियम, 2022 का उल्लंघन करते हुए घरेलू बाजार में आपूर्ति की जा रही थी।

### यूनियन बैंक के सहायक प्रबंधक पर एक करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जोधपुर :** शहर की यूनियन बैंक की दो शाखाओं में एक करोड़ की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मुख्य प्रबंधक ने शास्त्रीनगर थाने में सहायक प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद सहायक प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। शास्त्रीनगर पुलिस के अनुसार यूनियन बैंक की सोजती गेट शाखा के मुख्य प्रबंधक चेतन प्रकाश कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सहायक प्रबंधक ने फर्जी दस्तावेज के जरिए 5 लाख की लिमिट वाले 20 क्रेडिट कार्ड खुद वैरिफाई इश्यू करवाए। वह दोस्तों-रिश्तेदारों के शॉपिंग बिल क्रेडिट कार्ड से जमा करवा कर उनसे कैश ले लेता था। घोटाले का मामला तब सामने आया, जब बैंक ने उन क्रेडिट कार्ड की जानकारी जुटाई, जिनके बिल बकाया चल रहे थे।

### नेवी ने अपने जहाज पर पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर की नियुक्ति की

**नई दिल्ली :** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने महिलाकर्मियों के लिए सभी भूमिकाएं-सभी रैंक के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप नौसैन्य पोत में पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर की नियुक्ति की है. नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि नौसेना में पहली बार एक महिला को नौसेना के फास्ट अटैक क्राफ्ट बोट की कमांडिंग अधिकारी बनाया गया है. फिलहाल उस अधिकारी की प्री कमीशन्ड ट्रेनिंग चल रही है. वायुसेना और थल सेना में महिलाएं पहले से ही कई यूनिट में कमांड कर कर रही हैं.

### गढ़वा : महिलाओं से तीन लाख रुपये की लूट

**गढ़वा :** प्रमंडल के गढवा जिले के मेराल थाना मुख्यालय में शुक्रवार को दिनदहाड़े स्वयं सहायता समूह की दो महिलाओं से तीन लाख रुपये छीन कर दो मोटरसाइकिल सवार अपराधी फरार हो गए। घटना को लेकर सूर्या जागृति स्वयं सहायता समूह मकुना मेराल की सदस्य शमा बीबी ने मेराल थाना में आवेदन दिया है। महिलाओं ने कहा कि ग्रामीण बैंक से समूह के ऋण खाते से तीन तीन लाख रुपये की निकासी कर पैसे को झोला में लेकर बैंक से एक साथ घर जाने के लिए निकली थी। बस स्टैंड में जरूरी काम से मैमुन बीबी एवं खुशबुन बीबी रुक गई। पैसे का झोला शमा बीबी के पास था जिसे लेकर हसबुन बीवी के साथ हम दोनों साथ घर जा रही थी कि बस स्टैंड से महज 300 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आए और झोला छीन कर भाग गए। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

### कुजू ट्रांसपोर्ट नगर में अपराधियों ने चलायी गोली, कोयला व्यवसायियो में दहशत

**कुज्जू (रामगढ़) :** कोयलांचल क्षेत्र के कुजू कोयला मंडी ट्रांसपोर्ट नगर में शुक्रवार की शाम अपराधियों ने गोलियां चलाकर शनशनी फैला दी. बताया जाता है कि कोयला व्यवसायी कल्याण पांडेय के कार्यालय में बाइक सवार दो अपराधियों ने लगातार तीन फायरिंग की. जिससे एक गोली कार्यालय के बाहर दीवार में लगी. जबकि दो इधर-उधर निकल गयी. इस संबंध में कोयला व्यवसायी कल्याण पांडेय ने बताया कि पूर्व में अनजान नंबर से कई बार धमकी भरा फोन आ चुका था.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 25° |
| न्यूनतम | 14° |

---

**पलामू : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, लाभुकों से किया सीधा संवाद**

# हर सुख-दुख में आपके साथ है यह सरकार : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने 75 योजनाओं की रखी आधारशिला,113 योजनाओं का किया उद्घाटन। 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच लगभग 68 करोड़ 67 लाख रुपए की बांटी परिसंपत्ति**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों के दरवाजे तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हर गरीब और जरूरतमंद की समस्याओं का समाधान उसके घर पर मिले। इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। यहां अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद है। आप सभी इन शिविरों में आकर कल्याणकारी योजनाओं से जुडें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पलामू में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रहे सभी शिविरों पर मैं नजर रख रहा हूं। जिन शिविरों में जा रहा हूं, वहां यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि वास्तव में लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता,कृषि मंत्री बादल और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमण्डल के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है और किसान गांव के रीढ़ हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है और किसान गांव के रीढ़ हैं। ऐसे में सरकार किसानों को सशक्त और उनकी आय बढ़ाने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। किसानों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से किसानों को फलदार पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दीदी -बाड़ी योजना के जरिए बागवानी से जोड़ा जा रहा है। पूरे राज्य में किसान पाठशाला खोले रहे हैं, जहां कृषि की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है। हर खेत में पानी पहुंचे, इसके लिए सिंचाई योजनाओं पर तेज गति से काम हो रहा है। किसानों की सहायता के लिए कृषि पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बना रही है।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत अब हर पशु का होगा बीमा, लाभुकों को भैंस भी दिया जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को जो भी जानवर दिए जाएंगे, उसका बीमा भी होगा, ताकि पशुओं की मौत होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान ना उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत लाभुकों को अब भैंस भी मिलेगा।




### यह सरकार हर सुख-दःख में आपके साथ है

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य की जनता के द्वारा चलाई जा रही सरकार है। आपने हमें राज्य चलाने का जिम्मा दिया है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम जनता की सेवा करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह सरकार आपकी हर दुःख- सुख में आपके साथ खड़ी है। आपकी जो भी समस्याएं और परेशानियां होंगी, उसे दूर किया जाएगा ।

### हम जो कहते है, उसे अवश्य करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसे लेकर लगातार चिंतन मंथन करते हुए रणनीति के तहत कार्य कर रहे हैं। जब से हमारी सरकार वजूद में है , कोरोना महामारी और सुखाड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी राज्य की जनता को राहत देने का काम किया गया और अब विकास की रफ्तार को गति दी जा रही है । हमने झारखंड को वर्ष 2025 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हम इस राज्य को अपने दम पर खड़ा करेंगे, जहां उसे किसी से सहयोग की जरूरत नहीं पड़ेगी । अपने बलबूते इस राज्य को अव्वल राज्यों की श्रेणी में लाएंगे।

### मजदूरों के हितों का पूरा ख्याल रख रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से बड़ी संख्या में मजदूर दूसरे राज्यों में काम करने जाते हैं। इन प्रवासी मजदूरों के हित में भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस सिलसिले में हमारी सरकार विभिन्न राज्यों से करार करने जा रही है। इससे अगर किसी राज्य में झारखंड के किसी मजदूर को किसी तरह की समस्या होगी तो उनकी मदद के लिए राज्य सरकार आगे आएगी। मुख्यमंत्री ने मजदूरों से कहा कि वे अपना निबंधन श्रम विभाग के पोर्टल पर जरूर कराएं, ताकि सरकार के पास पूरा डाटा रहे कि कौन मजदूर किस राज्य में काम करने गया है।

**मुख्यमंत्री ने दिया योजनाओं का तोहफाः** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 100 करोड़ 69 लाख 89 हजार रुपए की लागत से निर्मित 113 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 75 योजनाओं की आधारशिला रखी । इन योजनाओं पर करीब 104 करोड़ रुपए खर्च होंगें। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच करीब 68 करोड़ 67 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी।

### युवा राज्य के साथ युवाओं को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड युवावस्था में कदम रख चुका है। पिछले दो दशक के दौरान झारखंड की किसी ने चिंता नहीं की । इस वजह से यह राज्य पिछड़ता चला गया। लेकिन, हमारी सरकार सभी के सहयोग से झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने को तैयार है। इसके लिए युवाओं को युवा राज्य के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।

---

### मणिपुर : बैंक से 18 करोड़ कैश लूट ले गए अपराधी

**मणिपुर :** मणिपुर में एक बड़ी लूट को अंजाम दिया गया है जिसमें हथियारबंद लुटेरे पंजाब नेशनल बैंक में घुसे और करोड़ों रुपये उड़ा ले गए. लूट के दौरान मौजूद स्टाफ को बदमाशों ने बंदूक की नोक पर बंधक बनाया, कैश उठाया और रफू चक्कर हो गए. यह घटना गुरुवार शाम करीब 5.47 बजे हुई है जब रोजमर्रा के लेन-देन के काम खत्म हो गए थे और स्टाफ काम समेटने में लगा हुआ था. स्टाफ डोर से घुसकर बदमाशों ने इस लूट को अंजाम दिया है.जानकारी के मुताबिक बैंक में यह डकैती उखरुल जिले के व्यूलैंड में हुई.यहां मौजूद पंजाब नेशनल बैंक पर शाम को 10 लोगों के गैंग ने धावा बोल दिया और स्टाफ डोर से अंदर घुस गए. अंदर पहुंचते ही लुटेरों ने स्ट्रांग रूम में जाकर बैंक मैनेजर, स्टाफ और एक सुरक्षाकर्मी को बंधक बना लिया. इसके बाद उन्होंने बैंक में रखी पूरी रकम उड़ा ली जो कि करीब 18 करोड़ 85 हजार रुपये थी. इतनी बड़ी लूट के बाद से पुलिस महकमे और पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है.उखरुल के एसपी निंगसेन वाशुम ने तुरंत एक्शन लिया और जांच शुरू की. पूरे शहर में की जगहों पर तलाशी ली गई और शहर के सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया है, जिससे पता चला है कि बदमाशों के पास कई तरह के हथियार थे जिसमें एके राइफलें भी शामिल थीं. बैंक के मैनेजर इनचार्ज एम कुमुनी ने बताया कि बैंक में लूट के वक्त कुल 8 कर्मचारी मौजूद थे.उन्होंने बताया कि उस वक्त सभी सुरक्षाकर्मी बैंक में मौजूद नहीं थे.पुलिस ने शुक्रवार को बैंक के सभी कर्मचारियों ने गहन पूछताछ की है. 3 मई को जातीय संघर्ष शुरू होने के बाद मणिपुर में बैंक लूट की यह तीसरी घटना है.

---

## भीषण सड़क दुर्घटना में 8 की मौत, 7 गंभीर




एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के क्योंझर जिले में एनएच-20 पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 7 लोगों की हालत गंभीर रूप से घायल हो गए. ये दुर्घटना उस वक्त हुई जब यात्रियों से भरी एक वैन ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी. हादसा शुक्रवार।की सुबह हुआ. सभी मृतक गंजम के दिगपहांडी के रहने वाले थे. हादसा उस वक्त हुआ जब पोदामारी गांव से 20 लोग वैन में सवार होकर जिले के मां तारिणी मंदिर जा रहे थे. इसमें से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने घाटगांव अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. शुरुआत में घायलों को घाटगांव अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में रैफर कर दिया गया. ये दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए.सूचना मिलने पर बालीजोड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है. हालांकि दुर्घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है. मामले पर क्योंझर के एसपी कुसलकर नितिन दगुडु ने कहा,20 लोगों से भरी वैन तेज रफ्तार से जा रही थी और इसी दौरान ये ट्रक से जा भिड़ी. चूंकि कोहरा था तो संभावना है कि वैन के ड्राइवर ने ट्रक को नहीं देख पाया होगा.पुलिस के मुताबिक इस वैन में दो परिवारों और इनके पड़ोस में रहने वाले लोग मां तारिणी के दर्शन करने के लिए बीती रात गुरुवार (30 नवंबर) को अपने घर से निकले थे.

---

**हज़ारीबाग : बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह में अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

## वामपंथी उग्रवाद से जल्द मुक्त हो जाएगा भारत : शाह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने झारखंड के हज़ारीबाग में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल की वार्षिक पत्रिका 'बॉर्डरमैन' का भी विमोचन किया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि जीवनपर्यन्त कर्तव्य बीएसएफ का सिर्फ घोषवाक्य नहीं है बल्कि आज तक 1900 से अधिक सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इस वाक्य को चरितार्थ भी किया है। उन्होंने कहा कि लाखों सीमा प्रहरियों ने अपने जीवन का स्वर्णिम काल कठिनतम परिस्थितियों में परिवार से दूर रहकर बिताया है।उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उससे पूरा देश सीमा सुरक्षा बल के इन वीर जवानों पर गर्व करता है।

*** बीएसएफ के जवानों का जीवन सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ देश के युवाओं को अनुशासन का संदेश भी देता है**

**देश के विकास की नींव हैं सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले वीर जवानः** अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और ये तभी संभव है जब हमारे वीर जवानों के त्याग, तपस्या, बलिदान और शौर्य से हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। श्री शाह ने कहा कि बीएसएफ के जवानों का जीवन सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ देश के युवाओं को अनुशासन का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि यहां कुल 23 जवानों को बहादुरी पदक दिए गए हैं और 5 जवानों को मरणोपरांत पदक दिए गए हैं।

**प्रधानमंत्री ने सीमा सुरक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैः** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमा सुरक्षा को हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में सीमाओं की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सुरक्षा, विकास और लोकतांत्रिक प्रक्रिया- तीनों को तवज्जो दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हजारों करोड़ रूपये के बजट के साथ मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की शुरुआत की।

### बीएसएफ ने अब तक 90 से ज्यादा विदेशी ड्रोन मार गिराए हैं

अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ ने 2500 से ज्यादा हथियार पकड़े हैं और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसी एवल्विंग टेक्नोलॉजी के साथ बीएसएफ ने बहुत अच्छे प्रयोग किए हैं। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने अब तक 90 से ज्यादा विदेशी ड्रोन मार गिराए हैं और इसके रूट की पहचान करने के लिए नई दिल्ली में बीएसएफ ड्रोन और साइबर फॉरेंसिक लैब स्थापित कर आर एंड डी के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने एरिया डोमिनेशन के लिए फील्ड फॉर्मेशन के साथ 100 ड्रोन उपलब्ध कराए हैं। जिसका बहुत अच्छा उपयोग बीएसएफ के जवान कर रहे हैं।



### दुश्मनों के नापाक इरादों को बीएसएफ ने हमेशा विफल किया है

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था, एक सीमा पर एक ही सुरक्षा बल की तैनाती। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश की सबसे दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल को मिली, जिसे बीएसएफ ने बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बर्फीले इलाके, पूर्वोत्तर के पहाड़, गुजरात और राजस्थान के रेगिस्तान हों, गुजरात का दलदली इलाका हो या फिर सुंदरवन और झारखंड के घने जंगल हों, बीएसएफ ने हमेशा मुस्तैद रहते हुए दुश्मन के नापाक इरादों को विफल किया है।

---

## चक्रवात मिचौंग से निपटने की तैयारियों को लेकर कैबिनेट सचिव ने की बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से निपटने के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा के लिए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रभावित होने वाले राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के मुख्य सचिवों तथा पुडुचेरी के वित्त सचिव के अलावा केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों से जुड़े अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश,ओडिशा और पुडुचेरी को 18 टीमें उपलब्ध कराई हैं और 10 अतिरिक्त टीमों को तैयार रखा है। तटरक्षक बल,सेना और नौसेना की बचाव और राहत टीमों के साथ-साथ जहाजों और विमानों को भी तैयार रखा गया है। बैठक



में कैबिनेट सचिव ने कहा कि तूफान से प्रभावित होने वाले चारों राज्यों से सभी आवश्यक और एहतियाती कदम उठाएं। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि जान हानि न हो और संपत्ति तथा बुनियादी ढांचे को कम से कम नुकसान हो। तूफान के बाद सभी आवश्यक सेवाएं जल्द से जल्द बहाल की जायें। उन्होंने राज्य सरकारों को आश्वासन दिया कि सभी केंद्रीय एजेंसियां तैयार हैं और उनकी सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि समुद्र में मछुआरों की सुरक्षित वापसी तथा तेल रिगों, जहाजों आदि में तैनात लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। दरअसल, मौसम विभाग ने अलर्ट किया है कि बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 6 घंटे के दौरान 13 किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ रहा है। इसके 2 दिसंबर तक गहरे दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने और 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

### मिजोरम में अब 4 दिसंबर को होगी मतगणना

**नई दिल्ली (एजेंसी) :** पांच राज्यों में हुए चुनावों के बाज पूरा देश 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना का इंतजार कर रहा है. इस बीच चुनाव आयोग ने मिजोरम में रिजल्ट की तारीख बदल दी है. अब यहां 3 दिसंबर की जगह 4 दिसंबर को मतगणना होगी.बता दें कि मतदान से पहले ही मिजोरम में मतगणना की तारीख बदलने की मांग हो रही थी. इसे लेकर सभी पार्टियां एकमत थीं.

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर | अंडाशय का कैंसर | पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर | फेफड़ा का कैंसर | हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर | पेट का कैंसर | मलाशय का कैंसर
आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना और अन्य विभिन योजनाओ द्वारा ईलाज की सूविधा
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# हिन्डालको ने किया विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पंडवा (पलामू) :** शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा लोहड़ा +2 हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर व क्वीज कंपीटिशन कराया गया। क्वीज में 14 व पोस्टर कंपीटिशन में 2 सफल विद्यार्थियों को कंपनी द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सीसीएल राजहरा कोलियरी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर सच्चिदानंद ने कहा कि जागरूकता ही एड्स का बचाव है। उन्होंने लोगों से एड्स से घृणा करने की बात कही एड्स पीड़ित से नहीं। उन्होंने कहा कि अपने चरित्र का जतन करने से ही एड्स का पतन होगा। एड्स दिवस पर हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि अन्य संस्थाओं को भी इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए ताकि समाज के लोग एड्स जैसे जानलेवा बीमारी से लोग बच सकें। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति हमेशा सजग व संवेदनशील होकर काम करतीं हैं। इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों जागरूक करने का काम करतीं हैं ताकि समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर किया जा सके। डाक्टर टी गफ्फार ने एड्स से बचने व इसके लक्षण के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए एड्स की जांच बेझिझक होकर कराने की अपील की। क्वीज कंपीटिशन का संचालन अदिति, सुमित व लोकेश ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दिव्या टोप्पो ने किया। इस मौके पर सुषमा कुमारी, श्वेता, डाक्टर टी गफ्फार, अभिषेक दुबे, अदिति, लोकेश, सुमित, सुहानी, अनीता भगत, देवेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# केतार के पाचाडूमर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**केतार (गढ़वा) :** झारखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शुक्रवार को केतार प्रखंड के पाचाडूमर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चन्द्रावती देवी, जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मुखिया श्याम सुंदर बैठा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने उपस्थि लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया साथ ही उन्होंने ने कहा कि पिछले दो वर्षो से कार्यक्रम का सफल आयोजन हो रहा है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के द्वारा प्रशासन,सरकार एवं जनता के बीच की दूरी को समाप्त करना साथ ही विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए योग्य लाभुकों को योजनाओं से लाभान्वित भी करना सरकार का मूल लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार कयी नई योजनाएं आई है जिसमे अबुआ आवास योजना के तहत योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया जाना है। खबर लिखे जाने तक वन सुरक्षा विभाग एवं बैंक विभाग अनुपस्थित रहे। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य राजकुमार पासवान, बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुशील चौबे, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, उदय प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रुद्रामहा यज्ञ समिति के अध्यक्ष बने विजय कुमार सिंह



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के जमुआ मे आगामी 11 फरवरी से 2024 मे प्रारम्भ होने वाली रुद्रमहा यज्ञ समिति के गठन के लिए बैठक बुलाई गई । बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती और सफल संचालन श्री मिथलेश कुमार यादव ने किया। इस बैठक मे रुद्र महायज्ञ के सफल बनाने के लिए यज्ञ यज्ञ समिति का गठन किया गया। सर्व सहमति से अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार यादव -सुरेश यादव, संदीप कुमार चंद्रवंशी, अजय कुमार सिंह उपमुखिया, संरक्षक सह सचिव पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती - रौशन कुमार सिंह, उप सचिव ललन भुइयाँ-नरेश भुइयाँ, रुपेश कुमार भारती, अजय कुमार को बनाया गया। साथी ही साथ यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष अभय कुमार यादव, उप कोषाध्यक्ष शिव शंकर यादव, पूजा प्रभारी रंजीत यादव, मीडिया प्रभारी विश्वप्रेम कुमार व विनय कुमार, मुख्य संरक्षक बसंत प्रसाद, मंटू कुमार सिंह, रामाधार राम, सुरेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, मिथलेश सिंह, मनोज कुमार सिंह पटेल, पूर्व मुखिया सुकन राम के आलावा 105 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। इस मौकेपर संतन सिंह, राजन कुमार सिंह, चन्दन रजक, दिनकर विश्वकर्मा, पंकज सिंह, अखिलेश यादव, विमलेश कुमार यादव, सन्नी कुमार, कुंदन समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कई होटलों में हो रहा घरेलू गैस का उपयोग : प्रमोद कुमार



**हरिहरगंज, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिहरगंज शहर के कप्रमोद कुमारई होटलों में घरेलू गैस का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। हरिहरगंज जय भवानी एचपी गैस के संचालक सिंह ने बताया कि शहर के कई होटलों में घरेलू गैस का उपयोग किया जा रहा है, जबकि होटल में कमर्शियल गैस का उपयोग करना है। उन्होंने कहा की होटल में घरेलू गैस का उपयोग होने के कारण सरकार को भी नुकसान हो रहा है।विगत पंद्रह दिन पहले एमओ ब्रजेश कुमार ने शहर के एक दर्जन होटलों में जांच कर होटल संचालकों को घरेलू गैस उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया था। उसके बाद भी होटल संचालक मनमानी कर रहे हैं और होटल में घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे है सिंह ने स्थानीय प्रशासन से होटल में घरेलू गैस उपयोग करने वाले होटल संचालकों पर कार्रवाई की मांग किया है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुखिया से सीएम ने किया संवाद, पदाधिकारी रहे मौजूद




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज :** खड़गपुर पंचायत सचिवालय स्थित्त मैदान में शुक्रवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाइव प्रसारण के दौरान खड़गपुर पंचायत की मुखिया काजल कुमारी से संवाद किया। इस दौरान छत्तरपुर अनुमंडल से लेकर हरिहरगंज प्रखण्ड व अंचल के सभी पदाधिकारी और अधिकारी मौजूद रहे।वहीं कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने ग्रमीणों के बीच सरकार द्वारा प्रदत्त परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आईएएस अधिकारी सह बीडीओ रवि कुमार, छत्तरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार, एलआरडीसी विजय केरकेट्टा अंचल अधिकारी यामुन रविदास, कार्यपालक पदाधिकारी सह सीडीपीओ कामेश्वर बेदिया, समजेसवी सतेन्द्र मेहता, अवधेश राम, जितेंद्र मेहता सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# जपला मुख्य डाकघर में उप डाकपाल को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू :** पलामू प्रमंडल के जपला मुख्य डाकघर में एक समारोह आयोजित कर उप डाकपाल विक्रम कुमार को विदाई दी गई। मालूम हो कि विगत फरवरी माह में डाक विभाग द्वारा डाक निरीक्षक पद के लिये आयोजित परीक्षा में विक्रम कुमार उतीर्ण हुए थे उनका डाक निरीक्षक के पद पर बरही में योगदान करने का पत्र प्राप्त होते ही उन्हें उप डाकपाल के पद से विरमित कर दिया गया। उन्होंने अपना प्रभार रंजीत कुमार को दिया। इस उपलक्ष्य में डाक कर्मियों एवं अभिकर्ताओं ने एक समारोह आयोजित कर उन्हें बुके, अंगवस्त्र व शाल देकर विदाई दी गई। इस के पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार सामंता व अरविन्द कुमार ओझा ने कहा कि विक्रम जी का कार्यकाल सराहनीय रहा है। देवेन्द्र गुप्ता ने कहा कि विक्रम जी अपने कार्यकाल में अपनी मेहनत व लग्न से हमेशा उच्च पद प्राप्त करें। मौके पर रंजीत कुमार, पप्पू कुमार संतोष टुड्डू शशि कुमार, भोला कुमार, रवि कुमार, श्रवण कुमार, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, अमित कुमार, प्रभाकर जी, रामकृष्ण मिश्रा, रंजीत सिंह, सौरभ कुमार संतोष ठाकुर, सुधीर ठाकुर, राजकुमार सहित सभी अभकर्ता व डाककर्मी उपस्थित थे।

## बिलासपुर के नवयुवक की अहमदाबाद में मौत



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के विलासपुर ग्राम निवासी मनोज पासवान के 17 वर्षीय पुत्र जीतू कुमार की मौत विगत 29 नवम्बर को अहमदाबाद में ट्रक की चपेट में आने से इलाज के दौरान हो गई।एक दिसम्बर को अहले सुबह जीतू का शव उसके पैतृक निवास विलासपुर पहुंचा। शव पहुंचते ही रो रो कर परिजनों का हाल बुरा हो गया था। वहीं शव देखने के लिये ग्रामीणों की भीड़ लग गई। जानकारी के अनुसार जीतू विगत अगस्त माह में अहमदाबाद में योगेश्वर कंक्रीट आर एम सी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में मजदूरी करने गया था।विगत 29 नवम्बर को कम्पनी में कार्य करने के क्रम में वह गाड़ी की चपेट में आ गया। आनन फानन में वहाँ कार्य कर रहे लोगो ने उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीतू अपने घर का अकेला सहारा था। उसके पिता मनोज पासवान दिव्यांग हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व प्रमुख रविन्द्र कुमार पासवान, जिला परिषद सदस्य के पति प्रमोद कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, झामुमो नेता अमरनाथ पांडेय, संजय पांडेय मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया तथा सरकारी प्रावधान के अनुसार हर सम्भव सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया।

## दीप जलाकर आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित राजकीय कृत उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, बीडीओ विकास कुमार सिंह, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया सनिधा सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिये प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा.अधिकारी स्वयं पंचायत में जाकर ग्रामीणों की समस्या सुनकर उनके समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास,आयुष्मान कार्ड,सावित्री बाई फुले,पेंशन सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है.बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के दौरान रोड सेफ्टी काउंसलिंग आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा थाना के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े गये लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को कैसे बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जागरुकता अभियान के तहत बताया गया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है। इससे पता चलता है कि बाइक की गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान ऐसी गलती न करने की सलाह दी गयी जिससे भाविष्य उज्जवल हो सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थे।

# गरीबों के बीच मुखिया ने वितरित किया कंबल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रंका :** रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुखिया एवं उप मुखिया के द्वारा गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण। इस संबंध में उप मुखिया ने बतलाया कि रंका प्रखंड के चुतरू पंचायत में ठंड को देखते हुए गरीब बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम चुतरूत पंचायत के मुखिया खालिद अंसारी एवं उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी के द्वारा गरीब एवं असाहाय व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया इस संबंध में उप मुखिया जियाउद्दीन अंसारी ने बतलाया कि ठंड को देखते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं मुखिया खालिद अंसारी के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। ताकि ठंड से लोग बच सके।

## कार्यपालक अभियंता ने जेई के खिलाफ थाने में दर्ज कराया प्राथमिकी

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने शुक्रवार को हरिहरगंज थाना में बिजली विभाग के कनिय अभियंता धनंजय प्रसाद एवं बिजली उपभोक्ता शंभू कुमार राम के खिलाफ हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिये आवेदन में कनिय अभियंता पर गलत तरीके से बिजली कनेक्शन जुड़वाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम ने बताया कि 22 नवंबर 2023 को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी शंभू कुमार राम अवैध बिजली जलाते पाए गए थे उनके खिलाफ अवैध बिजली जलाने के मामले में हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी भी दर्ज किया गया था। 28 नवंबर 2023 को बिजली विभाग के कनिय अभियंता धनंजय प्रसाद ने गलत तरीके से शंभू कुमार का बिजली कनेक्शन जुड़वा दिया था शंभू राम बिजली विभाग के द्वारा लगाए गए दंड 72576 रुपए भी नहीं भरे थे जांच में कनिय अभियंता की संलिप्तता पाई गई है उसके बाद कार्रवाई की गई है। मामले में बिजली विभाग के कनिय अभियंता धनंजय प्रसाद ने बताया कि मेरे उपर जो आरोप लगाया गया है बेबुनियाद है, छतरपुर कार्यपालक अभियंता झूठा केस में फसाने का काम कर रहे हैं पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, जानबूझकर मुझे मुझे फसाया जा रहा है। मानसिक रूप से भी मुझे परेशान करने का काम किया जा रहा है। पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि मामले में जेई के खिलाफ प्राथमिकी की दर्ज की गई है।

# कर्नल कप फुटबॉल: रोमांचक मुकाबले में जपला ने सुपहा को हराया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को जपला का सामना सुपहा से हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए समां बांध दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीम दो-दो गोल से बराबरी पर रही। उसके बाद पेनल्टी शूटआउट किया गया। जिसमें जपला की टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। दर्शकों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि किया यह मैच टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन मैचों में से एक था। आज के मैच के मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदर नगर प्रखंड अध्यक्ष भोला पासवान ने मैच से पूर्व सभी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मुबारकबाद दिया और उन्हें बेहतर खेलने के लिए उत्साहवर्धन किया। मैदान में उपस्थित कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक कर्नल (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फुटबॉल की तरह ज़िन्दगी में, तुम तब तक अधिक आगे नहीं बढ़ सकते जब तक तुम्हे ये नहीं पता होता कि गोलपोस्ट कहाँ हैं। लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी है। उन्होंने सभी बच्चे को अनुशासित ढंग से खेलने का सलाह दिया। आज के मैच में मुख्य रूप से पंसस बद्रीनारायण सिंह पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह, नेहाल मिर्ज़ा राजेश सिंह सिंह बनारसी मेहता विनय सिंह बाबु रजनीश बी पी सिंह एस एम अकरम इसरार अहमद प्रह्लाद ठाकुर भीम तथा अनुभव के अलावा हज़ारों फूटबॉल प्रेमी उपस्थित थे। शनिवार का मैच कुकही बनाम पतरिया के बीच खेला जाएगा।

# आरकेवीएस संस्थान में यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय आरकेवीएस संस्थान में बीएड और डीएलएड छात्र छात्राओं के बीच जिला नियोजन और कौशल विकास विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन द्वारा यूथ मोबिलाइजेशन कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प का संचालन जिला नियोजन विभाग से यंग प्रोफेशनल हिमांशु कुमार, पिरामल फाउंडेशन से दुर्गेश तिवारी एवं कामेश कुमार ने किया। कैम्प की शुरुआत संस्थान के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, हिमांशु कुमार, दुर्गेश तिवारी एवं कामेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए हिमांशु कुमार ने कहा कि जिला नियोजन एवं कौशल विकास विभाग युवक युवतियों को विभिन्न प्रकार की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान करता है, लेकिन जानकारी के अभाव में युवक युवतियां उसका लाभ नही उठा पाते। उन्होंने कहा कि विभाग में रोजगार नियोजन के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। विभाग में एक लाइब्रेरी भी है जिसका लाभ युवक युवतियां उठा सकते है। इसी प्रकार विभाग द्वारा समय समय पर भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाता है तथा निशुल्क कैरियर गाइडेंस एवं काउंसिलिंग प्रदान की जाती है। उन्होंने जिले में चल रहे स्किल ट्रेनिंग सेन्टर तथा कंप्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर के बारे विस्तार से बताया। युवाओ को जानकारी देते हुए हिमांशु कुमार ने एनसीएस पोर्टल, झारखंड रोजगार पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी को रजिस्ट्रेशन करने के लिए प्रेरित किया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए पिरामल फाउंडेशन के दुर्गेश तिवारी ने फाउंडेशन के बारे में विस्तार से पीपीटी के माध्यम से बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के 12 शिक्षकों समेत 74 युवक युवतिया उपस्थित थे।

## स्व. प्रशांत सिंह के पुण्यतिथि पर हजारों वृद्धों के बीच कम्बल वितरित किया गया



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थित भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही जी के आवास मे स्व प्रशांत सिंह उनके उनके चार साथियों के चौथी श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भवनाथपुर के मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव एवं संचालन लक्ष्मण राम ने किया।विधायक भानुप्रताप शाही के भांजे एवं उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख भाजपा नेता स्व प्रशांत सिंह सीमावर्ती सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी ,बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह भवनाथपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह का टाउनशिप आवासीय परिसर में चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सभी पांचों दिवंगत आत्माओं के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि स्व. प्रशांत सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे।उनकी कमी हम सबो को हमेशा महसूस होता रहेगा। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन वे एक एक कार्यकर्ता के दिलो में बसते हैं, परंतु दुःख कितना भी बड़ा क्यों ना हो धैर्य और संतुलन रखिये समय आपको हारने नहीं देगा। पुण्यतिथि पर विधायक ने क्षेत्र के हाजारों गरीब असहायों के बीच की कम्बल का वितरण किया। मौके पर विजया लक्ष्मी, कृष्णा विश्वकर्मा, जीतेन्द्र दीक्षित, कुमार कनिष्क, आनंद कुमार, संजय कस्यकार, विकाश स्वदेशी, दिलीप यादव, प्रताप जायसवाल कन्हाई गुप्ता, संध्याकर विश्वकर्मा, संतोष सिंह, विपिन चौबे, भानु गुप्ता, सुनील सिंह उनके हजारों लोग उपस्थित थें।

**संक्षिप्त खबरें**

## मुख्यमंत्री ने बीएसएफ के स्थापना दिवस पर दी बधाई

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 59वें स्थापना दिवस पर सभी वीर जवानों और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक्स के जरिए कहा कि अपने पराक्रम, शौर्य और साहस से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल के सभी वीर जवानों को 59वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

## रांची में चलाया गया खुशियों की यात्रा अभियान

रांची : शुक्रवार को राजधानी रांची में एचडीएफसी बैंक और रेडियो ऑरेंज 106.4 एफएम की संयुक्त प्रयास से खुशियों की यात्रा अभियान का आयोजनरांची के महत्वपूर्ण स्थलों पर धूमधाम से चलाई गई। एचएफडीसी बैंक ने अपने उत्कृष्ट सेवाओं का प्रमोशन करने के लिए खुशियों की यात्रा अभियान का आयोजन किया, जिसमें प्रमोशनल वैन ने रांची और पास के गाँवों में अपनी यात्रा की। इसके तहत, दिनभर वैन ने चार-पहिया, दो-पहिया, वाणिज्यिक वाहन, और ट्रैक्टर के लिए प्रदर्शन ड्राइव प्रदान किया, साथ ही लोगों को उत्कृष्ट ऋण सौभाग्य प्रदान करने का भी अवसर दिया। इसके साथ ही, गाँववालों के लिए पूरी शारीरिक जाँच का भी आयोजन किया गया, और बैंकिंग जागरूकता और शिक्षा के महत्वपूर्ण सत्रों के लिए महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन भी किया गया। यह सत्र लोगों को धोखाधड़ी के खिलाफ सतर्क बनाने और बैंकिंग विशेषज्ञता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। शाम को सर्किल हेड अभिषेक कुमार के साथ इस उत्कृष्ट अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें सभी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और झारखंड सर्किल के सभी शाखा प्रमुख भी शामिल थे।

# तीस पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ याकूब अंसारी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा रांची को सूचना मिली कि अरगोड़ा थाना अंतर्गत अशोकनगर गेट न0-04 के पास अवैध रूप से ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है।

इस सूचना का सत्यापन के लिए पुलिस अधीक्षक नगर रांची राजकुमार मेहता के निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक, हटिया राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर अशोक नगर गेट न0-04 के पास से पुलिस को देखकर भाग रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया है, जिससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम याकूब अंसारी उर्फ कल्लू जो पता-कलाल टोली मालाकार दुकान के पिछे मेन रोड थाना- लोअर बाजार जिला- राँची वर्तमान पता- कडरु बड़ा मदरसा के पिछे मुसा अंसारी के घर में किरायेदार थाना- अरगोडा जिला- रांची का रहने वाला बताया, जिसकी विधिवत तलाशी लिये जाने पर उसके पहने हुए पैंट के दाहिने पैकेट में छोटे-छोटे कागज का 30 पुड़िया (2.340 ग्राम) ब्राउन सुगर जैसा मादक पदार्थ एवं एक मोबाइल पाया गया । बरामद सामान का वैध कागजात मांगने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया और न ही कोई संतोषजनक जबाव दिया गया, जिसे विधिवत बरामद किया गया एवं अभियुक्त याकूब अंसारी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

**छापामारी दल के सदस्य :**
.पुलिस उपाधीक्षक हटिया राजा, पुनिसह थाना प्रभारी अरगोड़ा बृज कुमार , पुअनि अनिमेष शांतिकारी, अरगोड़ा थाना, पुअनि संजय कुमार यादव, अरगोड़ा आदि शामिल थे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार के तहत लगा शिविर

**इस शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था कराई गई थी दवा भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई थी।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत् एक दिसंबर को रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 11 के वाईएमसीए में शिविर का अयोजन किया गया था। जिसमे निगम द्वारा प्रदत्त सेवाओं के लिए आवेदन लिया गया तथा शिकायतों का ऑन स्पॉट निबटारा किया गया। इस शिविर में नगर निगम की सहायक लोक चिकित्सा पदाधिकारी डा किरण ,और सिटी मैनेजर रुपेश सहित निगम कई कर्मचारी उपस्थित थे। इस शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था कराई गई थी दवा भी निशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। सौ से अधिक महिलाएं एवं पुरुष व बुजुर्ग ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। वहीं जरूरत मंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। आवास योजना सहित सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं से भी लाभूकों को जोड़ा गया और आवेदन भी लिया गया।इसके साथ ही वार्ड 12 में भी शिविर लगाया गया था। निगम स्तर से दोनो शिविर में कुल मिलाकर 52 आवेदनों का निबटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 320 कंबल का वितरण भी किया गया।बता दे 02.12.2023 को वार्ड नंबर 13 (सामलोंग, वार्ड कार्यालय) तथा वार्ड नंबर 14(बहु बाज़ार वार्ड कार्यालय) में शिविर का अयोजन किया जाएगा। रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें।

## आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी खटने को मजबूरः सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा है। सरकार राज्य में रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल है। यही वजह है कि झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी खटने को मजबूर हैं। इनमें युवाओं की बड़ी तादाद है। ये युवा शौक से पलायन नहीं करते हैं। महतो शुक्रवार को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक के प्रशासनिक प्रतिनिधि सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महतो ने कहा कि सरकार जमीनी हकीकत पर योजनाबद्ध काम करने के बजाय भावनात्मक भाषणबाजी कर अपनी नाकामियां छुपाने में जुटी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा किए गए आवेदन और उसके निस्तारण का मूल्यांकन कर बताए। साथ में ये भी बताए कि वर्तमान में योजना के चयन में ग्राम सभा कहां है। उन्होंने कहा कि राज्य का नेतृत्व सरकारी तंत्र के बीच समन्वय स्थापित करने में विफल है, जिसका खामियाजा प्रदेश की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को राज्य का नहीं सिर्फ अपना विकास दिख रहा है। आदिवासियों के नाम पर सबसे ज्यादा वे आदिवासियों को ही धोखा दे रहे हैं।

# घर के आंगन से शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के बूटी में एक शव बरामद की गई है। पुलिस ने जांच में पाया गया कि शव संजय पाहन का है, जो उसके घर के आंगन से बरामद किया गया है। उनके सिर पर गहरे चोट के निशान पाये गये हैं। संजय पाहन का आदिवासी समाज में काफी सम्मान था, उन्हें बूटी का जमींदार भी कहा बताया जा रहा है।



मामले की जानकारी परिजनों द्वारा सदर पुलिस को दी गयी है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर डीएसपी, सदर थानेदार समेत एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। मामला हत्या का है या हादसा पुलिस इसकी जांच कर रही है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि संजय पाहन की मौत संदिग्ध लग रही है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। जानकारी के मुताबिक संजय पाहन के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड गठित कर कराया जायेगा।

## सुरक्षा बलों को अपनी घटिया राजनीतिक एजेंडे में ना घसीटे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर जबरदस्त पलटवार करते हुए देश की सीमा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों को अपनी घटिया राजनीतिक एजेंडा नहीं बनाने की सलाह दी।प्रतुल ने कहा कि पूरे देश को इस बात का गर्व है कि विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल बीएसएफ अपना 59 वां स्थापना दिवस मना रहा है। लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा इस पर भी अपनी विकृत मानसिकता से उबार नहीं सकी। प्रतुल ने कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था और कार्यक्रम में भाजपा के सांसद ,विधायक आमंत्रित थे जिन्होंने शिरकत की। प्रतुल ने कहा कि राजनीति की एक मर्यादा होती है जिसमें सेना और सुरक्षा बलों को राजनीति में नहीं घसीटा जाता। लेकिन कभी कांग्रेस सेना के सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न उठाती है तो कभी झामुमो सुरक्षा बलों के कार्यक्रमों पर अपनी ओछी टिप्पणी करने से बाज नहीं आती। झारखंड में अपनी आसन्न हार से बौखलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा सारी राजनीतिक मर्यादाओं को भूल गई है। प्रतुल ने कहा कि जिस एचईसी के लिए आज झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रही है। उसकी वास्तविक दुर्दशा तो 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में हुई थी। इन सरकारों में झामुमो की भी सत्ता में हिस्सेदारी थी। तब तो रांची से भी एक केंद्रीय मंत्री होते थे।लेकिन एचईसी के वर्क आर्डर को छीनकर कमीशन के लिए निजी कंपनियों को दे दिया गया। केंद्र की वर्तमान सरकार एचईसी के लिए गंभीर और संवेदनशील है ।

## 424 वाहनों के ठहराव की व्यवस्था होगी सुकुरहुटू ट्रांसपोर्ट नगर में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके अंचल अंतर्गत सुकुरहुटू में ट्रांसपोर्ट नगर बनाया जा रहा है। इसमें 424 वाहनों का ठहराव होगा। ऐसा होने से शहर के बीचों बीच खादगढ़ा बस स्टैंड से बसों का बोझ कम होगा। बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर फेज टू के लिए झारखंड अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) टेंडर जारी कर दिया गया है। फेज टू में 52.54 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण होना है। ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण में कुल 113.24 करोड़ खर्च किये जायेंगे।

पहले फेज में 57.82 करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। इस ट्रांसपोर्ट नगर में 424 वाहनों के ठहराव की व्यवस्था होगी। 93 बड़े, 190 मध्यम और 141 छोटे वाहनों की पार्किंग शामिल है। इसके अलावा 150 लोगों की क्षमता वाला फूड कोर्ट और 17 खुदरा दुकानों का निर्माण भी किया जायेगा। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस चौकी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दवा दुकान और शौचालय का निर्माण भी किया जायेगा। ट्रांसपोर्ट नगर में वाटर इसके साथ ही ट्रीटमेंट प्लांट व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ दो वेयर हाउस का निर्माण भी किया जायेगा।

ट्रांसपोर्ट नगर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त एक एकीकृत भवन भी बनेगा। इसमें विभिन्न संस्थानों के लिए 16 कार्यालय और चालक, उप चालक व अन्य के विश्राम के लिए 180 बेड की डोरमेट्री का निर्माण किया जायेगा।ट्रांसपोर्ट नगर के आर्किटेक्चर प्लानिंग एंड डिजाइनिंग, फायर फाइटिंग डिजाइन एंड ड्रॉइंग, टोपोग्राफिकल सर्वे, जियोलॉजिकल एंड हाइड्रोलॉजिकल सर्वे किया जाना है. इसके अलावा ट्रक पार्किंग क्षेत्र, पावर, वाटर सप्लाई, सेनीटेशन, सीवर नेटवर्क, इलेक्ट्रिफिकेशन वर्क, सीसीटीवी सर्विलांस, स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज, रेन वाटर हारवेस्टिंग, लैंड स्केपिंग, सोलर लाइटिनिंग इत्यादि का काम होगा।

# रेल राज्य मंत्री ने सीसीएल का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राज्य मंत्री रेल, कोयला और खान राव पाटिल दानवे ने हजारीबाग का दौरा किया। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद सहित सीसीएल के निदेशकगणों ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। अपने एक दिवसीय दौरा के दौरान मंत्री ने हजारीबाग में विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम को प्रदर्शित करते हुए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने हजारीबाग लेक का भी दर्शन किया। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगण सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व उन्होंने सीआईएल के अध्यक्ष पी. एम. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगणों तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं हितधारकों से मिलकर कोयला उत्पादन एवं प्रेषण से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सीसीएल प्रबंधन द्वारा कंपनी के कार्यनिष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने सीसीएल के कार्य निष्पादन का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकता की निर्बाध पूर्ति हो सके। ज्ञात हो कि सीसीएल भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देश में देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है। सीसीएल के इस प्रयास में भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस बीच माननीय मंत्री का यह दौरा निश्चित तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण था।

## संत जेवियर्स कॉलेज में श्रीअन्न महोत्सव का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** संत जेवियर्स महाविद्यालय में बायो टेक्नोलॉजी विभाग और आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वधान में पुरानी परम्परा का पुनरुद्धार करते हुए श्री अन्न महोत्सव मनाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने और श्रीअन्न की खपत बढ़ाने के उद्देश्य से इनसे बने व्यंजन की प्रस्तुति, श्रीअन्न पोस्टर व श्रीअन्न के रंगोली बनाने जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा, उप प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर एवं फादर. अजय तिर्की ने किया। प्राचार्य डॉ. फादर नबोर लकड़ा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि उत्तम आहार लेने से शरीर व दिमाग दोनों को स्वस्थ, उर्जावान और सकारात्मक बनाये रखने में मदद करता है। उप प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप कुजूर ने बायो टेक्नोलॉजी विभाग की सराहना करते हुए बोला कि इस तरह के आयोजनों से हमारी नयी पीढ़ी में जागरूकता पैदा होती है. विभागाध्यक्ष डॉ. संयुक्ता कुमार ने इस आयोजन का मुख्य केंद्र बिंदु स्वास्थ्य लाभ की जानकारी देना और पुरानी पद्धति को बचाए रखना ही उद्देश्य था. इस उत्सव में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थी तन्नु, दीपशिखा, दिव्या, प्रिया और शेफाली ने सर्वश्रेष्ठ श्री अन्न फूड स्टॉल को पुरस्कृत किया गया , शिवानी वर्मा और खुशबू महतो को सर्वश्रेष्ठ श्रीअन्न रंगोली और सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुतकर्ता के रूप में निशा कुमारी को पुरस्कृत किया गया। श्रीअन्न महोत्सव परीक्षा नियंत्रक बी.के. सिन्हा, डॉ. फादर अजय मिंज, डॉ. शिव कुमार, फादर. प्रभात केनेडी, डॉ. जे.पी. पांडे, डॉ. शिव शंकर प्रसाद, डॉ. सोमेश, डॉ. मेल्विन, डॉ. अमित रंजन, डॉ. सुमना घोष, डॉ. संजय सिन्हा, डॉ, आशुतोष पांडे और 1000 से अधिक छात्रों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विभाग के प्राध्यापक डॉ. अल्फ्रेड बेसरा ने कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन देकर किया।

## राज्यपाल ने बीएसएफ के स्थापना दिवस पर दी बधाई



**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई दी है। राज्यपाल ने शुक्रवार को एक्स के जरिए कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में समर्पित सीमा सुरक्षा बल के स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। दूसरी ओर, राज्यपाल ने अनुपम संस्कृति और प्राकृतिक सौन्दर्य से समृद्ध नागालैंड के स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पीसीपीएनडीटी एक्ट को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नामकुम में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक डॉ. रेणुका सिन्हा सेवानिवृत प्राध्यापक-स्त्री एवं प्रसूति विभाग, रिम्स की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में डॉ. आर एन शर्मा, राज्य नोडल पदाधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. हिरेन्द्र बिरूआ शिशु शल्य विभाग, रिम्स, डॉ. अनुपा प्रसाद-बायोकेमिस्ट्री विभाग, रिम्स, मनीष कुमार मिश्रा झालसा, चन्द्र रश्मि पिंगुवा-केन्द्रीय उपाध्यक्ष, आदिवासी जन परिषद् रांची, सैयद मंसूर आलम-जनरल सेक्रेटरी, नेशनल कमिटी, पूर्वी सिंहभूम, रफत फरजाना राज्य समन्वयक पीसीपीएनडीटी श्वेता वर्मा - पीसीपीएनडीटी कोषांग एवं अन्य लोग शामिल हुए।

**बैठक में सर्वसम्मति से निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया:**

1. ROGS/IMA एवं पीजी स्टुडेंट के Induction कार्यक्रम में पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 पर उन्मुखीकरण एवं सम्वेदीकरण को शामिल किये जाने की सलाह दी गई।

2. राज्य अन्तर्गत सभी रेडियोलॉजिस्ट व अल्ट्रासोनोग्रॉफी करने वाले चिकत्सकों को झारखण्ड मेडिकल कांउसिल (जेसीएम) अथवा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) से पंजीकृत होने की अनिवार्यता पर चर्चा की गई।

3. राज्य अन्तर्गत अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक्स एवं सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा अधिनियम के क्रियान्वयन से संबंधित मानक पर चर्चा की गई एवं प्रस्ताव दिया गया। सक्षम स्तर से अनुमोदन उपरान्त इसे अधिकारिक तौर पर झारखण्ड के सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक्स में लागू किया जाएगा।

# सुभाष मुंडा हत्याकांड मामले में हुई चार्जशीट दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माकपा नेता सह जमीन कारोबारी नगड़ी निवासी सुभाष मुंडा हत्याकांड के मुख्य सूत्रधार छोटू खलखो सहित चार आरोपियों छोटू खलखो , अभिजीत कुमार पाड़ी, रातू थाना क्षेत्र के गुड्डू , विनोद कुमार उर्फ कन्हैया एवं कन्हैया सिंह उर्फ लखिंद्र सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। इसके खिलाफ जांच पूरी करते हुए जांच अधिकारी ने चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। चार्जशीट न्यायिक दंडाधिकारी समर अफशान की अदालत में दाखिल की गई है। जिस पर अदालत जल्द ही संज्ञान लेगी। सुभाष मुंडा की हत्या का मुख्य वजह नगड़ी की 119 डिसमिल जमीन विवाद बताया गया है। इस जमीन को लेकर लंबे समय से वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को खत्म करने को लेकर इस वारदात की पूरी साजिश छोटू खलखो ने ही रची। जिसके बाद सुभाष मुंडा को मारने के लिए अपराधियों को सुपारी दी गई थी। रास्ते से हटाने के लिए छोटू खलखो ने शूटरों को काम पर रखा था। जिसको लेकर मोटी रकम में



सौदा तय हुआ था। इसके बाद घटना का अंजाम दिया गया। कथित अपराध में चारों की सक्रिय भागीदारी है। हत्याकांड को लेकर नगड़ी थाना क्षेत्र के लालगुटवा निवासी छोटू खलखो व अभिजीत कुमार पाड़ी, रातू थाना क्षेत्र के गुड्डू निवासी विनोद कुमार उर्फ कन्हैया एवं कन्हैया सिंह उर्फ लखिंद्र सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। चार्जशीट हत्या, आपराधिक साजिश रचने समेत भादवि की चार धाराओं एवं आर्म्स एक्ट की पांच धाराओं के तहत की गई है। जबकि पुंदाग निवासी बबलू पासवान समेत अन्य के खिलाफ जांच जारी है। सुभाष मुंडा की हत्या नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली चौक स्थित पार्टी कार्यालय में 26 जुलाई की शाम 7 से 8 बजे बीच नकाबपोश घुसकर अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी। सुभाष मुंडा को कुल सात गोली लगी थी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गया था। घटना के समय सुभाष मुंडा अपने सहयोगियों अमित मुंडा, बसंत कुमार मुंडा, इब्राहिम अंसारी, एतवा किस्पोट्टा और सनाउल्लह अंसारी के साथ एक दूसरे से बात कर रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने नगड़ी थानेदार समेत दो पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया था। घटना को लेकर मृतक के भाई उमेश मुंडा ने नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## ई -लॉटरी से किया गया लाइट हाउस का आवंटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तृतीय घटक लाइट हाउस प्रोजेक्ट अंतर्गत 19.07.2022, 10.12.2022, 25.08.2023 तथा 14.09.2023 को आनि मौजा, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा में नवनिर्मित 1008 आवासों का आवंटन ई -लॉटरी के माध्यम से चार चरणों में किया गया था। 01.12.2023 को प्रतीक्षा सूची में दर्ज 16 आवेदकों का शेष बचे आवासों के विरुद्ध आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया, जिसमे कुल उपस्थित 14 लाभुकों का आवंटन किया गया। आवंटन प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही लाभुकों को आवंटन पत्र भी सौंपा गया। लॉटरी की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की गई जिसकी वीडियो फुटेज लाभुकों को लाइव दिखाई जा रही थी। ई-लॉटरी प्रक्रिया में सर्वप्रथम उपस्थित लाभुको के नाम को दोहराया गया। सूची को जोड़ कर फाइनल आवंटन सूचि तैयार की गई। नागरिकों की सहभागिता तथा लॉटरी प्रक्रिया में पारदर्शिता के मद्देनजर लाभुकों के बीच से 03 लाभुक प्रतिनिधित्व का चयन किया गया, जो की पूरी प्रक्रिया का अनुश्रवण कर रहे थे। मौके पर सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, चंद्रदीप कुमार एवं पीएम एवाई शाखा के कर्मी उपस्थित थे।



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शनिवार, 02 दिसंबर 2023 | पेज 4

## तेज रफ्तार बाइक से पुलिया के नीचे गिरने से दो युवकों की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली बुंडू मार्ग पर पतरातू के समीप सोतिया पुलीया के निचे तेज रफ्तार बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने पर दो युवको की घटना स्थल पर ही मौत हो गई! जानकारी के अनुसार पांचु निवासी वृकोदर महतो का पुत्र अर्जुन महतो उम्र 17 वर्ष एवं घाघरा निवासी राजेश महतो का पुत्र भूदेव महतो उम्र 17 वर्ष दोनों दोस्त गुरुवार को किसी काम के लिए अपने बाइक JH01EV0688 से सिल्ली गए हुए थे। शाम को 6:30 बजे के लगभग घर वापस लौटने के क्रम में पतरातु के समीप बाइक तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे जा गिरा जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों द्वारा इस घटना की जानकारी सिल्ली थाना को दिया गया। सिल्ली थाना घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली ले जाया गया।जहाँ चिकित्सक द्वारा जांच के दौरान दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शव को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया !दोनों युवक बिना हेलमेट के थे।

## पत्रकार को मिली आर्थिक मदद

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्रकार भूषण कांशी को ईलाज हेतु सीएम हेमंत सोरेन द्वारा एक लाख रूपये की सहायता राशि दी गयी. रविवार को कांके रोड स्थित सीएम हाउस में पत्रकार भूषण कांशी को एक लाख रूपये का चेक झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के द्वारा सौंपा गया. मिली जानकारी के अनुसार भूषण कांशी को गले में टयूमर हो गया था. डॉ ने ऑपरेशन की सलाह दी थी. इस पर लगभग एक लाख रूपये का खर्च अस्पताल द्वारा बताया गया था. आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण भूषण ईलाज कराने में असमर्थ महसूस कर रहा था. भूषण ने अपनी समस्या झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद को बताई. इसके बाद जुबैर अहमद ने एक आवेदन तैयार कर मुख्यमंत्री से मिले. मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एक लाख रूपये की राशि पत्रकार की मदद के लिए स्वीकृत कर दी. जताया आभार ईलाज हेतु मदद मिलने के बाद पत्रकार भूषण कांशी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का इलाका दूसरे दिन भी रहा बादलों की चपेट में

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास का ग्रामीण इलाका शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी बादलों की चपेट में रहा।इस दौरान कई जगहों पर बूंदा बांदी होने की सूचना है,जिसके कारण ठंडी हवाओं के साथ ठंड का प्रकोप भी बढ़ने लगा है।जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर से ही पूरे इलाके में बादल छाया है।इस दौरान गुरुवार की शाम से लेकर देर रात तक कोयलांचल क्षेत्र में रिमझिम बारिश भी हुई। रिमझिम बारिश के कारण एक और जहां पूरा इलाका सुहाना हो गया है। वहीं दूसरी ओर ठंडी हवाओं के कारण ठंड का प्रकोप भी बढ़ गया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि बादल हटने के साथ ही ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा।

## मजदुर नेता इस्लाम अंसारी ने की विधायक से मुलाकात, समस्या से कराया अवगत

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मजदूर नेता इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सिमरिया विधायक किशुन दास से उनके आवास पर मुलाकात किया।इस दौरान विधायक को क्षेत्र की कई समस्याओं से अवगत कराया गया।मजदूर नेता इस्लाम अंसारी ने विधायक को बताया कि मंगरदाहा के विस्थापित ग्रामीणो ने अपनी जमीन देकर सीसीएल प्रबधंन को खदान चालु करने दिया।यहां के ग्रामीणो ने मंदिर मस्जिद आदि सभी धर्मस्थल सीसीएल पिपरवार क्षेत्र को दे दिया गया,इसके बावजूद यहां के कई ग्रामीणों को अभी तक नौकरी और मुआवजा नही दिया गया है।खदान खुलने के बाद यहां के ग्रामीणो को न्युमंगरदाहा, कल्याणपूर और चिरैयांटांड़ पुर्नवास केन्द्र मे बसाया गया, लेकिन आज भी यहां के विस्थापित ग्रामीण मूलभूत सुविधा से वंचित है।गांव मे सड़क,पीने का पानी,बिजली, चिकित्सा,शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधा नही होने से लोगो को परेशानी हो रही है।यहां के ग्रामीण कई तरह की बीमारी से ग्रसित है,लेकिन चिकित्सा व्यवस्था की कोई सुविधा नहीं है।प्रबंधन सिर्फ कोयला निकाल कर मुनाफा कमा रही है।उन्होंने विधायक से अप समस्याओं के समाधान की मांग की।वही विधायक ने जल्द ही गांव का दौरा कर समस्याओं के समाधान करने का भरोसा दिया।इस मौके पर इस्लाम अंसारी,लियाकत अंसारी, आशिक अली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मजदूर नेता पर केस दर्ज कराने का श्रमिक प्रतिनिधि ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल के एनके एरिया में महिला अधिकारी के द्वारा मजदूर नेता ललन सिंह पर केस दर्ज कराने का मामला अब तुल पकाड़ता जा रहा है।राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने इसकी पुरजोर निंदा की है।राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी और क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता ने कहा कि कोयला खदान में उत्पादन प्राप्त कर प्रबंधन को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में मेहनतकश मजदूर और श्रमिक प्रतिनिधियों का अहम योगदान रहता है।ऐसे में अधिकारियों की अभद्र व्यवहार और इस तरह की हरकत कोयला उद्योग के लिए शुभ संकेत नहीं है।ऐसे मामलों पर प्रबंधन को गंभीर होकर आपसी बैठक कर मामले को सुलझाना चाहिए। एनके एरिया मे महिला अधिकारी के द्वारा मजदूर नेता ललन सिंह पर किये गये केस काफी निन्दनीय है।आरकेएमयू के पिपरवार क्षेत्रिय अध्यक्ष केके चर्तुवेदी और क्षेत्रिय सचिव भीम प्रसाद मेहता ने कड़ी निंदा करते हुए एनके प्रबधंन से जल्द मामले को गंभीरता से लेते हुए विवाद को समाप्त करने की मांग की है।





## फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की ओर से छात्रों ने निकाली एड्स जागरूकता अभियान

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन इरबा के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली संस्था से एनएच 33 पथ होते हुए गांव मोहल्ला चकला तक गई। इस दौरान हाथ में बैनर पोस्टर लिए छात्र-छात्राएं नारा लगाते हुए लोगों को एड्स के प्रति जागरूक कर रहे थे। चकला पहुंचने के बाद छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स की बीमारी व इससे बचाव की जानकारी दी । मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित संस्थान के सचिव ज़ीनत कौशर ने कहा कि एड्स को लेकर लोगों में तरह-तरह कि भर्म है जागरूकता की कमी के कारण एड्स के मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जा सकता है। मौके पर मुख्य रूप से कॉलेज प्रचार्या शिक्षकगण एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




## आजसू पार्टी ग्राम प्रभारी का विस्तार

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजाडेरा में पंचायत प्रभारी धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आजसू पार्टी का बैठक किया गया । जिसके मुख्य अतिथि आजसू पार्टी पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने पार्टी की नीति और सिद्धान्तों को बताते हुए कहा आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है और झारखंड की शिक्षा,न्याय और विकास के लिए इस बार सरकार में आजसू पार्टी का होना जरूरी है और इसके लिए पार्टी ग्राम स्तर पर ग्राम प्रभारी बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेगी इस मौके पर पंचायत कमेटि के साथ पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई । जिसमें राजाडेरा पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह सचिव उमेश महतो कोषाध्यक्ष रमेश महतो महिला पंचायत अध्यक्ष सरिता उराँव सचिव संगीता देवी कोषाध्यक्ष लालमनी देवी ग्राम प्रभारी कमला कोचा से आरती देवी,फुलेंद्र महतो, खिजरी टोली से फुलमनी कुमारी,आदि सभी गांव का विस्तार किया गया । मौके पर महाबीर महतो,ऋद्घुलाल लोहरा, मुनेश्वर सिंह,सुरेश सिंह,आदि तमाम लोग मौजूद रहे ।



## बेड़ो प्रखंड के नये बीडीओ संग्राम मुर्मू ने पदभार ग्रहण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने शुक्रवार की संध्या पदभार ग्रहण किया। पदभार प्रभारी बीडीओ सह सीओ प्रताप मिंज ने सौंपा। बीडीओ संग्राम मुर्मू इससे पूर्व गिरीडीह जिला के तिसरी प्रखंड में बीडीओ, सीओ व सीडीपीओ के पद पर कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करते हुए प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि मुझे प्रखंड और प्रखंड वासियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मेरे लिये सौभाग्य है, मेरी हमेशा कोशिश रहेगी कि मैं बेहतर कार्य कर सकूं। प्रखंड स्तर पर सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को सही लाभुकों तक पहुंचाना और जमीनी स्तर पर योजना को उतारना मेरा लक्ष्य होगा। प्रखंड के आम जन प्रखंड की कोई भी विकास योजनाओं व समस्यों को लेकर बेहिचक निसंकोच मेरे कार्यालय में मिले। मैं हर संभव नियमसंगत निराकरण का प्रयास करूंगा। इस दौरान प्रखंड कर्मी, पंचायत प्रतिनिधियों ने नये बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रमुख विनीता कच्छप, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, प्रखंड अध्यक्ष करमा उराँव, मुखिया रमेश उराँव, लक्ष्मी कोया, महाबीर उराँव, पंचायत समिति सदस्य सब्दुल मलिक सहित प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।




*शत प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का किया गया वितरण*

## दुसरे बच्चें भी होंगे प्रेरित : सतीश बड़ाईक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में बच्चों के उपस्थिति बढ़ाने हेतु शुक्रवार को प्रार्थना सभा में नवम्बर माह में शत प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों के बीच विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बड़ाईक व सहायक शिक्षिका निर्मला कुजूर ने शिक्षण सामग्री का वितरण कर व लड्डू खिलाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चे शिक्षण सामग्री और लड्डू खाकर काफी खुश हुए।इस अवसर पर शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे महीने एक दिन भी गैर हाजिर नहीं हुए थे ऐसे बच्चों को प्रोत्साहित से दूसरे बच्चे भी प्रेरित होंगे और नियमित रूप से विद्यालय आएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक निर्मला कुजूर, आशा कुमारी, मो मुस्तफा अंसारी, प्रभा देवी, सुषमा कुमारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

**-: स्थगन संबंधी सूचना :-**

पत्रांक 1928/ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक– 30.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.-RDD/SD/CHATRA/EOI-29/2023-24 जिसका PR No.-311623 में वर्णित Rate Contracts fot the Supply and Installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Care Ward Itkhori, Gp-Itkhori of Block Itkhori, Distt.-Chatra को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR 312453 (Rural Development) 23-24 (D)



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**Procurement of office furniture for JUIDCO Ltd under JUWSIP**

NIT No: - JUIDCO/NIT/Furniture/2023/572 Date: 30th November, 2023
Tender ID: - GEM/2023/B/4133693 PR No.: - 309787

**Corrigendum-1**

| Sr. No. | NIT/SBD Clause No. | As per NIT/ Corrigendum provision | To Read as |
|---|---|---|---|
| 1. | NIT- Clause 6 | Last Date/ Time for submission of online bids: 28.11.2023 at 16:00 Hrs | Last Date/ Time for submission of online bids: 05.12.2023 at 16:30 Hrs |
| 2. | NIT- Clause 7 | Last date of submission of EMD (hard copy): 28.11.2023 at 16:00 Hrs | Last date of submission of Tender fees and EMD (hard copy): 05.12.2023 at 16:00 Hrs |
| 3. | NIT- Clause 8 | Date of bid opening: 28.11.2023 at 16:30 Hrs | Date of bid opening: 05.12.2023 at 16:30 Hrs |

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 312420 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**JHARKHAND STATE FOOD COMMISSION**
Address:-Old building of Jharkhand State Housing Board second floor, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi-834002
Email:-jharfoodcommission@gmail.com, Phone no.-0651-2252261/2252267

**Press Release**
**SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**
Letter No.980 Dated:- 30-11-2023

Sealed quotations are invited from the reputed agencies for the procurement of printed **"Diary"** for the office of JHARKHAND STATE FOOD COMMISSION, address-old building of Jharkhand State Housing Board, second floor, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi-834002. Interested Agency or Dealer should apply through a sealed envelope quoting their rates and submit to the undersigned on 14.12.2023 by 01.00 PM and shall be opened on 14.12.2023 by 03.00 PM.

Details of items along with basic specification are as under: -

| Sl.no | Item description | Basic specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Printed **"Diary"** | 336 pages, single colour date printed pages on 70 GSM Natural shade paper, inside 40 pages multicolour on glossy paper, hard bound rexine cover with pen and pen loop, screen printing on rexine cover. | 500 pieces |

**All the Terms & Conditions can be seen in the Office of Undersigned.**

Sd/-
**(Sanjay Kumar)**
Member Secretary
Jharkhand State Food Commission, Ranchi.

PR **312448** (Jharkhand State Food Commission) 23-24 (D)



**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**सैरात बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 06/2023–24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में मार्च 2024 तक के लिए निम्नलिखित सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 08.12.2023 को अप0 03.00 बजे से नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के कार्यालय के सभागार में की जायेगी :–

| क्र0 | सैरातों का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर हाट/ बाजार सैरात की बंदोबस्ती | 840000.00 | 84000.00 |

बोली/डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर द्वारा निर्गत आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से बैंक ऑफ इण्डिया, नगर उंटारी में देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है। डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट, www. garhwa. nic. in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| प्रतिभूति राशि जमा करने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| प्रतिभूति राशि जमा करने का तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2023 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| डाक बोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर |
| डाक बोलने का तिथि एवं समय | दिनांक 08.12.2023 (अप0 03.00 बजे से) |

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर।

PR **312488** (Urban Development) 23-24 (D)



**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/34/2023-24**

**1. Detail of work**

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C. Road from H/O Mahavir Prasad Mehta to H/O D.S.P Ashok priyadarshi via Raju Mehta & Birendra Mehta in Haribabu colony in Ward No. - 06 (Six) under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag. | 15,64,500/- | 31,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 2. | Repair of B.T. Road around Gandhi Maidan West to East in Ward No. - 12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag | 23,94,500/- | 50,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 3. | Construction of Yatri Shed Steel Work at 10 Places under Municipal Corporation, Hazaribag. | 20,16,100/- | 41,000/- | 5,000/- | 90 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | **04.12.2023 at 11:00 A.M.** | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | **12.12.2023 up to 5:00 P.M.** | | | |
| 4. | Bid Opening date | **14.12.2023 at 11:00 A.M.** | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR.NO.312432 Urban Development and Housing(23-24):D



**Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi**
Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative
Government of Jharkhand

**Expression of Interest**
**Very Urgent Procurement Notice**

Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi invites expression of interest (EOI) from the eligible bidders to enter into the rate of contract for organizing events at Blocks, Districts, Divisions and State level for promotion and extension of different departmental schemes. Blank tender documents with item details can be obtained through our e-mail id **dairydevelopmentjharkhand@gmail.com** and hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi on and before the declared date and time.

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Rate contract for Stage & Dais with Sound system, Canopee/Stalls (10ft X 10ft or in multiple), Back drop, Banners and Cutouts etc., Chairs, Table, Carpet and Pandal with Refreshment for Guests, Officers, Staffs and Participants. |
| 2 | Date of publication in News papers & website | Date: 01/12/2023 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | On dated: 11/12/2023, latest by 01:00 PM. The bidders may visit the departments concerned and submit their queries/suggestions to the Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms or specification. |
| 4 | Date and time for the receipt of Bids | 02/12/2023 To 11/12/2023; up to 01:00 PM |
| 5 | Tender Document Fee (Non-refundable) | ₹ 25,000/- (₹ Twenty five Thousand only; Non-refundable) Demand Draft in favour of Under Secretary, Directorate of Dairy Development, Ranchi payable at Ranchi. |
| 6 | Date and time for opening of the Bid | Date: 11/12/2023,Time: 03:00 PM |
| 7 | Earnest Money Deposit (EMD) | ₹ 1,50,000/- (₹ One Lac fifty thousand only) |
| 8 | Bid submission place | Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi. Pin Code- 834004. |
| 9 | Bid Opening Place | Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi. Pin Code-834004 |
| 10 | Contact Details | e-mail id- dairydevelopmentjharkhand@gmail.com |

**Note:** The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any others unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Sd/-
**Director, Dairy**
**Directorate of Dairy Development, Jharkhand, Ranchi**

PR 312482 Animal Husbandry (23-24)_D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## झारखंड में अपस्टॉक्स के ग्राहकों की संख्या में 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख निवेश प्लेटफॉर्म में से एक अपस्टॉक्स ने अपने ऐप पर नए फीचर पेश किए हैं जिससे भारत में लोगों के लिए निवेश बेहद सरल बन जाएगा। अपस्टॉक्स का लक्ष्य है, निवेशकों के लिए निवेश प्रक्रिया को सहज और अधिक आकर्षक बनाना। अपस्टॉक्स के मुख्य अभियान इन्वेस्ट राइट, इन्वेस्ट नाउ के एक महत्वपूर्ण अंग हैं जिसका लक्ष्य है, निवेशकों को कहां, क्यों और कैसे निवेश करना है, इसके बारे में जानकारी देना। अपस्टॉक्स के निदेशक अमित ललन ने शुक्रवार को साकची स्थित एक होटल में मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि ग्राहकों पर विशेष ध्यान और इक्विटी भागीदारी बढ़ाने के निरंतर प्रयास के साथ, अपस्टॉक्स के पास अब ग्राहकों की संख्या बढ़कर 1.2 करोड़ से अधिक हो गई है। अपस्टॉक्स पर डीमैट खाता संख्या में जिन राज्यों में भारी वृद्धि हुई, झारखंड राज्य उनमें से एक रहा। कंपनी ने झारखंड में अपने ग्राहकों की संख्या में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की। इसमें मार्च 2021 के बाद से अक्टूबर 2023 तक 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। झारखंड सभी ग्राहकों में से लगभग 80 प्रतिशत ग्राहक 18-35 वर्ष की आयु वर्ग के हैं। रांची में अपस्टॉक्स एक विविध ग्राहक आधार के साथ मौजूद है, जहां 78 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ता 18-35 वर्ष की आयु के हैं। इसमें व्यवसायी, सरकारी कर्मचारी और गृहिणियां शामिल हैं। अपस्टॉक्स के लगभग 27 प्रतिशत ग्राहक धनबाद और रांची से हैं।

## जुगसलाई में श्री राणी सती दादी का मंगसीर नवमी महोत्सव 5-6 दिसम्बर को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राणीसती सत्संग समिति, जमशेदपुर द्वारा दो दिवसीय 24वां श्री मंगसीर नवमी महोत्सव आगामी माह 5 एवं 6 दिसम्बर को जुगसलाई में धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी लगभग सभी तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। इस संबंध में शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (रिंगसिया) एवं मनीष केडिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 05 को प्रातः 8 बजे से कलश शोभा यात्रा निकलेगी और दोपहर 02.30 बजे से दादी भागवत का कार्यक्रम होगा। 06 को दोपहर 02.30 बजे से सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन होगा। दादी भागवत कथा का पाठ करने के लिए मुबई से सुदर्शन कुमार और सामूहिक मंगल पाठ का वाचन करने के लिए भगलपुर से रिया शर्मा को आमंत्रित किया गया हैं। यह धार्मिक कार्यक्रम रंगलाल मैरिज हाउस, डी कोस्टा रोड जुगसलाई मे होगा।

## घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में एड्स दिवस पर लोगों को दी गई एड्स बचाव की जानकारी



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मीरा मुर्मू ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डॉ मीरा मुर्मू, बीपीएम मयंक सिंह, आईसीटीसी काउंसलर स्वेता कुमारी व एलटी दिलीप कुमार महतो के द्वारा एचआईवी वायरस से फैलने वाला एड्स बीमारी के बारे में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इसका जांच और दवा निशुल्क घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में दिया जाता है।

## सीपीआई नेता परेश मंडल ने बामनी-खेरुआ सड़क की मरम्मत को सौंपा ज्ञापन



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड अंतर्गत बामनी चौक से घोषडीह होते हुए खेडुआ गांव तक करीब 4 किमी जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण के लिए शुक्रवार को सीपीआई के पूर्व प्रखंड सचिव परेश चंद्र मंडल ने जिले के उपायुक्त के नाम प्रखंड कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा है। परेश मंडल का कहना है कि करीब 15 वर्ष पूर्व बामनी चौक से खेडुआ तक आरईओ सड़क की स्थिति इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है। इस सड़क से प्रतिदिन चार-पांच गांवों के सैकड़ों मजदूर एवं किसान जमशेदपुर आना जाना करते हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार मांग करने के बावजूद अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। बुजुर्ग सीपीआई नेता का कहना है कि पिछले करीब एक साल पहले ही सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृति मिलने की जानकारी मिली है लेकिन अभी तक धरातल पर कोई काम नहीं दिखाई दे रहा है।

## खुदिलोंग गांव में पीसीसी निर्माण को विधायक को सौंपा ज्ञापन



**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुदिलोंग गांव में पीसीसी निर्माण कराने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सविता महतो को एक ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर मंगल चन्द्र महतो ने कहा कि हमारे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है फिर भी हमारे गाँव में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। पूरा प्रखण्ड आकांक्षी प्रखण्ड घोषित हुआ फिर भी गाँव के लोग आज भी वहीं हाल में रह रहे हैं। इससे पूर्व कुकडु बीडीओ एवं को एसडीओ चाण्डिल के बाद जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा गया था।

## जहरीले सांप के काटने से युवक गंभीर, सीएचसी में इलाजरत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार देर रात जहरीले चित्ती सांप ने एक युवक को काट लिया। उसे गंभीर हालत में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित युवक 42 वर्षीय ओम प्रकाश सिंह आनंदपुर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम डुमिरता का रहने वाला है। घटना के बारे युवक के परिजनों ने बताया कि ओम प्रकाश सिंह अपने घर के बाहर पैर हाथ धो रहा था, तभी एक जहरीले चित्ती सांप उसके दाएं पैर में लिपट गया। पैर को झटका देने के दौरान सांप ने दाएं और बाएं दोनों पैर में भी डंस लिया। इससे उसे गंभीर हालात में मनोहरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### नीमडीह के आदारडीह पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

# हेमंत सरकार ने आमलोगों को अबुआ आवास का दिया तोहफा : सविता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में शुकवार को नीमडीह प्रखंड के आदारडीह पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, मुखिया सुभाष सिंह ,ने संयुक्त रूप से किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से लोगों पेंशन, राशन, रोजगार सृजन, आवास सहित सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवा यशस्वी मुख्यमंत्री



हेमंत सोरेन हमेशा झारखंड के लोगों के विकास के प्रति चिंतित हैं, अबुआ आवास योजना के तहत आमलोगो को तीन कमरा वाला मकान मिलेगा। तीन वर्षो में झारखंड में आठ लाख आवास का निर्माण कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा कुल 22 स्टॉल लगाया गया था। जहां आदारडीह पंचायत के हजारों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 1624 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 613 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक के आप्त सचिव क़ाबलु महतो,हरिदास महतो सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

## जानुम पंचायत भवन परिसर में 1535 आवेदन में 622 का त्वरित निष्पादन

**तिरुलडीह :** शुकवार को कुकड़ू प्रखंड के जानुम पंचायत भवन परिसर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, विशिष्ट अतिथि जीप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप, प्रमुख प्रतिमा वाला पातर, बीस सूत्री उपाध्यक्ष नवकिशोर हांसदा, मुखिया कलावती सिंह सरदार ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा कुल 22 स्टॉल लगाया गया था। जहां जानुम पंचायत के हजारों लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में कुल 1535 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 622 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक के आप्त सचिव क़ाबलु महतो, कृतिवास महतो सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कर्मी के साथ में हजारों के संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुचाई के अरूवां पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के अरूवां पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर का उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई, डीडीसी प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक संदीप कुमार दोराईबुरू, बीडीओ साधुचरण देवगम एवं पंचायत के मुखिया सरस्वती मिंज ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार हर वर्ग के लोगों के लिये कार्य कर रही है. उन्होंने लोगों से जागरुक हो कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की. मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. कल्याण मंच से बैंक से लिकेंज स्वीकृति पत्र, साईकिल वितरण का चेक, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, योजना का प्रशस्ति पत्र, कृषकों को बीज आदि का वितरण किया गया.

# नर्सिंग की छात्राओं को दी गई एड्स-एचआइवी की जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गम्हरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ लक्ष्मी ने किया। इस मौके पर मणिपाल विश्वविद्यालय के द्वितीय वर्ष के नर्सिंग की छात्राओं को एड्स/एचआइवी के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर उपस्थित आईसीटीसी कॉउंसलर नवीन कुमार ने उन्हें एड्स रोग फैलने के कारणों और उससे



बचाव के बाबत विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर पूर्व प्रभारी डॉ प्रमिला कुमारी, डॉ नेहा समेत काफी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी और मणिपाल विश्वविद्यालय की छात्राएं मौजूद थी।

# सरायकेला चेंबर ऑफ कॉमर्स कमेटी का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** अग्रसेन ठाकुरबाड़ी धर्मशाला सरायकेला में चेंबर ऑफ कॉमर्स सरायकेला के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस बैठक में सत्र 2023-26 के लिए कमेटी का विस्तार किया गया। विस्तारित कमेटी में महासचिव मनोज कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सेक्सरिया, उप सचिव आकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुमित चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य संजय



चौधरी, संजय सेक्सरिया, छुन्नु कामिला, कालीचरण साहू, रूपेश साहू, अविनाश कवि, असित गुप्ता एवं राहुल अग्रवाल सर्वसहमति से को मनोनीत किए गए। चेंबर के महासचिव मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि जल्द ही चेंबर ऑफ कॉमर्स के नए सत्र का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शानदार तरीके से आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा व्यापारियों को भय मुक्त माहौल में व्यापार करने हेतु चेंबर हमेशा प्रयासरत है, और आगे भी रहेगा।

## लोयोला स्कूल ने एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप के पदक विजेता छात्र आदित्य को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एशियाई एयर गन शूटिंग चैंपियनशिप में अविश्वसनीय निशानेबाजी से कांस्य पदक जीतने वाले शीर्ष आदित्य कश्यप को लोयोला स्कूल में सम्मानित किया गया। स्कूल की असेंबली में उसे रेक्टर फादर केएम जोसेफ ने शॉल ओढ़ाकर, प्रिंसिपल ने मोमेंटो भेंट कर तथा वाइस प्रिंसिपल जयंती शेषाद्रि ने पौधा देकर सम्मानित किया।शीर्ष को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल विनोद फर्नांडीज ने कहा कि उसने न केवल लोयोला स्कूल को बल्कि देश को भी गौरवान्वित किया है। हाल ही में संपन्न दक्षिण



कोरिया में आयोजित एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप में उसने कांस्य पदक जीता। पिछले साल उसने दक्षिण कोरिया के डेगू में आयोजित एशियाई एयर गन शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। वह आगामी अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# करीम सिटी कॉलेज में नेशनल यूथ फेस्टिवल आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज ऑडिटोरियम में डायरेक्टरेट ऑफ़ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स, पूर्वी सिंहभूम तथा करीम सिटी कॉलेज एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय चयन हेतु नेशनल यूथ फेस्टिवल आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का थीम था हेल्थ एंड फिटनेस। मुख्य अतिथि में डॉ हसन इमाम मालिक (स्पोर्ट्स मैनेजर टाटा स्टील) विशेष अतिथि विनेश त्रिपाठी (जिला क्रीड़ा पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम) एवं मनीष कुमार (पर्यटक प्रतिनिधि झारखंड



सरकार) विशिष्ट अतिथि करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज एवं करीम सिटी कॉलेज एनएसएस कोऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में जेकेएस कॉलेज जमशेदपुर, अरका जैन विश्वविद्यालय, रंभा कॉलेज स्वामी विवेकानंद कॉलेज के अलावा कई संस्थाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ की गयी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच कहानी लेखन, पोस्ट निर्माण, लोक संगीत, भाषण, लोक नृत्य, समूह नृत्य तथा फोटोग्राफी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई तथा उनके विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। मोबिना बेगम, पराग मंडल, प्रतिक्षा मिश्रा, शुभम कुमार सिंह, ओलिविया विश्वास, शिवानी एवं समूह तथा कुलप्रीत भमरा को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडली में कोहली बॉस, सुदीप सिंह अवाल, अजय कुमार राय, फिरोज आलम एवं श्रेया घोष शामिल थे। सभा को स्नेहा मंडल, मोबिना बेगम, रिया मुंडा तथा सानिया खानम ने संचालित किया एवं एनएसएस कोऑर्डिनेटर सैयद साजिद परवेज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# प्रखंड स्तरीय शतरंज में सुषमा व श्रीकांत चैम्पियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशानुसार बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित प्लस 2 उच्च विद्यालय दिघी भूला में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बोड़ाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय पहाड़पुर, आदिवासी उच्च विद्यालय बोड़ाम, उत्क्रमित उच्च रसिकनगर व सर्वोदय उच्च विद्यालय माधवपुर के बालक और बालिका वर्ग में एक -एक विद्यार्थियों ने भाग लिया। बालिका वर्ग के फाइनल मैच में उत्क्रमित प्लस2 उच्च दिघी भूला की सुषमा सिंह ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पहाड़पुर की अष्टमी महतो हराकर चैंपियन बनी। बालक वर्ग के फाइनल मैच में उत्क्रमित उच्च विद्यालय रसिकनगर के श्रीकान्त महतो ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पहाड़पुर के विवेक चंद्र महतो को 4-0 से हराकर चैंपियन बना। आयोजन को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, विद्यालय



प्रबंध समिति के अध्यक्ष ईशान चंद्र मुर्मू, सदस्य सुभाष चंद्र महतो, शिक्षक निवारण महतो, कृष्ण पद हांसदा, सुशांत नंदी, अभिलेष कुमार, अनिता महतो, चंद्रभानु गुप्ता, सुनील संतोष मिंज का योगदान रहा।

# विश्व एड्स दिवस पर संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर में जागरुकता सत्र का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**घाटशिला :** घाटशिला स्थित संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के मल्टीमीडिया हॉल में शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के तहत कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय के स्वास्थ्य और कल्याण विभाग द्वारा एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा द्वारा छात्रों को एच.आई.वी, एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ देते हुए इसके कारण, पहचान, उपाय व समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



इसमें कक्षा दसवीं के कुल 44 छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। यह सत्र विभिन्न गतिविधियों जैसे - रोल प्ले, सामान्य चर्चा, केस स्टडी और प्रश्नोत्तरी द्वारा बच्चों के लिए बहुत ही ज्ञानवर्धक रहा। इस कार्यक्रम का मंच संचालन गुरदीप कौर ने किया। इसके सफल होने अरपो भट्टाचार्य एवं विद्युत वरन चंद्र ने विशेष योगदान दिया।

## शरारती तत्वों ने झोपड़ीनुमा होटल में लगाई आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ के समीप स्थित झोपड़ीनुमा एक होटल में बीती रात शरारती तत्वों द्वारा आग लगा दी गई। इससे होटल समेत उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। उक्त आगलगी में लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान होने की बात बताई गई है। घटना बीते गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि करीब तीन बजे की बताई गई है। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व पार्षद सोनू सिंह मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना झारखंड अग्निशमन विभाग और आदित्यपुर पुलिस को दी।

# इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स 2023 ने टाटा स्टील को गोल्ड एम्प्लायर के रुप में दी मान्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एलजीबीटी प्लस समावेशन के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए टाटा स्टील को लगातार तीसरे वर्ष इंडिया वर्कप्लेस इक्वालिटी इंडेक्स (आईडब्ल्यूईआई) 2023 द्वारा गोल्ड एम्प्लायर के रूप में मान्यता दी गई है। अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील ने कहा, एलजीबीटी प्लस समावेशन की दिशा में टाटा स्टील की यात्रा एक निरंतर विकास को दर्शाती है, और यह सम्मान एक ऐसे वातावरण को बनाए रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बढ़ावा देती है जहां विविधता पनपती है। यह एक ऐसे कार्यस्थल बनाने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है, जहां हर व्यक्ति, अपने यौन रुझान या लिंग पहचान की परवाह किए बिना, मूल्यवान और सम्मानित महसूस करता है। उल्लेखनीय है कि आईडब्ल्यूईआई कार्यस्थल में लेस्बियन, गे, बाइ और ट्रांस (एलजीबीटी प्लस)




समावेशन पर उनकी प्रगति का आकलन करने के संबंध में नियोक्ताओं के लिए भारत का पहला व्यापक बेंचमार्किंग टूल है। यह चौथी वार्षिक आईडब्ल्यूईआई मूल्यांकन प्रक्रिया है जिसमें 120 संगठनों ने भाग लिया था। 35 संगठनों को गोल्ड एम्प्लायर के रूप में मान्यता दी गई है, 29 संगठनों को सिल्वर नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है और 32 संगठनों को ब्रॉन्ज़ नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है।

# चांडिल पुलिस ने बालू लदा दो हाइवा किया जब्त, चालक फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** जिला पुलिस प्रशासन लगातार अवैध कारोबार को रोकने के लिए अभियान चला रही है तो दूसरी ओर बेखौफ बालू माफिया अपना रंग दिखा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की अहले सुबह चांडिल थाना पुलिस ने बालू लदे दो हाइवा को जब्त किया है। जांच के दौरान एक हाइवा का चालक वाहन छोड़कर फरार होने में कामयाब रहा। चांडिल थाना के इंचार्ज चांदनी कुमारी ने बताया कि गुरुवार को देर रात गश्ति के दौरान पुलिस ने हुमिद के सामने से एनएच 33 पर बालू लदा एक हाइवा को जब्त किया.वहीं शुक्रवार की सुबह पुलिस ने सहरबेड़ा हाथी अंडर पास के सामने एनएच 33 पर बालू लदा हाइवा को चांडिल पुलिस के गस्ती दल ने पकड़ा. पुलिस बल को देखते ही हाइवा का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया. हाईवा संख्या जेएच 05सीएफ 0396 को चांडिल पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर बालू की चलन की जांच कर रही है. महिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि बालू परिवहन के लिए निर्गत चलन का अवधि समाप्त होने के बाद भी बालू का परिवहन किया जा रहा था. वाहन में पश्चिम बंगाल के गोपीबल्लभपुर से बालू लाया जा रहा था. वाहन के लिए निर्गत चालान 29 नवंबर को सुबह आठ बजकर 17 मिनट तक ही था.

## संपादकीय

# हिमाचल की शिक्षा दृष्टि

**शिक्षा** अपनी साधना और जटिलता से बाहर अब प्रदर्शन की कवायद में सरकारी पैमानों की जिद्द बन चुकी है। हिमाचल के संदर्भ में शिक्षा हमेशा से देश के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण पेश करती आई है और यही वजह थी जब नोबल पुरस्कार विजेता अमत्र्य सेन ने यहां की प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को एक रोल मॉडल माना। बेशक मात्रात्मक दृष्टि से हिमाचल में शिक्षा के पैगाम और इसकी निकटता दूर दराज इलाकों तक पहुंची, लेकिन बेहतर ढांचे के बावजूद अभिभावकों की तलाश नित नए निजी संस्थानों के करीब पहुंच जाती है। बात सिर्फ टाई, यूनिफार्म या इंग्लिश मीडियम की नहीं, बल्कि ऐसे पाठ्यक्रम की तलाश है जो या तो सीबीएसई या आईसीएसई के मार्फत पूरी होती है या बाहरी राज्यों की तरफ निकल पड़ती है। यानी कुछ तो हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम से शिकायत है, वरना निजी स्कूलों में भी अव्वल वही हैं जो इससे इतर अपना पंजीकरण करवा रहे हैं। एक बार फिर सरकारी स्कूलों की काबिलीयत में रंग भरने का काम सुक्खू सरकार करने जा रही है। प्राइमरी शिक्षा के उत्थान में इंग्लिश का प्रादुर्भाव हो रहा है, जबकि बच्चों की वैज्ञानिक सोच बढ़ाने के लिए साइंस और गणित भी पहली कक्षा से पाठ्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। इतना ही नहीं एक्सपोजर विजिट के लिए शिक्षकों को विदेश के अनुभव से पारंगत किया जाएगा। सरकार पहले ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से हर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के गुणात्मक फलक का विस्तार करने के लिए प्रयत्नशील है। शिक्षा के नए दौर में करियर का प्रतिभा तक पहुंचना एक अलग तरह की चुनौती है क्योंकि भविष्य अब सिर्फ किसी पाठ्यक्रम की परिपाटी नहीं, बल्कि ज्ञान और हुनर का मिलन है। यह उस पहचान का नजरिया भी है जो बच्चों के भीतर मानसिक संतोष और महत्त्वाकांक्षा का सम्मेलन करवाता है। यानी डिग्री तो अब एक आधार है, जबकि करियर और व्यवसाय के लिए एक खास तरह की परवरिश की जरूरत है। हिमाचल के ही कई बच्चे गीत-संगीत, कला, नृत्य, नए उद्योग-धंधों और हुनर की नई मंजिलों पर चलते हुए सफल हो रहे हैं। ऐसे में व्यावसायिक शिक्षा के नाम पर अब तक हुए प्रयासों का भी विश£षण होना चाहिए। कभी जूनियर आईटीआई तक की पढ़ाई से ही युवा इतने प्रोत्साहित व सक्षम हो जाते थे कि जिंदगी के लिए एक सफल व्यावसायिक दृष्टि और कर्म हासिल कर लेते थे। आज भी हिमाचल में उपलब्ध रोजगार अवसरों का फायदा बाहरी राज्यों के लोग उठा रहे हैं। शिक्षा के अपने उद्देश्य भले ही उपलब्धि बन जाएं, लेकिन हिमाचल की आर्थिक गतिविधियों की क्षमता में नए पाठ्यक्रम निरूपित होने चाहिएं। प्रदेश में 22 लाख पंजीकृत वाहनों के अलावा बाहरी आवागमन जोड़ लें तो लगभग पचास लाख गाडियां और इनसे जुड़े व्यवसाय यहां चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन इनकी क्षमता में पैदा हुआ रोजगार हिमाचली बच्चों व युवाओं को प्रेरित नहीं कर पा रहा। ऐसे में स्कूली शिक्षा के प्रयोग भले ही भाषा, विज्ञान और गणित को परिमार्जित करें, लेकिन वहां ऐसी कार्यशालाओं की जरूरत है जहां फर्नीचर का काम, गीत-संगीत की शिक्षा, नृत्य की व्याख्या, ऑटो उद्योग से रोजगार के रिश्ते तथा पर्यटन से संबंधित ज्ञान व प्रशिक्षण अगर उभारा जाए, तो शिक्षा की पृष्ठभूमि में करियर के नक्शे स्पष्टता के साथ उभर आएंगे। हिमाचल की शिक्षा दृष्टि में ऐसा हर पहलू समाहित करना होगा, जो आगे चलकर युवाओं की शक्ति से स्वरोजगार का रास्ता अख्तियार करे। हिमाचल के स्कूलों के भ्रमण तथा कार्यशाला जिस दिन मिट्टी, आबोहवा, लोक कलाओं और बोलियों के साथ जुड़ गई, उस दिन ऐसी खूबियां सामने आएंगी जो राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में करियर की उड़ान को मुकम्मल करेंगी। इतना ही नहीं कुछ और स्कूलों को डिनोटिफाई करके तथा शहरी स्कूलों के सदुपयोग के लिए प्राइवेट पार्टनरशिप में शिक्षा के लक्ष्यों को सफल करने की नीति बनानी होगी। कई शहरी स्कूल अगर सीबीएसई तथा आईसीएसई पाठ्यक्रम से जोड़ दिए जाएं, तो विदेश से प्रशिक्षण प्राप्त सरकारी अध्यापक इन्हें सर्वोच्च शिक्षण संस्थान बना सकते हैं। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि सरकारी अध्यापकों का अधिकतम समय शिक्षा प्रणाली, अध्ययन व अध्यापन की कार्यशाला में ही गुजरे ताकि नवाचार का नया दौर विकसित हो सके।

> सरकारी स्कूलों की काबिलीयत में रंग भरने का काम सुक्खू सरकार करने जा रही है। प्राइमरी शिक्षा के उत्थान में इंग्लिश का प्रादुर्भाव हो रहा है, जबकि बच्चों की वैज्ञानिक सोच बढ़ाने के लिए साइंस और गणित भी पहली कक्षा से पाठ्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं। इतना ही नहीं एक्सपोजर विजिट के लिए शिक्षकों को विदेश के अनुभव से पारंगत किया जाएगा। सरकार पहले ही राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से हर विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के गुणात्मक फलक का विस्तार करने के लिए प्रयत्नशील है। शिक्षा के नए दौर में करियर का प्रतिभा तक पहुंचना एक अलग तरह की चुनौती है क्योंकि भविष्य अब सिर्फ किसी पाठ्यक्रम की परिपाटी नहीं, बल्कि ज्ञान और हुनर का मिलन है। यह उस पहचान का नजरिया भी है जो बच्चों के भीतर मानसिक संतोष और महत्त्वाकांक्षा का सम्मेलन करवाता है। यानी डिग्री तो अब एक आधार है, जबकि करियर और व्यवसाय के लिए एक खास तरह की परवरिश की जरूरत है। हिमाचल के ही कई बच्चे गीत-संगीत, कला, नृत्य, नए उद्योग-धंधों और हुनर की नई मंजिलों पर चलते हुए सफल हो रहे हैं।

## कुछ अलग

# मिथकीय कथाएं इतिहास नहीं

आजकल 'रामायण' और 'महाभारत' को स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाने की चर्चा चल रही है। यदि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (एनसीईआरटी) की संबद्ध समिति की सिफारिश स्वीकार की गई, तो स्कूलों में 'इतिहास' की कक्षाओं में इन दोनों महान महाकाव्यों को पढ़ाया जाएगा। यहां कुछ सांस्कृतिक और आस्थामयी गड़बड़ हो सकती है, क्योंकि ऐसी पौराणिक कथाओं को भारतीय संस्कृति में इतिहास से भिन्न माना जाता है। इतिहास में सिकंदर-पोरस, चंद्रगुप्त मौर्य, हूण, यवन, मुगल और अंग्रेजी साम्राज्यों के विवरण भी हैं। किसने भारत पर कितने साल राज किया? किसने, कितने आक्रमण किए और देश को लूटा? साम्राज्यों के नाम और कालखंड क्या थे? युद्ध, हिंसा और हत्याओं के कितने अंतहीन दौर भारत ने देखे और झेले हैं? इतिहास उनका दस्तावेजी संकलन हो सकता है। उनके ब्योरे देते हुए इतिहासकारों की सोच और दृष्टि भी भिन्न रही है, लिहाजा तथ्यों और विश्लेषणों में भी भिन्नता और फासले हैं। 'रामायण' और 'महाभारत' इनसे बिल्कुल अलग हैं। वे सृजनात्मक कृतियां हैं। उनके आधार पर काव्य-शास्त्र की संरचना की गई है। बेशक इन महाकाव्यों में भी कहानियां हैं। इन महाकाव्यों में भी कथाओं के अलावा, साम्राज्य और युद्ध हैं, लेकिन इनके पात्र भारत में आक्रांता के किरदारों में नहीं हैं, वे भारतीय हैं, लिहाजा दोनों महाकाव्य हमारे रोम-रोम में बसे हैं। इनमें दो मिथकीय पात्र हैं-राम और कृष्ण। वे भारत में और अन्य कई देशों में करोड़ों लोगों के आस्था-देव भी हैं। वे अवतारी हैं, लिहाजा मर्यादा पुरुषोत्तम और गिरधर हैं। दरअसल भारत का मिथकीय कथाओं और पात्रों से आस्था, अध्यात्म और संस्कृति का संबंध है। बेशक आम आदमी को ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी न हो, लेकिन वे राम और कृष्ण को 'आराध्य' रूप में स्वीकार करते हैं, लिहाजा 'रामायण' और 'महाभारत' को अच्छी तरह जानते हैं। उसके मद्देनजर स्कूली पाठ्यक्रम में इन दोनों महाकाव्यों को सारांशतः पढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। यदि छात्रों को पढ़ाया जाए कि राम कितने स्वीकारवादी, समन्वयवादी, दलित-पिछड़ावादी महानायक थे, तो वह सार्थक होगा। इसी तरह 'महाभारत' के संदर्भ में 'गीता-उपदेश' के ही महत्त्वपूर्ण भाष्य पढ़ाए जाएं, तो हमारी अगली पीढ़ी भारतीय संस्कृति और अतीत को गहराई से समझ सकेगी। इसी संदर्भ में हमारे पुराण, उपनिषद और चारों वेदों का सारांश अध्ययन भी महत्त्वपूर्ण होगा। दुनिया इन प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन करती है और अपनी भाषाओं में शोध करती है, लेकिन हमारे स्कूली पाठ्यक्रमों में ये ग्रंथ गायब हैं। यदि 'रामायण' और 'महाभारत' को हिंदूवादी सोच और सियासत के मद्देनजर पढ़ाया जाता है, तो सत्तासीन भाजपा इतिहास के साथ कुछ भी खेल कर सकती है। बेशक इसका विरोध होगा, अंततः 'रामायण' और 'महाभारत' के पठन-पाठन को कब तक रोका जा सकता है? ये दोनों महाकाव्य स्थूल और औपचारिक इतिहास से बहुत ऊपर हैं। ये घटनाएं 2500 साल से अधिक प्राचीन हैं। तब न तो कोई विदेशी आक्रांता था, न ही कोई इतिहासकार और इतिहास-लेखन था।


## छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया

# मोदी के लिये 'पनौती' का इस्तेमाल राजनीतिक दरिद्रता

ललित गर्ग

> चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है।

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी 'पनौती' (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए 'अशोभनीय' है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है। निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी को याद दिलाया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता नेताओं को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ असत्यापित आरोप लगाने से रोकती है। लेकिन राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए 'पनौती', जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मर्यादाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। 'जेबकतरे' शब्द का प्रयोग करते हुए



आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है? राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ 'पनौती' जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, 'पनौती' मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग किया जाता है, जिसकी मौजूदगी होने भर से बनता काम बिगड़ जाता है। आम तौर पर पनौती शब्द ऐसे व्यक्ति के लिए इंगित किया जाता है जो बुरी किस्मत लाता है। वैसे इसका किसी ज्ञान-विज्ञान और तर्क से नाता नहीं है। जाने-माने भाषाविद् डॉक्टर सुरेश पंत के मुताबिक, हिंदी में -औती प्रत्यय से अनेक शब्द बनते हैं। इनमें कटौती, चुनौती, मनौती, बपौती इत्यादि शामिल हैं। पनौती शब्द नकारात्मकता एवं अशुभता का सूचक है। पनौती को शनि की बुरी दशा का समय माना जाता है। इसका मतलब बाढ़ भी होता है। पनौती तमिल शब्द पन्नादाई का अपभ्रंश भी है। इसका मतलब होता है 'एक ढीला बुना हुआ कपड़ा' या 'मूर्ख'। बात केवल राहुल गांधी की ही नहीं है, कौन भूल सकता है सोनिया गांधी का वह बयान, जिसने वास्तव में गुजरात की जनता को झकझोर कर रख दिया था। तब सोनिया ने गुजरात के तत्कालीन और बेहद लोकप्रिय मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मौत का सौदागर' बताया था। सोनिया ने कहा था, "मेरा पूरा भरोसा है कि आप ऐसे लोगों को मंजूर नहीं करेंगे जो जहर के बीज बोते हैं।" 'मौत का सौदागर' के बाद 'जहर की खेती' के इस बयान ने गुजरात ही नहीं, देश की जनता की भावना को जगा दिया। नतीजा लोकसभा चुनाव के परिणाम के रूप में सामने आया, जिसमें बीजेपी को 278 और कांग्रेस को 45 सीटें मिली। जनता को बेवकूफ एवं नासमझ समझने की भूल कांग्रेस बार-बार करती रही है और बार-बार मात खाती रही है। इन चुनावों में भी ऐसी मात खाने को मिले तो कोई आश्चर्य नहीं है। क्योंकि जनता अपने सर्वोच्च नेतृत्व को मर्यादाहीन तो कत्तई नहीं देखना चाहती। कोई पूर्व केबिनेट मंत्री मणिशंकर अय्यर मोदी को 'नीच' तक कह देता है तो राहुल तो सर्जिकल स्ट्राइक पर 'खून की दलाली' जैसे आरोप लगाते रहे हैं। नोटबंदी को लेकर जहां पूरा देश नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा था, तब विपक्ष को काले कारोबारियों के साथ खड़ा होने में जरा भी शर्म नहीं आई। विपक्ष ने दुनिया के कुख्यात रहे तानाशाह हिटलर, मुसोलिनी, कर्नल गद्दाफी से प्रधानमंत्री मोदी की तुलना कर डाली। इस तरह के स्तरहीन, औछे एवं अमर्यादित बयानों से न केवल विपक्ष दलों के नेताओं बल्कि कांग्रेस पार्टी की न केवल फजीहत होती रही है, बल्कि उसकी बौखलाहट को दर्शाती रही है। इस तरह के लोग राजनीति में जगह बनाने के लिये ऐसी अनुशासनहीनता एवं अशिष्टता करते हैं। राहुल के इस तरह के ओछे, स्तरहीन एवं अशालीन शब्दों के प्रयोग का एक लम्बा सिलसिला है। मोदी पर गाली की बौछार में कभी उनको सांप, बिच्छू और गंदा आदमी कहा था। तो कभी लहू पुरुष, पानी पुरुष और असत्य का सौदागर भी बताया। सत्ता के शीर्ष पर बैठकर यदि इस तरह जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की आशा नहीं की जा सकती, पर वे अशालीनता एवं अमर्यादा पर उतर आये, यह ठीक नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा ईश्वर दरिद्र-नारायणों में रहता है।' आज यदि उनके भक्तों- कांग्रेसजनों से यही प्रश्न पूछा जाये तो संभवतः यही उत्तर मिलेगा कि हमारा ईश्वर कुर्सी में रहता है, सत्ता में रहता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ प्रखण्ड के बारलोंग पंचायत सचिवालय में झारखंड में हेमंत सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें बतौर अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी ने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी साथ ही लगे सभी स्टोल का निरीक्षण की एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक राशन कार्ड जॉब कार्ड कंबल धोती साड़ी प्रधानमंत्री आवास अम्बेडकर आवास सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चीयों के बीच चेक का वितरण की साथ ही कार्यक्रम के बारे लोगो को जानकारी दी कार्यक्रम में पहुंचने पर पुर्व विधायक ममता देवी का बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी के रूप में रीना कुजूर प्रमुख करुणा देवी बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा मैडम मुखिया रेखा देवी उप प्रमुख पति भरत महतो बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो बबलू यादव अरुण बनर्जी पचायत समिति सदस्य निशा देवी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता निरंजन बेदिया लालदेव महतो सूरज महतो झलकू बेदिया लालू महतो सहित अन्य गणमान्य लोग एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्रमिक हाई स्कूल के बच्चियों को संस्था एक्शन इंडिया के द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की मिली जानकारी

## जागरुकता से ही महिलाओं की परेशानी रुकेगी : महारानी

प्रभात मंत्र संवाददाता




**सिरका :** कोयलांचल के अरगड्डा श्रमिक हाई स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को दिल्ली की संस्था एक्शन इंडिया(एनजीओ) के द्वारा कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं के बीच माहवारी स्वच्छता प्रबंधन(एमएचएम) की एक घंटे की जागरूकता क्लास चलाई गई। एक्शन इंडिया संस्था की चेयरपर्सन ज्ञानवती व महारानी ने बताया कि गरीब परिवार बस्तियों में रहने वाले व विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोर बच्चियों, महिलाओं को माहवारी (पिरियड) जीवन का समान्य और प्राकृतिक हिस्सा बनाने, सफाई आदि सबंधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसे पहले दिल्ली, मध्य प्रदेश, लुधियाना अब झारखंड के रामगढ़ में भी जागरूक करने का मौका मिल रहा हैं। संस्था ट्रेनर उषा देवी के द्वारा बच्चियों को सेनेटरी पैड, लोको केयर समेत कई जानकारी दी गई। आज 2 दिसंबर को स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय चुंबा, तीन को पंचायत सचिवालय मंझिला चुंबा, चार को एसएस प्लस टू हाई स्कूल पतरातु में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगी। मौके पर विद्यालय के बीएसडीएस रामगढ़ शशि भूषण, प्रभारी प्राचार्य विकास प्रजापति, शिक्षिक मोहम्मद केसर, आबिद हुसैन सत्य प्रकाश, आदित्य गुप्ता, शिक्षिका मनीषा कुमारी, ब्यूटी कुमारी, हेमंती कुमारी आदि शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## कम्युनिटी हॉल निर्माण हेतु पीवीयूएनएल के अधिकारियों ने किया मुआयना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू बस्ती नया तालाब के समीप शुक्रवार को पीवीयूएनएल के अधिकारीयों ने कम्युनिटी हॉल नवनिर्माण हेतु ग्रामीणों द्वारा चिन्हित जगह का मुआयना करने पंहुचे। जंहा पीवीयूएनएल के अपर महाप्रबंधक एस एन पटनायक,वरिष्ठ प्रबंधक समरेश चंद्वा, प्रखर सक्सेना और संतोष सिंह ने कम्युनिटी हॉल का नवनिर्माण को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों समाज सेवीयों एवं ग्रामीणों से विस्तृत रूप से चर्चा किए। वहीं पंचायत मुखिया गिरिजेश कुमार ने बताया कि पंचायत में कम्युनिटी हॉल निर्माण होने से यहां के ग्रामीणों को शादी विवाह जैसे अन्य सामाजिक कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए पंचायत सहित अगल- बगल गांव के ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर समाजसेवी गुलशन कुमार सिंह और बिट्टू सिंह, अवधेश सिंह, महेंद्र कुमार, संजय गुरु बिनोद सोनी, विकास कुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सयाल में लोकल सेल शुरू होने पर सौंदा बस्ती के ग्रामीणों में खुशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के सयाल डी परियोजना में शुक्रवार को लोकल सेल का कार्य शुरू कर दिया गया है। वही फिलहाल 20 हजार टन कोयला लोकल सेल के लिए दिया गया है आगे समयनुसार कोयले में बढ़ोतरी की जाएगी। वही लोकल सेल के शुरू होने से सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो ने खुशी व्यक्त की। वहीं शुक्रवार को सयाल डी परियोजना के चेकपोस्ट स्थित बने ट्रक पार्किंग स्थल पर सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचकर सेल शुरू होने पर खुशी जताई एवं सेल संचालन समिती सौंदा बस्ती व सरैया टोला के ग्रामीणो ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। वहीं इस मौके पर अध्यक्ष नितीश कुमार, सचिव रामबिलास करमाली, धनेश प्रसाद, दयानंद प्रसाद, अमित प्रसाद, कोषाध्यक्ष अंबर कुमार, मानस मुंडा, राजदीप प्रसाद, दीपक कुमार, सुखदेव प्रसाद, निरंजन प्रसाद, सुरेश गिरी, पिंकू राज, विक्रांत प्रसाद, चतुभूर्ज प्रसाद, सोहन प्रसाद, गुप्तेश्वर प्रसाद, ललन प्रसाद साहू, अरूण प्रसाद, संदीप कुमार, भोला साव, बिनोद साव आदि लोग मौजूद थे।

## स्टाफ ऑफिसर सिविल ने गिद्दी ए के कई स्थानों का सर्वेक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** कोलफील्ड मजदुर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पुरुषोत्तम पाण्डेय के लगातार उठाए गए सवालों के आलोक में महाप्रबंधक के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्टाफ ऑफिसर सिविल गौरव तिवारी गिद्दी ए कई स्थानों का सर्वेक्षण किया। जिसमे सर्वप्रथम उन्होंने गिद्दी ए बरगाछ के पास ट्रांसफार्मर घर का सर्वेक्षण किया और कहा की कई महीनो से पुरुषोत्तम पाण्डेय एवम अन्य कई कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मर घर को मरम्मत करने एवम मुख्य मार्ग से हटाने को लेकर मांग रखी जा रही थी जिसमे हमलोग ने महाप्रबंधक के निर्देश पर इस कार्य को पूर्ण करा दिया है अब गाड़ी से कोई खतरा नहीं है इसके लिए हमलोग पुरुषोत्तम पाण्डेय को धन्यवाद देते है।इसके बाद हमारे यूनियन के साथ साथ अन्यान सभी यूनियन के द्वारा उठाए गए मांग के सर्वेक्षण के लिए गिद्दी ए कैंटीन एवं रेस्ट सेंटर साथ वर्कशॉप के जर्जर शेड का सर्वेक्षण किया। जहां सभी उपस्थित मजदूरों एवं मजदूर नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कैंटीन, रेस्ट सेंटर और वर्क शॉप के शेड को बारीकी से दिखलाया और बताया की कैसी हालत है और कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## कैसर इमाम बने आ वि जिला वारिये उपाध्यक्ष

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन के निर्देश पर एक बैठक आयोजित की गई । इस दौरान आ वि ज़िला कमिटी के कई पदाधिकारी उपस्थित हुए मौके पर ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कांग्रेस के नेता कैसर इमाम को ज़िला कमिटी में वारिये उपाध्यक्ष की नियुक्ति पत्र सौंप कर ज़िला कमिटी में नई ज़िम्मेवारी दी। मौके पर नवनियुक्त वारिये उपाध्यक्ष कैसर इमाम ने कहा मैं ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन का आभार प्रकट करता हूँ की उन्होंने जिस विश्वास के साथ मुझे यह पद सौंपी हैं मैं उसने खरा उतरूँगा और कांग्रेस पार्टी के हाँथों को मज़बूत करूँगा। मैं ज़िला अध्यक्ष सहित पूरे कांग्रेस पार्टी का धन्यवाद ज्ञापन करता हूँ पूरी ईमानदारी से ज़िला संगठन को मज़बूती के साथ नई ऊँचाइयों में ले जाने का कार्य करूँगा।बधाई देने वालों में कमिटी के वारिये उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, वारिये उपाध्यक्ष असग़र अली, मज़दूर यूनियन के नेता अख़्तर आज़ाद, उपाध्यक्ष मो आशिक़, वाहिद अली, महासचिव रहमान ख़ान, कोषाध्यक्ष अली अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष रियाज़उद्दीन, सहजाद अंसारी, तारीक अनवर, सहमत अंसारी, रितेश दास, मोइनुद्दीन अंसारी,मो गुफ़रान, कूदूस अंसारी,सफ़ीक़ अली, अमीनउद्दीन, सरफराज ख़ान सहित दर्जनों शामिल हैं।



## खुली खदान सिरका में दो हालपैक हुए खराब ओबी ढुलाई प्रभावित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका परियोजना के खुली खदान के अंदर बीते रात्रि पाली गुरुवार को खनन ढुलाई कार्य में लगी हांलपैक नंबर 60404 और 60407 खराब हो गये। वहीं सुरक्षा होमगार्ड जवान संजय व एक अन्य जवान सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतर्क रहे। इससे कोलयरी ओबी ढुलाई काम प्रभावित हुआ। जबकि दूसरी ओर शुक्रवार को प्रबंधन दोनो हांलपैक को ठीक करने का प्रयास जारी रखे हुए था।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिले के चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए ग्रामीणों को पंचायत स्तरीय आयोजित शिविर का लाभ उठाने की बात कही गई। आगे उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार आपको लाभ देने पहुंची है। सरकार कि जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ शिविर के माध्यम से प्राप्त करें। सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ ग्रामीण नहीं ले पाते हैं। इसलिए वे अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ लें। आगे उन्होंने कहा कि जिन्हें अब तक सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिला है या किसी अन्य कारण से लाभ से वंचित है, वैसे लाभुक यहां आवेदन कर सकते हैं। जिसकी जांच कर त्वरित निष्पादित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदवा विजय कुमार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को दी गई। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ स्वयं ले साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करे।शिविर में सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 05 छात्राओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। 05 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। 8 लोगो का अंचल जमीन सुधार रसीद, 30 लाभुको के बीच धोती-साड़ी, कूप निर्माण योजना के तहत 25 लाभुको के बीच कुंआ का स्वीकृति पत्र, 2 लाभुक के बीच साईकिल का चेक, 10 लाभुको के बीच जॉब कार्ड, 70 लाभुको को पौधा, 5 जरुरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरानअबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सोना सबरन धोती - साड़ी योजना आदि योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

# अंचल कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की गई, बैठक में प्रधान मंत्री आवास, मनरेगा में (ए बी पी एस) के लिए सभी पंचायत के पंचायत सचिव व रोजगार सेवको को दो दिनो मे कार्य को सत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया साथ ही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में अधिक से अधिक लोगो को सुचित करने का निर्देश दिया। एवं अन्य योजना जैसे 15 वें वित, चुनाव, एवं पेंशन योजना आदि पर भी प्रगति लाने हेतु कई निर्देश दिया गया. मौके पर प्रखंड समन्वय शशि कुजूर, बीपीओ रवि यादव, प्रखंड समन्वयक पंकज पाण्डेय, सहित सभी रोजगार सेवक और पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# असहाय वृद्ध महिला पुरुषों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सबसे अंतिम छोर वाले पंचायत बालुभांग के उप मुखिया विनोद कुमार यादव ने हेरनहोपा सहित कई गांव में बढ़ते ठंड को देखते हुए कई बृद्ध असहाय महिला पुरुषों के बीच कंबल वितरण किया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए पंचायत मुखिया केदार गंझु ने बताया कि प्रखंड प्रशासन से 180 कंबल प्राप्त हुआ था जिसे बालूभाग पंचायत के सभी 12 वार्डों के वार्ड सदस्यों को अपने-अपने वार्ड में निहायत जरुरतमंदो के बीच वितरण करने के लिए दे दिया गया। वहीं कई वृद्ध असहाय लोगों ने कंबल पाकर प्रखंड प्रशासन को धन्यवाद दिया। मौके पर आसपास के कई ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में जिला परिषद ने किया बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सिमरिया कला आंगनबाड़ी केंद्र में सरकार द्वारा आवंटित स्वेटर को जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहू ने बच्चों के बीच वितरण किया गया। वितरण के दौरान पंचायत समिति जीवन सिंह भी मौजूद थे। आंगनबाड़ी सेविका ने बताई की सरकार द्वारा आवंटित स्वेटर बच्चों के बीच जनप्रतिनिधि के मौजूदगी में कर दी गयी है।

# रोड नहीं तो वोट नहीं के नारो से गूंज उठा शिलदाग पंचायत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के लावालौंग प्रखंड के शिलदाग पंचायत में रोड नही तो वोट नहीं के नारो से गूंज उठा है। इस क्षेत्र के ग्रामीण आजादी के 76 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।ग्रामीणों ने शुक्रवार को तख्ती बैनर और पोस्टर लेकर साप्ताहिक हाट में जमकर नारेबाजी की साथ हीं स्थानीय सांसद और विधायक पर भी जमकर बरसे । साथ हीं कहा है कि स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह लगातार दो बार सांसद बने है उन्होंने चुनाव के समय बड़े बड़े वादा किए थे। और हमलोग को अस्पताल बिजली पानी और सड़क जैसे मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए थे लेकिन आज तक इन सब चीजों का नसीब नहीं हुआ है।आगे उन्होंने कहा है कि स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास से भी मांग किया गया उन्होंने 3 वर्ष पूर्व हीं कहा था कि आपके गांव आयेंगे और आपकी समस्यों का निदान किया जाएगा। लेकिन आज तक उनके दर्शन नहीं हुआ है हम सब ग्रामीण उनके दर्शन के लिए तरस रहे हैं साथ हीं सांसद और विधायक के वायदे इरादे का इंतजार हम ग्रामीण कर रहे हैं। आजादी के बाद लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत चतरा लोक सभा क्षेत्र और सिमरिया विधान सभा क्षेत्र से कितने सासंद और कितने विधायक तो जीत कर बदल गए किन्तु आज भी लावालौंग प्रखण्ड क्षेत्र का किस्मत नहीं बदली है ज्यों का त्यों बना हुआ। यहां यदि मरीज बीमार पड़ जाए तो इलाज के वगैर दम तोड़ देता है। यहां आज तक बल्ब की रोशनी देखने की नसीब नहीं हुआ है यानी आज तक यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं से वंचित रखा गया है। एक ओर केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार तक ग्रामीण क्षेत्रो को विकास के लिए करोड़ो रूपये पानी के तरह खर्च किया जा रहा है किंतु ढाक के तीन पात वाली कहावत शामिल है।

# साईकिल से पूरे भारत की यात्रा कर लौटे जयंत कुमार का हुआ भव्य स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के तेतरीय गांव के 26 वर्षीय युवा जयंत कुमार दांगी ने 18 अक्टूबर 2023 को अपने यात्रा का शुभारंभ प्रखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती लेम्बईया के प्रांगण से अपने पूरे परिवार के साथ पूजा पाठ कर पूरे भारत का यात्रा साईकिल से निकले। जयंत कुमार ने पूरे भारतयात्रा 13 महीने में पूरा कर शुक्रवार को अपने प्रखंड के पावन भूमि पर आगमन की सूचना मिलते ही जयंत कुमार के स्वागत के लिए प्रखंड के जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी उर्फ भगत जी, नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, पत्थलगड़ विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल संरक्षक प्रमोद कुशवाहा, संयोजक मनोहर कुमार कार्यकर्ता लेखराज टाईगर, विनय कुमार, बीरबल दांगी, कृष्णा भारती, जयकरण दांगी, अमित कुमार, अरुण अग्रवाल, वासुदेव दांगी प्रखंड के कई लोगो ने पत्थलगड़ा आगमन होने पर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती के प्रांगण में उन्हें अंग वस्त्र, माल्यार्पण कर सभी लोगो ने भव्य स्वागत कर प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी चौक में स्वागत कर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। जिसके बाद सुभाष चौक पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रमोद कुशवाहा के नेतृत्व में हुवा बजरंग बली का आशीर्वाद लेने के बाद सुभाष चन्द्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण, भगवाधारी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर जयंत कुमार ने बताया पूरे भारत का साइकिल यात्रा 13 महीने में 25 हज़ार किलो मीटर का सफ़र तय करके आप सभी लोगो की आशीर्वाद से अपनी यात्रा पूरा कर अपने प्रखंड पत्थलगड़ा तेतरिया वापस लौटा हूं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के अध्यक्षता में उपायुक्त हिमांशु मोहन, एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रौशन कुमार और लातेहार जिला के अन्य पदाधिकारियों के साथ आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक की गई।बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, अखिल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रॉची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के द्वारा 9 दिसंबर शनिवार को व्यवहार न्यायालय लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसे आप सभी पदाधिकारीगण के प्रयास से ही अभुतपुर्व और सफल बनाया जा सकता है। साथ ही श्री कुमार ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित नोटिस संबंधित पक्षकारों को जल्द से जल्द प्राप्त करवाने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए सभी को ईमानदार प्रयास करना होगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारीयों ने इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकतम प्रयास का आश्वासन दिया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के सचिव स्वाति विजय उपाध्याय, सदर एसडीओ परवेज आलम समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड के गेरूआ पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र चतरा में मध्य विद्यालय दिभा स्कूल 4 एवं 5 वार्ड में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में फूलो झानों आशीर्वाद अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टूडेंस क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने हेतु अलग अलग प्रखण्ड में लाभुक हजारो की संख्या में कार्यक्रम में पहुंच आवेदन कर योजनाओं से लाभान्वित हो रहे है। वहीं कार्यक्रम में ऑन द स्पॉट समस्याओं से संबंधित मामले का निष्पादन किया जा रहा है। शिविर में आयोजित कार्यक्रम में कुल 1416 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 434 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया।हंटरगंज प्रखण्ड के गेरूआ पंचायत में 1465 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 1330 आवेदन का निष्पादन किया गया।नगर परिषद क्षेत्र चतरा में मध्य विद्यालय दिभा स्कूल 4 एवं 5 वार्ड में हुए कार्यक्रम में 176 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें 20 आवेदनों का निष्पादन किया गया।

# 13 माह बाद 25 राज्यों का सफर कर पहुंचा गांव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप स्थित बागेश्वरी बलबल मंदिर में पत्थलगड़ा प्रखंड का साधारण युवक जयंत कुमार दांगी ने देश के 25 राज्यों का सफर कर अपने घर लौट रहा था।इस दौरान मंदिर में पूजा करने पहुंचा। जहां गिद्धौर प्रखंड समाजसेवियों एवं ब्राह्मण समाज के जिला कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय, समाजसेवी विनोद ठाकुर, व अन्य ने उनका स्वागत किया। जयंत ने देश के विभिन्न राज्यों का अनुभव इन लोगों के साथ साझा किया। तत्पश्चात अपने गांव पत्थलगड़ा के लिए रवाना हो गया।

# शिविर में अधिक से अधिक आवेदन करें ग्रामीण : राकेश सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत मंगरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को योजना का लाभ देने आपकी हेमंत सरकार आपके द्वार पहुंची। इस मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किया। मौके पर बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि सरकार के तरफ से वंचित और जरुरतमंद लोगों के लिए बेहतरीन मौका आया है ।ग्रामीण शिविर का माध्यम से योजनाओं का लाभ उठाए। झारखंड सरकार की कई तरह योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें, आवेदनों पर प्रकिया के अनुरूप नियमसंगत निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में 669 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 309 आवेदनों को ऑन द स्पोर्ट निष्पादन किया गया।

# पहरा पंचायत के पंचायत सचिव का मिला प्रभार चितरंजन शर्मा



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत में पंचायत सचिव का प्रभार शुक्रवार को चितरंजन शर्मा को दिया गया है। बताते चलें कि यह कार्य प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्ति बीपीआरओ दंडाधिकारी दिगंबर पांडेय के हाथों से प्रभार दिया गया है। जहां उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार साव भी थे।

# अधिकारियों ने किया मुख्य मंत्री के आगमन स्थल का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हंटरगंज :** मुख्य मंत्री 26 दिसंबर को हंटरगंज हाई स्कूल के मैदान में आगमन होना है। आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन कार्यक्रम की तैयारी को डीसी एवं एसपी गुरुवार को पहुंचे थे। उनके निर्देश पर शुक्रवार को एसडीओ सुरेंद्र उरांव डीएसई अभिषेक बढ़ाईक एलआरडीसी गौतम कुमार हाई स्कूल मैदान का गहनता से सुरक्षा की दृष्टि कोण से जांच पड़ताल करते हुए जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से कई अहम बिंदु पर चर्चा करते हुए क्षेत्र की भौगोलिक और ऐतिहासिक जानकारी लिया गया। लोगों के द्वारा यह भी बताया गया कि भुदाता एवं ग्रामीणों के बीच बाउंड्री को लेकर काफी विवाद चल रहा है। जिसे लेकर कई महीनो से बाउंड्री का कार्य बाधित है। अधिकारियों को बताया गया की विद्यालय की 4 एकड़ 75 डिसमिल जमीन की मापी कराकर कार्य किया गया परंतु अधूरे पड़े बोंडरी को पूर्ण करने की बात कही गई है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के मंच के निर्माण स्थल और हेलीपैड स्थल का मुआयना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के बाद हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले रास्ते का निरीक्षण किया गया। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले सड़क की स्थिति सुधारने को लेकर सीओ को दिशा निर्देश दिया गया है। साथ ही पूरे रास्ते की मापी कर सड़क को ठीक करने को लेकर निरीक्षण किया गया। हाई स्कूल मैदान में निर्माण किए जा रहे डीएमएफटी फंड एवं शिक्षा परियोजना से निर्माण कार्य एवं भवन का निरीक्षण इन लोगों के द्वारा किया गया मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व सभी को सही ढंग से रंग रोगन शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर सीओ अरुण कुमार मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कामन कच्छप, थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी, जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान, मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव, मुखिया बिरजू सिंह, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कुन्दा के सिकीदाग में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सिकीदाग के पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ विपिन कुमार भारती,मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वही मुखिया अनिता देवी व पंसस दिव्या कुमारी ने बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया।सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अलग-अलग विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना।वही अबुआ आवास योजना, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, सावित्रीबाई फुले योजना, समाजिक सुरक्षा कम्बल वितरण, समाजिक सुरक्षा धोती साड़ी वितरण, समाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन, आजीविका, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना मनरेगा, वन विभाग, बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग (किसान क्रेडिट कार्ड), श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, भूमि सुधार, 15 वीं वित्त, स्वास्थ्य एवं पोषण, निर्वाचन, पशुपालन, मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग, बैंक, सीएससी, मनरेगा, पशुपालन एवं गव्य विकास, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, मनरेगा, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, उज्जवला योजना समेत कई विभागों ने लोगो की समस्याओं का निष्पादन को लेकर आवेदन लिया। वही शिविर में जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच 14 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का चेक सौपा गया। कुल 1416 आवेदन प्राप्त हुवे जिसमें मौके पर 434 मामलें को निष्पादन कर दी गई। जबकी 982 आवेदन अभी लंबित हैं।आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके ही द्वार तक सरकारी सुविधा उपलब्ध करवाना है। राज्य सरकार के द्वारा सरकार आपके द्वार के तहत लोगों की समस्या को दूर करने को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि शिविर के माध्यम से लोग अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक होकर अपने अधिकार को प्राप्त कर सकें।वही सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम सरकार आपके द्वार से दूसरी बार बीटीएम सुजीत कुमार गुप्ता नदारद रहें। लगातार क्षेत्र से गायब रहते हैं ऐसा हमेशा शिकायत मिलती रही है अब तो सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम से भी नदारद हैं।वही बीडीओ ने शिविर में लगे विभिन्न स्टॉलो का निरीक्षण किया और जरूरत मंद बुजुर्गों को तत्काल पेंशन की स्वीकृति दिया एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल, साड़ी, धोती वितरण किया। वही शिविर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कुन्दा थाना पुलिस मुस्तैद रही। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, उपमुखिया किशोर यादव, पंचायत सेवक रामजी साव, जनसेवक राजू रंजन, एटीएम सुधीर कुमार, रोजगार सेवक मिथलेश कुमार, वार्ड सदस्य गुलाब यादव, पिंटू कुमार, वनरक्षी, मनरेगा, पेंशन, आवास कंप्यूटर ऑपरेटर, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, सभी सीएससी बीएफ़टी समेत अन्य कर्मियों ने शिविर मे अपना योगदान दिया।

## नगर निगम हजारीबाग द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वार्ड संख्या 14 तथा 17 के लिए अनंदा स्कूल में शिविर लगाया गया ।इस कार्यक्रम में शहरी निवासियों के लिए सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं से जरूरतमंदों को रूबरू कराते हुए उन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जा रहा है ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न हो। नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने लाभुकों के बीच कंबल, धोती सारी का वितरण किया। इस शिविर में नगर निगम से तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया।शिविर में होल्डिंग टैक्स से 4, ट्रेड लाइसेंस से 3, किशोरी समृद्धि योजना से 9, पी एम एम वी आई से 1, कन्यादान योजना से 1 आवेदन प्राप्त हुआ। जरूरत मंदो के बीच कंबल तथा 23 धोती साड़ी वितरण किया गया एवं 47 लोगो ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। अगला शिविर पशु चिकित्सालय में दिनांक 5-12-2023 को वार्ड 2, 20, 21, 22 के लिए लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के नेतृत्व में अनंदा चौक, झंडा चौक ,बंशीलाल चौक, डिस्ट्रिक्ट मोड़ के पास अतिक्रमण हटाया गया। वहां पर जल्द से जल्द अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया गया ।अतिक्रमण नही हटाने पर निगम नियमसम्वत कार्यवाही करेगी।इस दौरान सहायक नगर आयुक्त, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## सांसद के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष ने अमित शाह का किया स्वागत, कई निर्देश प्राप्त किए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के आगमन हजारीबाग मेरु कैफ में हुआ। इस मौके पर हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के साथ बरही मडल अध्यक्ष अमित साहू व सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। इस वैचारिक मुलाकात में ही झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति से आवगत हुए और कई निर्देश दिया। मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता बंधन यादव सहित कई भाजपा के वरीय लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की पुणे में मौत

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। लगातार उनकी मौत की खबरें आती है, अखबार की सुर्खियां बनती है। परिजनों को उसी बदहाली में जीवन गुजर-बसर करने को मजबूर होना होता है। विगत 15-20 दिनों के भीतर लगातार चार प्रवासी मजदूरों की मौत के बाद पाँचवी घटना में एकबार फिर हजारीबाग जिले के विष्णुगढ प्रखंड के एक और मजदूर की मौत महाराष्ट्र के पुणे में बिल्डिंग से गिरने से ईलाज के दौरान हो गई। बताया जाता है कि विष्णुगढ थाना के चानो निवासी स्वर्गीय लोकाना राम के पुत्र मिठुन रविदास की पुणे में पिछले 5 नवम्बर की सुबह 11 बजे काम करने के दौरान पहले मंजिला बिल्डिंग से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे बेहतर ईलाज के लिए डीवाई पाटिल अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां गुरूवार रात करीब एक बजे ईलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो- रोककर बुरा हाल है।वह राज मिस्त्री के रूप में कार्यरत था।मृतक मिठुन राम अपने पीछे मालती देवी,विकलांग पुत्र सुनिल कुमार(24), पुत्री राधा कुमारी(18), पुत्र कुमार(16)और नंदनी कुमारी(14) छोड़ गया। इस दुःखद घटना को लेकर प्रवासी हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने कहा कि झारखंड के हजारीबाग, गिरीडीह, बोकारो आदि जिले के अधिकतर निवासी काम की खोज एवं दूसरे प्रदेशों में कार्य करने के लिए पलायन कर चुके हैं।

## सहारा इंडिया में लोगों का जमा पैसा जल्द लौटाए केंद्र : डॉ. आरसी मेहता

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रमंडलीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार के तहत शुक्रवार को इचाक प्रखंड के करियादपुर, उरुका मांगुरा, जमवारी एवं झुमरा का दौरा किया। भ्रमण सभा में श्री मेहता ने कहा कि गरीब जनमानस प्रतिदिन 10 रु से लेकर हजारो रू तक सहारा इंडिया में जमा किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सहारा में जमा रुपए जल्द लौटाए जायेंगे, जो जुमला साबित हो रहा है। डॉ. मेहता ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जनता अपनी समस्याओ के निराकरण हेतू पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाएं।प्रखंड में एलपीसी दाखिल खारिज को लेकर अधिकांश लोग इचाक अंचलाधिकारी के कार्यशैली से असंतुष्ट है। जन मानस बेबस है केन्द्र एवं राज्य सरकार संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान करें। भ्रमण कार्यक्रम में शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रो बीके मेहता प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, मंडल अध्यक्ष चंद्रदेव मेहता, गिरधारी महतो मौलाना मुख्तार, जितेश्वर मेहता, कोऑपरेटिव जिला अध्यक्ष राजकुमार मेहता, पंचायत अध्यक्ष सूरज दास, कुलदीप राम जलेश्वर यादव, बसंत राम मिथिलेश शर्मा समेत कई अन्य सम्मिलित हुए।

### बरही शिव मंदिर में विहिप की बैठक संपन्न

## दीपावली की तरह मनाए प्रभु श्री रामलला का स्थापना दिवस : गुरूदेव गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड परिसर बरही स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विहिप की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रभु श्री राम के मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री रामलला को पूजित अक्षत वितरण एवं आम जनमानस को आमंत्रित करने को लेकर की गई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद प्रखंड ईकाई के द्वारा समस्त सनातन परंपरा मनाने वाले रामभक्त कार्यकर्ताओं उपस्थित हुवे। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नन्द किशोर कुमार एवं संचालन मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता सशरीर उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित रामभक्तों को संबोधित करते हुए जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने कहा कि हम सभी रामभक्त सौभाग्यशाली हैं कि प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा को अपनी आँखों से देख पायेंगे। हमारे पूर्व की पीढ़ियां और आनेवाली पीढ़ियाँ भी इस पल की साक्षी नहीं हो पायेंगी। प्रभु श्री राम लला का पूजित अक्षत को घर घर पहूंचाने का कार्य हम सभी रामभक्तों को करना है और सनातन समाज को श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आमंत्रित करना है। समाज से इस दिन को भव्य दीपावली के रूप में मनाने का आग्रह करना है, हर मंदिर, गांव एवं घर में उत्सव मनाने का आग्रह करना है।

## अग्निकांड में घायल से मिलने आरोग्यम अस्पताल पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बीते सोमवार को हजारीबाग शहर के मालवीय मार्ग कालीबाड़ी के समीप गायत्री टेंट हाउस में अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मुलाकात करने के लिए शहर के सबसे चर्चित आरोग्यम अस्पताल परिसर सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे। सांसद ने अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने एक वर्षीय नन्हे बच्चे को अपनी गोद मे खेलाया, घायल लोगों के साथ मौजूद परिजनों से घटना के विषय में पूरी विस्तार रूप से जाना। वही 6 वर्षीय नन्ही बच्ची की मौत पर संवेदना प्रकट किया। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अग्निकांड की घटना काफी दुखद है, इस घटना में 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। परिजनों के द्वारा सबसे पहले बच्ची को सरकारी अस्पताल में लाया गया था अगर वहां पर सुविधा उपलब्ध होती तो आज बच्ची हम सबों के बीच होती पर राज्य सरकार के खराब रवैया के कारण यह सब हो रहा है। साथ ही कहा की अग्निकांड में घायल हुई लोगो को हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा।मौके पर निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की सोमवार को शहर में अग्निकांड में घायल हुई सभी लोग स्वस्थ होकर अपने घर की ओर प्रस्थान कर गए हैं साथ ही सांसद जयंत सिन्हा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आरोग्यम अस्पताल लोगों की सेवा के लिए हर वक्त मुस्तैद रहता है।

## 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह में सरस्वती शिशु विद्या कुम्हारटोली की बहनों ने शिशु वर्ग में तृतीय पुरस्कार जीता



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विद्या विकास समिति ,झारखंड द्वारा आयोजित 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह शिशु वर्ग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा ,धनबाद में बीते 28 नवंबर से 30 नवंबर तक संपन्न हुआ । उक्त समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली , हजारीबाग की बहनों ने शिशु वर्ग में तृतीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया । बहनों की इस शानदार जीत से विद्यालय के प्राचार्य, दिनेश कुमार मिश्र ने बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने भी विजेता बहनों को शुभकामनाएं दी है ।प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी बहनों ने विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में की थी । समारोह में बहने संरक्षक आचार्य रणजीत सिंह यादव, तारकेश्वर राय एवं शेखा कुमारी के नेतृत्व में भाग ली ।

## युवाओं को साइबर क्राइम और ऑनलाइन ठगी से बचाना ही कार्यक्रम का है मुख्य उद्देश्य : निदेशक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार और वर्कशॉप की तैयारियां पूरी की जा चुकी है. कार्यक्रम निर्धारित समय पर। संपन्न करवाने के लिए प्रतिभागियों का रिपोर्टिंग सुबह दस बजे से प्रारंभ हो जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीओ और एसडीपीओ पूर्वाहन ग्यारह बजे करेगे। उक्त जानकारी सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने बताया कि उनका केंद्र पिछले 25 वर्षो से बरही में कंप्यूटर के क्षेत्र में क्रांति लाने का काम किया है. इसका यहां की जनता साक्षी है। उन्हे गर्व है कि उनके छात्र झारखंड सहित देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों में भी कार्यरत है।उनके केंद्र का अधिकतर विद्यार्थी रोजगार कर रहे है या स्वनियोजित है. केंद्र निदेशक ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र के रजत जयंती के समापन समारोह का शुरुआत है. जो आगामी 23 दिसंबर को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न होगा।

## विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी और पैरामेडिकल द्वारा शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर जगदीशपुर गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रमुख ने इस मौके पर कहा कि सावधानी और जागरूकता हीं एड्स का इलाज है। कार्यक्रम में एचआईवी एड्स से जुड़ी जानकारी, स्वास्थ्य जाँच अभियान, और संवाद सत्रों का आयोजन किया गया।

## धनवार पंचायत में होगी ज्ञान केंद्र की स्थापना विद्यार्थी उठा सकेंगे इसका लाभ : राजेन्द्र प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत सहित 8 पंचायतों में ज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। इस संबंध धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने बताया की हमारा पुस्तकालय हमारी नई उड़ान पंचायती राज विभाग की अनूठी पहल के तहत पढ़ने और ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धनवार पंचायत में ज्ञान केंद्र की स्थापना की जानी है। इसके तहत ग्राम पंचायत में एक ऐसे केंद्र की परिकल्पना की गई है। जहां पुस्तकालय के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, सूचना केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र होगा। उन्होंने कहा की उक्त केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं के साथ पाठ्य पुस्तकें, ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा की इन केंद्रों की स्थापना से पंचायत में रह रहे ग्रामीण छात्र - छात्राओं को लाभ मिलेगा, पठन- पाठन की बेहतर पुस्तकें उपलब्ध होगी। जिससे पंचायत स्तर के अधिकारी वा कर्मी को भी पुस्तकालय से लाभ होगा।

## आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में उमड़े ग्रामीण 10105 आवेदन आये



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 1 दिसंबर को भी शिविर लगाया गया, जिनमें बरकट्ठा प्रखण्ड के सलैया, बरही प्रखण्ड के केदारूत, बड़कागॉंव प्रखण्ड के कांडतरी, केरेडारी प्रखण्ड के हेवई, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के डांटोखुर्द, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के सारूकुदर, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के सिन्दूर, चौपारण प्रखण्ड के चौपारण पंचायत में तथा नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 14 एवं 17 के लिए आनंदा स्कूल में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया। आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर लोगों का उत्साह जारी रहा।

**सभी योजनाओं को लेकर उत्साह :**

अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 48003 आवेदन प्राप्त किये गये हैं जिनमें 9537 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 102 आवेदन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 28149 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 1512, सर्वजन पेंशन के 1171, मुख्यमंत्री पशुधन के 948, बिरसा सिंचाई कूप संवंधन योजना के 280, गुरूजी क्रेडिट योजना के 485, मनरेगा के 977, लगान रसीद के 487, केसीसी- 356, भूमि म्यूटेशन के 112 , राशनकार्ड संशोधन 474 , जाति प्रमाण पत्र 309 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये। वहीं 316 लोगों के आधार निबंधन एवं सुधार ऑन द स्पॉट किया गया।

**परिसम्पत्तियों का वितरण :**

इन शिविरों के दौरान अबतक 4161 आवेदन के विरुद्ध 2900 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया। साथ ही 3815 आवेदन के विरुद्ध 2554 लाभूकों को योजना के तहत धोती - साड़ी का वितरण किया गया। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया।

**2 दिसंबर, 2023 को इन स्थानों पर लगेगा शिविर :**

आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 2 दिसंबर को भी शिविर लगेंगे। जिनमें इचाक के कारामाटी, बरकट्ठा प्रखण्ड के झुरझुरी, बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा, बड़कागॉंव प्रखण्ड के सांढ़, कटकमसाण्डी प्रखण्ड के बरगड्डा, विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेड़ाहरियारा, सदर हजारीबाग प्रखण्ड के सखिया, डाड़ी के हेसालौंग, चौपारण प्रखण्ड के ताजपुर पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

## विष्णुगढ़ में जंगली हाथियों ने प्रखंड मुख्यालय के आसपास मचाया उत्पात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ के प्रखंड मुख्यालय ब्लॉक परिसर के आस-पास के इलाके में घुसकर तीन जंगली हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात को काफी उत्पात मचाया । हाथियों के डर से लोग रात भर रतजगा कर रात गुजारी । हाथियों के झुंड ने प्रखंड कार्यालय की चहारदीवारी को भी नुकसान पहुंचाया है। इसके अलावा प्रखंड कार्यालय के आसपास के कई घरों की चहारदीवारी को तोड़कर बाड़े में लगी फसल को भी चट करने के बाद पैरो से रौंद दिया। बताया जाता है कि बुधवार की रात को अचानक तीन हाथी का झुंड चेडरा स्थित प्रखंड कार्यालय के करीब आ धमके। प्रखंड कार्यालय से साप्ताहिक हाट जाने वाले रास्ते में अवस्थित अवध राम की चहारदीवारी तोड़कर बाड़े में लगी अरहर तथा ईख की फसल को चट कर गए। इसके अलावा एक अन्य घर की चहारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहां उत्पात मचाते हुए हाथी प्रखंड कार्यालय के करीब पहुंचे और पीछे की तरफ चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद हाथी जंगल की ओर निकल गए। विष्णुगढ़ के सघन इलाके में पहली बार जंगली हाथियों के झुंड के आ धमकने की घटना सुनकर लोग हतप्रभ हैं। हाथियों के विष्णुगढ़ के सुदूरवर्ती गांवों में आ धमकने और उत्पात मचाने की कई घटनाएं होते रहती है।

## सेवानिवृत हुवे सहायक अवर निरीक्षक कामेश्वर सिंह का सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही महिला थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक कामेश्वर सिंह के सेवानिवृति पर अपेम वेलफेयर फाउंडेशन एवं बरही प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वधान में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय में किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सह अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने कामेश्वर सिंह के कार्यों को लोगो के बीच बतलाया और कहा की ये सिर्फ पुलिस प्राधिकारी के रूप में नही थे, बल्कि एक गार्जियन के रूप में बरही वासियों को सेवा दिए है। वहीं सेवानिर्वित हुवे कामेश्वर सिंह ने कहा की में बरही वासी को सदैव अपना समझा और बरही वासियों ने भी हमें अपना समझा है। हमने 1988 से पुलिस विभाग में सेवा दी, लेकिन सबसे अच्छा हमें बरही थाना व बरहीवासी लगे इसलिए मैं बरही में ही अपना निवास स्थान बनाया। वहीं उन्होंने कहा की आगामी 3 तारीख को बरही ब्लॉक मैदान में शिव गुरु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमे आप सभी आमंत्रित है।

## 28वां अखिल घाटी शतरंज प्रतियोगिता, मेजिया ताप विद्युत केन्द्र बना विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम परियोजना में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण-सह-समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि अंजनी कुमार दुबे, कार्यकारी निदेशक सह अध्यक्ष, डीवीसी सेंट्रल स्पोर्टस काउंसिल और विशिष्ट अतिथियों में संजय कुमार, निदेशक व परियोजना प्रमुख अमीत शील, मुख्य अभियंता, टीएससी थे । प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम के विभिन्न परियोजनाओं की पांच टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता टीम वर्ग और व्यक्तिगत वर्ग दोनों में रॉबिन लीग आधार पर आयोजित की गयी । इस प्रतियोगिता में 12 अंकों के साथ मेजिया ताप विद्युत केन्द्र विजेता और हजारीबाग परियोजना 11 अंकों के साथ उप विजेता रही । व्यक्तिगत स्पर्धा वर्ग में राजीब लोचन, मेजिया ताप विद्युत केन्द्र, नवीन कुमार, हजारीबाग परियोजना अरूप रॉय, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र, सुनील कुमार महापात्रा, बोकारो ताप विद्युत केन्द्र,

## विष्णुगढ़ में दिव्यांगजनो की जांच के लिए शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम(भारत सरकार उपक्रम)भुवनेश्वर के द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, महिला एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एडीआईपी योजना के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत आदेशानुसार विष्णुगढ़ में प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चेडरा पंचायत मुखिया निर्मल कुमार, पंसस मुन्नी देवी समेत पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने दीपप्रज्वलन कर किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के व्यस्तम शेड्यूल से समय निकालकर शिविर में उपस्थित होकर जानकारी देते हुए बताया कि शिविर दिव्यांगजनो की जांचोपरांत आवश्यक यंत्र /उपकरण उपलब्ध कराए जाने का निशुल्क मूल्यांकन शिविर है। इस शिविर में दिव्यांगजनो की जांचकर उन्हें आवश्यकतानुसार ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी,

## स्व. रफीक अंसारी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट का विजेता बना हादी एकादश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फहिमा अकादमी के मैदान में स्व रफीक अंसारी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल शुक्रवार को खेला गया। जिसमे बतौर अतिथि हज़ारीबाग एथेलेटिक्स असोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट सह बैडमिंटन कोच रेयाजूल इस्लाम मौजूद थे। स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने टॉस कर मैच की शुरुवात की। फाइनल में पहुंची टीम हादी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए अदीब के बनाए 40 रनों की बदौलत 63 रन बनाये। इसके जवाब में टीम अमन मात्र 35 रन ही बना पाई। टीम हादी ने 28 रन से मैच जीतकर खि़ताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ़ द मैच का खि़ताब अदीब आलम को मिला। मौके पर प्राचार्या फरहा फातमी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के ऐसे आयोजन से छात्र खेल भावना एवं अनुशासन सीखते हैं।

## उपायुक्त पहुंचे सेरेंगडीह में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा खूंटी नगर पंचायत अंतर्गत सेरेंगडीह में आयेजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे। शिविर में लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। संबंधित स्टॉल पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली गई। साथ ही आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मौके पर उपविकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मौके पर उपायुक्त ने सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि झारखंड सरकार द्वारा शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देष्य अधिक से अधिक लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के निमित लोगों को जागरुक किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने लोंगो से अपील की कि शिविर में आकर अपनी शिकायतें व समस्याओं से संबंधित आवेदन दें, यथासंभव ऑन दी स्पॉट निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का पक्का आवास प्रदान करने के उद्देष्य से झारखंड सरकार द्वारा अबुआ आवास योजना प्रारंभ की गई है। उपायुक्त ने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान का प्रयास किया जा रहा है। शिविर के दौरान कल्याण मंच के तहत सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,, जॉब कार्ड सहित अन्य योजनाओं के तहत लाभों का वितरण किया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा लाभुकों के घोती,साड़ी, बाल विकास परियोजना द्वारा आंगनबाड़ी के बच्चे-बच्चियों के मध्य स्वेटर तथा समाजिक सुरक्षा योजना के तहत कंबल का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगे स्टॉल पर लोगों की समस्याओं एवं योजनाओं से लाभ प्राप्त करने संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। आन दी स्पॉट संबंधित विभाग द्वारा आवेदनों का यथासंभव निष्पादन करने का प्रयास किया गया। साथ ही विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी और योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ लेने की अपील की गयी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद ,बिरसा आवास योजना आदि योजनाओं से विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही जागरूक होकर योजनाओं से लाभ लेने की अपील की गयी।

## विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के सभागार में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी एड्स कंट्रोल सोसायटी, रामगढ़ डॉक्टर स्वराज की अध्यक्षता में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर स्वराज, रामगढ़ महाविद्यालय की प्रधानाचार्य अनामिका, प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एड्स से बचाव व उससे होने वाले नुकसान से अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं को सभी लोगों से अपील करने का अनुरोध किया कि एड्स की रोकथाम जागरूकता एवं संयम बरतने से ही किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान डीपीसी एनएचएम रंजीत कुमार सिंह, आईसीटीसी हरेराम प्रसाद, एलटी आईसीटीसी बदर इमाम, एलटी पतरातू विजय कुमार, एलटी मांडू रघुवंशी चौधरी, टीबीएचवी सुशांत कुमार, फील्ड ऑफिसर संदीप शेखर प्रसाद एवं रमेश नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## बृज किशोर पासवान के अध्यक्ष बनने पर पिपरवार के लोगों ने दी बधाई

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया एससी/एसटी/बीसी इम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन कांउसिल के सीसीएल महामंत्री बृजकिशोर पासवान को काउंसिल का कोल इण्डिया अध्यक्ष बनाये जाने पर काउंसिल के पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी के द्वारा बधाई दी गई है।काउंसिल के सदस्यों ने बताया कि डब्लुसीएल मे आयोजित काउंसिल की बैठक सह सेमिनार मे राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी ने सीसीएल के महामंत्री बृज किशोर पासवान के बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें काउंसिल का कोल इंडिया अध्यक्ष बनाया गया है।इसके अलावा नन्द किशोर मंडलिक को महासचिव और बाबा पूसाम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।इधर बृज किशोर पासवान को काउंसिल का कोल इंडिया अध्यक्ष बनाए जाने पर पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने बधाई दी है।बधाई देने वालों में काउंसिल के सीसीएल उपाधक्ष इकबाल हुसैन, पिपरवार सचिव रतन लाल, रामचंद्र उरांव,रामेश्वर भोगता, एसडी राम,रोशन गुप्ता,चंदन कुमार,गणेश भुइया सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## उप विकास आयुक्त ने जागरुकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने समाहरणालय परिसर से लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए



जा रहे वीआर जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।यह जागरूकता वाहन जिले प्रत्येक गांव में पहुच कर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकरी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल कुमार गुप्ता ने जागरूकता रथ में लगे एलईडी स्क्रीन एवं वीआर बॉक्स का जायजा लिया साथ ही वाहन चालक को प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को योजनाओं से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।

# रामगढ़ के रांची रोड में अज्ञात अपराधियों ने दिया बड़ी चोरी की घटना को अंजाम

### लाखों रुपए के जेवरात और नगद की हुई है चोरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड में एक प्रसिद्ध व्यवसाय के बंद आवास से अज्ञात अपराधियों ने लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया हैद्य रामगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं में वृद्धि होते जा रहा हैद्य आए दिन शहर के किसी न किसी क्षेत्र से चोरी की घटनाओं की समाचार सामने आ रही हैद्य यह सिलसिला पिछले काफी दिनों से चल रहा हैद्यजानकारी के अनुसार रामगढ़ के रांची रोड में प्रसिद्ध उद्योगपति अशोक कुमार जैन के भाई विनय कुमार जैन के घर में अपराधियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया हैद्य जानकारी के अनुसार अशोक जैन और विनय जैन अपनी बहन के निधन की सूचना पर दिल्ली गए हुए हैंद्य जानकारी के अनुसार विनय कुमार जैन परिवार के साथ बीते दो दिनों पूर्व दिल्ली गए हैंद्य वहीं बीते 30 नवंबर की रात को अज्ञात अपराधियों ने विनय कुमार जैन की बंद घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया हैद्य विनय कुमार जैन के का पुत्र रोहित कुमार जैन रांची से रामगढ़ पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी लेकर रामगढ़ थाना को सूचना दिया है। बताया गया कि अपराधियों ने बीती रात को घर के कई अलमारी का ताला को तोड़कर चोरी की घटना को आराम से अंजाम दिया हैद्य घर के हालात बता रहे थे कि इस चोरी की घटना में एक से अधिक अपराधी शामिल थेद्य वही बताया जा रहा है कि इस घटना को जानकारी लोगों ने ही अंजाम दिया होगाद्य क्योंकि अपराधियों ने उसे घर के दरवाजे को तोड़ा हैद्यजिस घर में अलमारियां रखी हुई थीद्य चोरों ने घरों में रखे अलमारी को जमीन में गिराकर उसके लॉक को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दियाद्य घर के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घर के अलमारी में काफी जेवरात रखे गए थेद्य अलमीरा में रखे जेवरात को अपराधियों ने गायब कर दिया हैद्य इस संबंध में रोहित जैन से पूछने पर उन्होंने बताया कि कितने के समान, जेवरात और नगद चोरी हुए हैं,अभी बताना मुश्किल हैद्य लेकिन अलमीरा में रखे काफी जेवरात की चोरी हो चुकी हैद्यजिसकी कीमत कई लाख रुपये हो सकते हैं।

# उपायुक्त के निर्देशानुसार ईट भट्ठा संचालकों के लिए हुआ कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में शुक्रवार को ईट भट्ठा संचालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन संभलनायक सभा कक्ष में किया गया। उक्त कार्यशाला में खनन विभाग, श्रम विभाग , कारखाना संचालन, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से संबंधित नियमों की जानकारी ईट भट्ठा संचालकों को दी गई।खनन विभाग द्वारा सभी संचालकों को स्वामिस्व एवं अन्य करो का ससमय भुगतान का निर्देश दिया गया। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम मजदूरी संबंधी कानून की जानकारी दी गई। साथ ही भवन एवं अन्य निर्माण कार्य, विभिन्न अधिनियमों की जानकारी दी गई । प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि द्वारा कंसेंट टू एस्टेबलिश संबंधीत मानकों की जानकारी दी गई। साथ ही बिना अनापत्ति प्रमाणपत्र के ईट भट्ठा का संचालन किसी भी हालत में नहीं करने का निर्देश दिया गया।सभी ईट भट्ठा संचालकों को अविलंब प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के यहां अनापत्ति प्रमाणपत्र हेतु आवेदन देने का निर्देश दिया गया। कारखाना निरीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी ईट भट्ठा, कारखाना अधिनियम के तहत निबंधन हेतु अविलंब आवेदन दाखिल करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ईट भट्ठा में किसी भी परिस्थिति में बाल मजदूर को नियोजित नही करेंगे। कार्यशाला में ईट भट्ठा संचालकों की समस्याओं यथा अंचलाधिकारी एवं वन विभाग से अनापत्ति मिलने में विलम्ब होने की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। संबंधित विभागों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यशाला में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ श्रम अधीक्षक, रामगढ़, कारखाना अधीक्षक, रामगढ़ सहायक वैज्ञानिक , झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद एवम अन्य उपस्थित थे।

# डॉ. एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रजरप्पा :** डॉ एस राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय लारी, रामगढ़ के प्रागंण में शुक्रवार को अर्जुन मुण्डा (केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार) का आगमन हुआ। जिसमें महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन सह जागरूकता कार्यक्रम का निरीक्षण किये। सर्वप्रथम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा, जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार मुण्डा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने किया गया। शिल्प प्रदर्शन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोकल फॉर वोकल के तहत ढोकरा, जुट, टेराकोटा, सोहराई पेंटिंग, बॉस क्राफ्ट शिल्पकारी (विकास आयुक्त, हस्तशिल्प, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, रांची, झारखण्ड) द्वारा संचालित किया गया। इसके तहत बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने भारत सरकार की उपलब्धियों के बाते कही साथ हीद्य हमारा भारत 2047 में आजादी के 100 वर्ष मनाने की तैयारी में है एवं उन्होंने कहा कि जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा में 38,000 (अडतीस हजार) शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। साथ ही साथ उन्होंने ने प्रशिक्षुओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में बेहतर नागरिक बनने की बाते कहीं। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा एवं अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, संजु रंजना होरो,परवेज अखतर, डॉ. अशोक राम ( एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी ) , सोनम सिन्हा, संजु उरांव डी. एल. एड. के व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, सुप्रिया बर्मन, बाबुचंद प्रसाद, सुलेखा कुमारी, बाबुलाल महतो (शारीरिक शिक्षक), शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकीता कुमारी (कार्यालय अधीक्षक) , निशा कुमारी (पुस्तकालयाध्यक्ष) ,गुप्ता (लेखापाल), नंदलाल कुमार ,उमेश कुमार, पवन कुमार (तकनीकी सहायक), सुनीता वर्मा, सावित्री देवी, सुनीता देवी, पंकज करमाली, पंचम चौधरी, निर्मल महतो (माली) तथा बी. एड. एवं डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

## सदर अस्पताल रामगढ़ में विश्व एड्स दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के निर्देशो का पालन करते हुए सदर अस्पताल रामगढ़ में पीएलवी विजय कुमार सिंह, अशोक ठाकुर, टिकेश्वर प्रसाद महतो, शीला कुमारी, मीना कुमारी आदि के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एड्स से बचाव कैसे हो इसके बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही बताया गया कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है, इसका कोई इलाज नहीं है। सजगता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। अस्पताल में स्वास्थ जांच कराने आए लोगो को एड्स के बारे में बताया कि एड्स कोई छुआ छूत की बीमारी नही है। एड्स संक्रमित सुई या गलत तरीके से यौन संबंध बनाने से होता है। हमे सावधान रहने की जरूरत है। एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है। एड्स कैसे फैलता है, इससे बचाव के तरीके, इसके टेस्ट, इससे जुड़े मिथक आदि के बारे में जानकारी देने की कोशिश की जाती है। लोगों में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को लेकर कई गलत अवधारणाएं होती हैं इस दिन उन्हें भी दूर करने की कोशिश की जाती है। इस दिन पूरे समाज को एक-जुट होकर एड्स से लड़ने के लिए प्रेरित करने की कोशिश की जाती है।

## प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में राय चूरी पश्चिमी, बमने पंचायत की टीम ने जीते अपने-अपने मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** गुलज़ारबाग खेल मैदान में खेले जा रहे प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में शुक्रवार को पहला मैच चूरी पूर्वी और मायापुर पंचायत की टीम के बीच खेला जाना था.लेकिन चूरी पूर्वी पंचायत टीम के नही पहुंचने पर मायापुर पंचायत की टीम को नेट गोल मरवाकर विजेता घोषित किया गया. दूसरा मैच खलारी और राय पंचायत की टीम के बीच खेला गया.जिसमे पेनाल्टी शूट आउट के माध्यम से राय पंचायत की टीम ने 5-4 गोल के अंतर से मुकाबला अपने नाम किया. तीसरा मैच विश्रामपुर पंचायत की टीम और चूरी पश्चिमी पंचायत की टीम के बीच हुआ.जिसमे चूरी पश्चिमी पंचायत की टीम 2-0 गोल से विजयी रही. चौथा मैच बमने पंचायत की टीम और चूरी उत्तरी पंचायत की टीम के बीच हुआ. जिसमे बमने पंचायत की टीम ने 2-0 गोल के अंतर से जीत दर्ज की. वहीं आज का पांचवा मैच हुटाप पंचायत की टीम और चूरी मध्य पंचायत की टीम के बीच खेला जाना था, लेकिन हुटाप पंचायत की टीम के नही पहुंचने पर चूरी मध्य के टीम से नेट गोल मरवाकर चूरी मध्य पंचायत की टीम को विजेता घोषित किया गया.इस मौके पर प्रखंड समन्वयक असित कुमार, कनीय अभियंता प्रवीण उरांव, बनने पंचायत समिति मनभावन कुमार लोहरा, चूरी उत्तरी की मुखिया ललिता देवी, चूरी मध्य की मुखिया सुनीता देवी, पंचायत सचिव पूषा मुंडा, विजय कुमार, रवि उरांव, मैदान सहायक एवं अन्य पंचायतों के खिलाड़ी मौजूद थे।

**आज खेले जायेंगे चार मैच**

खलारी : प्रखंड समन्वयक असित कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में शनिवार को चार मैच खेले जाएंगे.जिसमें पहला मैच लपरा पंचायत बनाम मायापुर पंचायत, दुसरा मैच राय पंचायत बनाम तुमांग पंचायत, तीसरा मैच चूरी पश्चिमी पंचायत बनाम चूरी दक्षिणी पंचायत एवं चौथा मैच चूरी मध्य पंचायत बनाम बमने पंचायत की टीम के बीच खेला जाएगा।

# दैनिक भोज्य में करें मिलेट्स का उपयोग : डॉ. अरुण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के उपलक्ष्य में कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ। बतौर रिसोर्स पर्सन बिरसा कृषि वि.वि. के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरुण कुमार ने सत्र को सम्बोधित कर मिलेट्स (मोटा अनाज) के उपयोग से होने वाले फायदे के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने पुष्प गुच्छ देकर रिसोर्स पर्सन डॉ अरुण कुमार का स्वागत किया। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे बेहतर स्वास्थ्य लाभ के लिये अपने अपने दैनिक भोज्य पदार्थ में मिलेट्स यथा ज्वार, बाजरा, माडुआ, कोदो, रागी, कूटकी का उपयोग शामिल करें। उन्होंने इसकी पोष्टीकता और इनमे पाए जाने वाले रोगों से लड़ने की प्रतिरोधत्मक क्षमता के बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा इसके इसकी पैदावार बढ़ाने के लिये किसानों को दी जा रही मदद व चलाये जा रहे स्कीम से सम्बंधित जानकारी भी दिया। बता दें कि मिलेट्स के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर वैश्विक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है और यही कारण है कि वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। चर्चा के दौरान प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन के अलावा डॉ ए भट्टाचार्य, डॉ पी एस शर्मा, डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ शालिनी सिंह आदि वरिष्ठ शिक्षक मौजूद थे।

## बारलौग पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड के बारलोंग पंचायत के सचिवालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी अंचलाधिकारी सत्येंद्र पासवान एवं जिला परिषद सदस्य रामगढ़ के धनेश्वर महतो प्रखंड प्रमुख करुणा देवी मुख्य रूप से शामिल हुए अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर विधायक ने विधिवत रूप से उद्घाटन किया तत्पश्चात विधायक सुनीता चौधरी ने उपस्थित ग्रामीण को संबोधित करते हुए बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में त्वरित कारवाई किया जाता है तथा शीघ्र निष्पादन भी किया जाता है तथा पंचायत क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का बहुत ही जल्दी किया जाता है जिसका अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिलता है इस शिविर में उपस्थित लोग अपनी आवेदन जमा करें और इसका सीधा लाभ के हकदार बने शिविर के माध्यम से आजीविका महिला ग्रुप को 6 लख रुपए का ऋण एवं दूसरे महिला समूह को 5 का ऋण दिया गया इसके अलावे मनरेगा के तहत चल रहे बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया फुलेवाई योजना के तहत दर्जनों छात्राओं को ?2500 राशि का वितरण किया गया इसके अलावे आय जाति आवासीय मनरेगा योजना, निर्वाचन संबंधी , कृषि संबंधी, विधवा एवं वृद्धा पेंशन योजना आदि का सैकड़ो आवेदन लाभुको ने जमा किया लगभग 24 अलग-अलग विभाग के अलग-अलग स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाओं का निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया था।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा संख्या:- 298/RII/2023-24/RWD/KODERMA दिनांक :-01.12.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलितराशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/10/SRPKG/01/2022-23 | (i) हीरोडीह से सुगासांख भाया रेभनाडीह, कुशाहन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–7.850 कि0मी0) | 13,45,61,000/- | तेरह करोड़ पैंतालिस लाख एकसठ हजार रू0 मात्र | 09 (नौ) माह | तृतीय |
| | | (ii) बिरेन्द्र नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–7.600 कि0मी0) | | | | |
| | | (iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–1.200 कि0मी0) | | | | |
| | | (iv) तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी0 पथ से तितरचांच पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–4.750 कि0मी0) | | | | |
| | | (v) एन0एच0 से पथलगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–1.300 कि0मी0) | | | | |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–12.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–26.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.12.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR312435 (Rural Work Department)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।**

**अति अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**
(e-Procurement Call)

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या – 05/2022-23/RWD/SIMDEGA दिनांक – 01-12-2023
(प्रथम ई–निविदा सं0– 321/RI/2022-23/RWD/SIMDEGA)

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी: सतह नवीकरण–सह–विशेष मरम्मति योजनान्तर्गत शीर्ष (2515)**

| क्र0सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/SIMDEGA/12/SRPKG/02/2022-23 | I. सर्पमुण्डा पथ से बनगाँव तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 3.000 कि0मी0) | 7,96,29,015.00 | 9 माह | द्वितीय |
| | | II. चटीटोली कुरडेग मुख्य पथ से कराईगुड़ी बस्ती नदी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 3.225 कि0मी0) | | | |
| | | III. ठेठईटांगर बोलबा पी0डब्ल्यू0डी0 से कोरोंजो तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 4.000 कि0मी0) | | | |
| | | IV. लट्ठाखम्हन से बागचट्टा खरवागढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 3.040 कि0मी0) | | | |
| | | V. कोनमेंजरा खास बस्ती से सिमडेगा सीमाना भाया बाजार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 3.000 कि0मी0) | | | |
| | | VI. कुरडेग मुख्य पथ से मोबाईल टावर आसनबेड़ा बस्ती तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0 2.200 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 09-12-2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 16-12-2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 19-12-2023 अपराह्न 3:30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 312501 (Simdega) 23-24 (D)

## इंटर स्कूल कॉलेज टैलेंट हंट क्विज प्रतियोगिता

### दिलीप सिंह ने किया ऑनलाइन प्रकाशित रिजल्ट का उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साथी फाउंडेशन के द्वारा कराये गये इंटर स्कूल कॉलेज टैलेंट हंट क्विज प्रतियोगिता का ऑनलाइन प्रकाशित रिजल्ट का उद्घाटन शुक्रवार को युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह के हाथों से किया गया। संस्था के संचालक सह सचिव इरफान आलम के द्वारा उन्हे बुके तथा संस्था के उपाध्यक्ष सह आई नेक्स्ट के संचालक शुभंकर मित्रा द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। बीते 12 नवंबर 2023 को संस्था के द्वारा इंटर स्कूल कॉलेज टैलेंट हंट क्विज प्रतियोगिता करायी गयी थी। प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण समारोह 16 दिसंबर को 2 बजे से सिल्वर डॉव ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। मौके पर दिलीप सिंह ने सभी सफल प्रतिभागियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष शुभंकर मित्रा, शिक्षिका में नीमा परवीन, तैयबा परवीन एवं अमित सिन्हा, जिराकाहन सिंह, सुबो, उर्वशी, गुड्डू, सतीश आदि उपस्थित थे।

## प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी को दी गई विदाई



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय नूनीडीह कोलियरी झरिया 2 प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी के विदाई सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षको एवं अभिवाको ने उनकी उपलब्धयो एवं उनके साथ बिताये यादगार क्षणों को साझा किया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। वार्ड नंबर 38 के पार्षद जय कुमार ने कहा की समाज के उत्थान में उसकी अहम भूमिका है। गुरु कुम्भकार की तरह होता है। कच्चे घड़े की तरह छात्र को तराशने का काम करता है। प्रधानाध्यापिका पुष्पा रानी हमेशा ईमानदारी से ड्यूटी की और बच्चों को ज्ञानवर्धक शिक्षा दी। विद्यालय के वर्तमान प्रभारी इंद्र देव पंडित ने अपने संबोधन में कहा की ईश्वर से उनके लिए उत्तम स्वस्थ की कामना करता हूँ। जहां भी रहें स्वस्थ रहे लोगो का कल्याण करें। मोके पर उपस्थित जितेंदर वर्णवाल, विश्वनाथ प्रसाद, उत्तम कुमार मिस्त्री, राजीव कुमार, रेखा देवी, विना देवी, दयानंद विशकर्मा आदि उपस्थित थे।

## दम खम के साथ टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा जमशेदपुर के लिए रवाना




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा खेल महोत्सव में अपना जलवा दम ख़म के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर (जमशेदपुर) के लिए रवाना हो गई है। टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा से कुल 100 बच्चों ने लगभग 30 खेलो में भाग लिया है। जब की पूरे झारखण्ड से 78 स्कूल ने भाग लिया है। विद्यालय के प्रचार्य ए के मिश्रा ने कहा की अब डीएवी स्कूल को सरकार के द्वारा मान्यता (रेजिस्ट्रेशन) मिल गई है। यानि के खेल में जो बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेगे उन्हे भी अब नौकरी मिलेगी। उन्होने कहा की अगर खेलने वाला बच्चा अगर कम मार्क्स भी लाता है और वो खेल में अच्छा प्रदर्शन करता है तो वो भी 100 प्रतिशत है, उससे भी नौकरी मिलेगी। ए के मिश्रा ने कहा की खेलने जा रहे बच्चो को प्री बोर्ड एग्जाम की टेंशन लेने की ज़रूरत नहीं है। उन्हे प्री वोर्ड एग्जाम के लिए अलग से समय दिया जायेगा। सभी खेलाड़ी को बेस्ट ऑफ लक कह कर रवाना किया 7 आगे आगे खिलाड़ी पीछे पीछे सभी स्कूल के शिक्षक एवं बच्चो के अभिवाक चल रहे थे। टीम के साथ दो टीम लीडर दे साथ स्पोर्ट्स टीचर भी साथ में गए।

## साहित्य अर्पण मन की बात काव्य धार गोष्टी में शामिल हुए कवि भीम कुमार

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साहित्य अर्पण वैश्विक साहित्यिक मंच द्वारा सुनो कहानी के अंतर्गत झारखंड शाखा द्वारा मन की बात काव्य धार गोष्ठी ( कवि सम्मेलन ) का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड प्रांत के सम्मानित कवि एवं कवित्रियों ने भाग लिया। इस संस्था की स्थापना आदरणीया नेहा शर्मा जी ने दुबई में किया जिनका उद्देश्य हिंदी साहित्य को विश्व मंच पर सशक्त करने का है जिसे भारत के विभिन्न राज्यों की प्रमुख इकाइयों के द्वारा सहभागिता की जा रही है। इस गोष्ठी में झारखंड शाखा के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार वर्मा %मृदुल% ,सचिव श्रीमती शीलू मेघा, विशिष्ट अतिथि अभिषेक जी, मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा सिंह तथा अतिथि कवियों एवं कवयित्रियों में प्रो. महेश अमन,भीम कुमार, महेंद्र नाथ गोस्वामी %सुधाकर% अशोक कुमार आदी , ऋषभ सिंह ,लवलेश आदि ने अपनी रचनाओं के साथ काव्य पाठ किए। गावां (गिरिडीह) के कवि भीम कुमार ने इस काव्य गोष्ठी में ÷ मैं हूं झारखंड÷ कविता को प्रस्तुत किए । इस कविता के माध्यम से झारखंड की संस्कृति एवं पहचान,प्राकृतिक विविधता,सुरम्य एवं रमणीय वादियां,राजनैतिक परिदृश्य तथा धार्मिक स्थलों का सहज चित्रण किए। साथ ही इस अवसर पर प्रशस्ति पत्र से उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## सीएसपी संचालक के बाइक की डिक्की तोड़कर बदमाशों ने पैसे चुराए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** फिटकोरिया निजामुद्दीन ने बताया कि वे दोपहर 03:30 बजे बैंक से पैसे निकाली कर पॉलिथिन में भरकर बाइक की डिक्की में रखा था। बेंगाबाद चौक पर बाइक खड़ी कर कर पत्नी के साथ एक किराना दुकान से सामान खरीदने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने बाइक की डिक्की तोड़कर हाथ साफ कर लिया। जब दोनों बाइक के पास पहुंचे तो टुटी डिक्की देखकर उनके होश उड़ गए। मामले की सूचना बेंगाबाद पुलिस को दे दी गई। पुलिस बेंगाबाद चौक पर सीसी कैमरा के फूटेज खंगालकर अपराधियों की पहचान करने में जुटे हुए हैं।भुक्तभोगी फिटकोरिया में सीएसपी और किराना की दुकान चलाते हैं। रूपये चोरी की घटना से आहत निजामुद्दीन की पत्नी समीना खातुन का रो-रोकर बुरा हाल है। समीना ने कहा कि डिक्की में रुपए के आलावे बैंक पासबुक, वोटर, आधार कार्ड सहित कई अन्य दस्तावेज भी थे?। उच्चके बैंक शाखा से ही रैकी कर।

### मारपीट मामले में दलित महिला के पक्ष में न्याय की मांग को लेकर धरना

# पुलिस सहित डीएसपी पर महिलाओं ने लगाया गंभीर आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एक दलित महिला के साथ मारपीट वह जाति सूचक गली देने का मामला तूल पकड़ लिया है। इसको लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के नजदीक रणधीर वर्मा चौक पर महिलाओं ने सिंदरी डीएसपी पर पक्षपात करने को लेकर जमकर नारेबाजी की तथा रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। मामला डेढ़ माह पहले जमीन विवाद का है इसको लेकर राघवेंद्र कुमार पांडेय और महेश सिंह के द्वारा शिव बालक पासवान की पत्नी सुशीला देवी के साथ जमकर मारपीट की गई तथा जाति सूचक गाली गलौज भी की गई। घटना में उनके माथे पर गंभीर चोट आई है तथा मामले में वह काफी दिनों तक अस्पताल में भर्ती रही। इस मामले में संबंधित पक्ष द्वारा थाने सहित संबंधित डीएसपी को शिकायत की गई। लेकिन मामला दर्ज होने के बजाय पुलिस कार्रवाई करने के प्रति मूक दर्शक बनी हुई है। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारी महिलाओं क की शिकायत है कि इस मामले में सिंदरी के डीएसपी पीड़ित पक्ष को सुनने के बजाय विरोधियों की मदद कर रहे हैं। शिव बालक पासवान की पत्नी घायल सुशीला देवी न्याय की गुहार कर करके थक चुकी है। आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है जिससे स्थानीय लोगों में न केवल पुलिस बल्कि डीएसपी की प्रति भी आक्रोश है। इसी मामले में सुशीला देवी सहित दर्जन महिलाएं रणधीर वर्मा चौक पर धरना पर बैठी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि आरोपियों की गिरफ्तारी शीघ्र नहीं हुई तो वह आगे आमरण अनशन सहित आत्महत्या करने पर विवश होगी। जिसकी जवाबदेही पुलिस की होगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह शहर के राजेंद्र नगर के रहने वाला बुजुर्ग रामेश्वर दास की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इनका शव झरियागादी सिग्नल स्थित रानीसती मंदिर के पास मिला। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के काफी संख्या के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस बाबत मृतक का भतीजा धनराज दास ने की शव की पहचान करते हुवे बताया की रोजाना की तरह यह घूमने के लिए सुबह घर से निकले थे। भतीजा ने बताया की मानसिक तनाव के कारण इनका इलाज चल रहा था। हालाकि यह घटना किस वजह से हुई इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आ पाया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बलियापुर पूर्वी पंचायत - आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, जिला परिषद सदस्य उषा महतो, बीडीओ रामप्रवेश कुमार, 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण महतो, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, पंचायती राज पदाधिकारी मो आलम, सेवानिवृत्त ने उद्घाटन किया।

### सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार

# प्रिया कुमारी को शिविर में मिला जाति प्रमाण पत्र का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** बलियापुर प्रखंड के बलियापुर पूरब पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बलियापुर पूर्वी पंचायत की निवासी प्रिया कुमारी को ऑन द स्पॉट जाति प्रमाण पत्र मिला। प्रमाण पत्र की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया। प्रिया कुमारी ने कहा कि वे बहुत दिनों से जाति प्रमाण पत्र के लिए बनवाने के लिए परेशान थे। जब उन्हें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रचार रथ से पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है तो आज सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। लगभग एक घंटे में कागजात की जांच कर उनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत हो गया। जिसे डीसीएलआर सतीश चंद्रा,जिला सहकारिता पदाधिकारी रुमा झा एवं अंचलाधिकारी रामप्रवेश कुमार एवं प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी के द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।



## आपकी योजना-आपकी सरकार कार्यक्रम में शामिल हुए गिरिडीह विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के पिरटांड प्रखण्ड के चिलगा पंचायत में हेमन्त सरकार के चार साल पुरे होने के उपलक्ष्य पर आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वार के कार्यक्रम का उद्घाटन गिरिडीह विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने किया. इधर विधायक ने शिविर में उपस्थित जनता को हेमन्त सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी दी तथा उनकी समस्याओं को सूना. अधिकारियों को सम्बंधित मामलों में आवेदनों का तवरित निष्पादन का आदेश दिया. सभी स्टोल का निरीक्षण किया एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती, लूंगी, साड़ी, वितरित किया गया. अबुवा आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के नए अपडेट से लोगो को जागरूक किया. लोगों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में जनता स्थानीय शिविर में पहुंचे और योजनाओं से जुड़ लाभान्वित हों ।

## पुलिस ने अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गावां :** थाना क्षेत्र के गाढ़ीसांख, ककडियार, डूमरझारा व राजोखार में संचालित अवैध शराब भट्ठियों को गावां पुलिस और वन विभाग की टीम ने छापेमारी अभियान चला कर चार भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पंद्रह से बीस क्विंटल जावा महुआ और तीन से चार गेलन शराब को नष्ट कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गावां पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगलों में अवैध रूप से भट्ठी लगा कर जहरीली शराब का चुलाई किया जा रहा है। सूचना के बाद गावां पुलिस की टीम और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से युक्त स्थल पर छापेमारी चला कर अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए जावा महुआ और शराब को नष्ट कर दिया गया। टीम का नेतृत्व गावां थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात के द्वारा किया गया। जबकि वन विभाग के टीम में पवन चौधरी समेत कई कर्मी शामिल थे।



## महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने प्रेस को किया संबोधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** अनिल कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेल ने दिनांक 01.12.2023 को पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संवाददाता को संबोधित किया । संवाददाता सम्मेलन में महाप्रबंधक महोदय द्वारा छठ के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्रियों की सहुलियत के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी । उन्होंने बताया कि छठ के उपरांत यात्रियों को देश के विभिन्न भागों में कार्य पर वापस जाने हेतु इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 05 गुणा ज्यादा ट्रेनों का परिचालन किया गया जिनसे लगभग 08 लाख अतिरिक्त बर्थ की उपलब्ध कराये गये थे । पूर्व मध्य रेल के 50 प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के ठहरने हेतु होल्डिंग एरिया में टेंट लगाए गए थे । इन टेंटों में पीने की पानी की व्यवस्था, भोजन हेतु जनता खाना के पैकेट की व्यवस्था, ट्रेनों की एनाउनसमेंट की व्यवस्था, मेडिकल बूथ सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराये गये थे । स्टेशनों एवं ट्रेनों के जेनरल कोचों में लगभग 50 हजार निःशुल्क फूड पैकेट का वितरण किया गया । स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने हेतु एक वार रूम बनाया गया था जहां से 24×7 स्टेशनों की निगरानी की जा रही थी । इसके साथ ही स्टेशनों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जा रही थी । साथ ही स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल की अतिरिक्त टुकड़ियां लगायी गयी थी । ट्रेनों के साधारण श्रेणी के कोचों में प्रवेश हेतु रेलवे सुरक्षा बल एवं वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गयी थी जो यात्रियों को लाईन लगाकर बैठा रहे थे । महाप्रबंधक ने बताया कि भारतीय रेल अर्थव्यवस्था की वृद्धि का इंडिकेटर होता है । वर्ष 2017 के उपरांत जब से रेल बजट को आम बजट में शामिल किया गया है तब से भारतीय रेल के आधारभूत संरचनाओं एवं यात्री सुविधा हेतु आवंटन में कई गुणा वृद्धि हुआ है ।

पिछले वर्ष यह आवंटन 1.4 लाख करोड़ था तथा इस वर्ष यह आवंटन दोगुणा होकर 2.4 लाख करोड़ हो गया है । जबकि पहले यह आवंटन 20 से 24 हजार करोड़ रुपये का होता था । इसके साथ ही स्टेशनों के विकास हेतु पूरे भारतीय रेल पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 1309 स्टेशनों के पुनर्विकास की योजना है जिनमें से 508 पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है ।




## जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने पहुंच कर उनको अपनी समस्या से संबंधित आवेदन सौंपा। जनता दरबार में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने, सिक्योरिटी कंपनी में अधिक काम कराकर कम और विलंब से वेतन देने, विद्यालय द्वारा बीपीएल कोटा में नामांकन नहीं करने, बेटे के इलाज के लिए सहायता प्रदान करने सहित अन्य मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निष्पादित करने का निर्देश देते हुए अग्रसारित किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## शिलान्यास कार्यक्रम में जिप सदस्य ने बगोदर विधायक पर उपेक्षा का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखण्ड क्षेत्र के डबरसैनी मंदिर प्रांगण में बहुउद्देशीय समुदायिक भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय जिप सदस्य साजदा खातून को निमंत्रण नहीं दिया गया, जो चर्चा का विषय है।

इस बीच जीप सदस्य सजदा खातून ने शिलान्यास कार्यक्रम में निमंत्रण नही दिए जाने से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उनके मध्य भाग क्षेत्र में सरकारी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाता है । निमंत्रण नही मिलना राजनीतिक द्वेष बताया है। साथ हीं उन्होंने कहा कि जनता के द्वारा दिये गए वोट से लोग जनप्रतिनिधि बनते हैं । जैसे जनता वोट देकर विधायक को प्रतिनिधि चुना है वैसे ही जिप सदस्य को भी चुना गया है । ज्ञात हो कि इस कार्यक्रम में मध्य क्षेत्र के जिप सदस्य सरिता देवी को बुलाया गया परन्तु जिनके क्षेत्र में कार्यक्रम था उन्हें निमंत्रण भी नहीं दिया गया । इसके अलावा स्थानीय मुखिया भी कार्यक्रम में आमंत्रित थे । जिप सदस्य साजदा खातून ने कहा राजनीतिक इसारे पर उन्हें शिलान्यास कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जा रहा है ।



## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** हेमंत सरकार के चार साल पूरा होने एवं सरकार की आवाज गांव के आमजनो तक पहुंचाकर उन्हें योजनाओ की कड़ी से जोड़ने को लेकर आज शुक्रवार को पश्चिमी टुंडी के जाताखुटी पंचायत के सामने खुले मैदान में आपकी योजना -आपकी सरकार-आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर में अतिथियों ने विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के अलावे कई महत्वपूर्ण सरकारी परिसम्पतियों का वितरण ग्रामीणों के बिच किया. साथ ही बल विकास की और से आधा दर्जन से अधिक महिलाओ को गौद भराई एवं कई नवजात शिशुओं को मुँह झुठाई कराया गया. पंचायत के विभिन्न गाँवो से आए ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रण करने ले लिए टुंडी के अंचलाधिकारी रवि कुमार को मानियाडीह थाना से अतिरिक्त सुरक्षा बल के कर्मियों को बुलाना पड़ा।



### सरकार के योजनाओं का समुचित लाभ देना प्रशासन का संकल्प : रीना कुमारी

# भंडरा बाजार टांड़ में आपकी सरकार, आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा पंचायत स्थित बाजार टांड़ में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी अधिकारी आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 20 विभाग के स्टाल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर का उद्घाटन जिप अध्यक्ष रिना कुमारी, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश गुप्ता, जिप सदस्य राजमनी उरांव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, मुखिया इंद्रदेव उरांव, पंचायत सचिव तिवारी भगत, पंसस प्रतिमा उरांव ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। शिविर में ग्रामीणों द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास, जॉब कार्ड, वृद्धा पेंशन तथा राशन कार्ड के लिए दिए गए। इस मौके पर बीडीओ रंजीत सिन्हा ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि आपकी सरकार आपकी योजना आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जन समस्याओं के निष्पादन के लिए किया गया है। लोगों को सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ प्राप्त हो इसके लिए इस महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन हर पंचायत में किया जा रहा है। लोगों से अपील की कि सभी जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। जो लोग शिविर में आवेदन नहीं दे सके हैं, ऐसे लोग बाद में भी प्रखंड, अंचल या संबंधित विभाग में आवेदन देकर अपनी मांग रख सकते हैं। जिप अध्यक्ष रिना कुमारी ने कहा की गांव स्तर में ग्रामीणों को जो समस्या है। वह जनता दरबार में आकर अपनी समस्या को दूर कर सकते हैं। जनता दरबार में ग्रामीण अपनी समस्या को रखें उसे ऑन द स्पॉट निदान किया जाएगा। ग्रामीणों को इधर उधर नहीं भटकना पड़े। इसीलिए पंचायत स्तर में दरबार लगाया गया,ताकि ग्रामीणों के ऑन द स्पॉट समस्या का निदान हो सके। जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि यह ग्रामीणों की सेवा के लिए जनता दरबार लगाया गया है। यहां ग्रामीण आकर पेंशन, जमीन विवाद, फसल बीमा समेत अन्य योजनाओं के बारे में आवेदन देकर शिकायत कर सकते हैं। शिकायत पर तुरंत कारवाई की जाएगी। शिविर के माध्यम से महिला समूहों को ऋण, कम्बल, कई लोगों को वृद्धावस्था पेंशन का प्रमाण पत्र आदि परिसम्पति कार्यक्रम के दौरान सौंपा गया। कार्यक्रम मे जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। बीडीओ ने बताया कि शिविर में प्राप्त हुए आवेदन का निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा।

## ग्रामीण विकास विभाग सचिव ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 01 दिसंबर शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न गाँवो प्रखंड से संचालित विकास योजनाओं को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने प्रखंड के पंचागाई मे जलछाजन के तहत क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण कर लाभूको को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,वही सचिव ने बकरी पालन योजना के लाभूक से भी मिलकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न गांवों में क्षेत्र भ्रमण के दौरान जलछाजन अंतर्गत तालाब, कच्चा बांध आदि योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने योजनाओं में गड़बड़ी होने पर सीधे कार्रवाई की बात कही। इसके अलावे सचिव ने खंडा गांव में जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित फूलो-झानो योजना के लाभुकों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी आवश्यक निर्देश भी लाभुको को दी गई। उक्त निरीक्षण मे उपस्थित जिले के उप-विकास आयुक्त जय ज्योति समानता ने बीडीओ पवन कुमार महतो को निर्देश दिया कि योजनाओं में पारदर्शिता जरूरी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निरीक्षण के क्रम मे प्रविपदा0 के अलावा प्रखंड के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## अविराम द्वारा पंडरा गांव में एड्स सह मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान पंडरा गांव में पदाधिकारी कुंदन गिद्ध की देख रेख में चलाया गया। जिसमें लोगों को नुक्कड़ नाटक और दीवाल लेखन के माध्यम से जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी शिवशंकर के नेतृत्व में किया गया। इस अभियान में पंकज, पवन, मनु, अजय, शिव, कुन्दन गिद्ध एवं ग्राम प्रधान तथा भारी संख्या में ग्रामीणों में देवनाथ मुंडा, साजिद अंसारी, संसुद्दीन मियां, ललिता उरांव, सुरेंद्र उरांव, जिंगिया देवी, फूलों उरांइन, परमेश्वर उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जय श्रीराम समिति जिला एवं प्रखंड कमेटी हुआ भंग, जल्द संचालन समिति की होगी घोषणा : सुषमा सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जय श्रीराम समिति के कोर कमेटी की बैठक एसपी कोठी स्थित सुषमा सिंह के आवासीय परिसर में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में कोर कमेटी सदस्य एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो की जय श्री राम समिति का पिछला सत्र 2021- 23 को 2 साल का कार्यकाल पूर्ण हो गया। बैठक में कोर कमेटी के द्वारा नए सत्र का चुनाव से पहले वर्तमान कमेटी को भंग की गई द्य और आगे कहा गया नई सत्र 2024-26 के लिए संचालन समिति का जल्द गठन की जाएगी जो सदस्यता अभियान के साथ नए सत्र के लिए जिला के चयनित पदाधिकारी प्रखंडों में संचालन समिति बनाकर प्रखंड का चुनाव करवाएंगे तत्पश्चात जिला का चुनाव होगा। मौके पर कोर कमेटी सदस्य सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, जिला महामंत्री अजय साहू,प्रदीप साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, जिला मंत्री बजरंग करवा आदि लोग मौजूद थे।

# सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज द्वारा चलाया गया एड्स जागरुकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के सयुंक्त तत्वावधान में लोहरदगा,कुरु एवं किस्को प्रखंड के विद्यालयों एवं गाँव में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। जागरूकता सत्र में विद्यालय के आरोग्य दूत द्वारा विश्व एड्स दिवस के विषय पर जानकारी देते हुए बतलाया कि आज के दिन ही पूरे विश्व में एड्स के विषय पर जागरूकता लाने हेतु इस दिवस का आयोजन किया जाता है जिस से हम ज्यादा से ज्यादा लोंगो को इस बीमारी के फैलने के कारण और बचाव के विषय पर जागरूक कर पाए। सत्र संचालन में विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत आरोग्य दूत द्वारा छात्र छात्रों को एड्स होने के कारण और बचाव के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया एवं इस से जुड़े मिथक के विषय पर चर्चा किया गया। साथ ही यह कहा कि एड्स के मरीजों से समाजिक भेद भाव नहीं करना चाहिए। आँगनबाडी केंद्र में सेविका और ष्ट3 के समन्वयक की अगुवाई में आर के एस के के पियर एडूकेटर एवं समूह के चैंपियन द्वारा किशोर किशोरियों को फ्लिपबुक के माध्यम से एड्स से बचाव के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई और बतलाया गया कि अपने इलाके से युवाओं का नौकर्री-रोजगार की तलाश में पलायन होता है। वे भी अति सावधान रहें। इस लाइलाज और जानलेवा बीमारी पर हमे जागरूक रहने की जरुरत है। इस जागरूकता में लगभग 480 छात्र छात्रा एवं समूह के किशोर किशोरी को जागरूक किया गया।

# हिंडालको खनन क्षेत्रों में विश्व एड्स दिवस पर चलाया गया जागरुकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व एड्स दिवस पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं मिनरल्स एंड मिनरल्स लिमिटेड, खान प्रभाग द्वारा संचालित खनन क्षेत्रों में सीएसआर के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिंडालको सीएसआर प्रमुख नीरज के दिशा निर्देश पर बगडू में सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा, सेरेंगदाग में राम अवतार पासवान, बिमरला से अभय भारती, गुरदारी से राकेश तिवारी, कुजाम में मनोज चौधरी, पाखर में खुदिया कुमार आदि के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। बैनर, पोस्टर, हैंडबिल्स के माध्यम से माइक के जरिए खान कर्मी, ग्रामीण व कर्मियों के बीच एड्स से बचाव हेतु अन्य सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में खान प्रबंधक, खानकर्मी, सहकर्मी, ग्रामीण, चिकित्साकर्मी एवं सीएसआर विभाग के कर्मी एवं ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में एड्स से बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। एड्स एक लाइलाज बीमारी है। यह हाथ मिलाने या स्पर्श से नहीं होता है। असुरक्षित यौन संबंध से बचने तथा सुई सदैव नए लेने आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग रहा।

## ऑन स्पॉट छोटेलाल यादव को मिला बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम आज भंडरा प्रखंड के भंडरा बाजार टांड में आयोजित किया गया। आज के कार्यक्रम में स्थल पर ही छोटेलाल यादव कसपुर निवासी को बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ की स्वीकृति मिला। छोटेलाल यादव ने बताया कि खेती बाड़ी में सिंचाई का महत्व सबसे अधिक होता है। पहले सिंचाई के अभाव में कई बार सब्जी की खेती बर्बाद हुई है और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। अब बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से मिले कुंए से आगे फसल हानि की संभावना कम होगी, इसका फायदा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना का लाभ दिए जाने पर छोटेलाल यादव ने माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया।

# मरीजों की समस्था को लेकर सीएस से मिले भाजपा नेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सुदूर ग्रामीणों क्षेत्रों से इलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा में आने वाले मरीजों की समस्याओं को लेकर पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा और मंत्री तुलसी कुमार साहु के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल सिविल सर्जन सिमडेगा से मुलाकात किए और मरीजों की समस्याओं का जिक्र करते हुए समाधान करने को कहा। बानो क्षेत्र से आए एक मरीज जिसको पेट में दर्द होने से काफी परेशान था,उस मरीज को चिकित्सा महोदय ने उसे अल्ट्रासाउंड कराने को कहा जबकि सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था नहीं है, उस मरीज को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए रांची या राउरकेला जाना होगा, उपरोक्त संबंध में सिविल सर्जन महोदय ने कहा कि इस संबंध में उपायुक्त महोदय को लाइसेंस परमिशन हेतु भेजा गया है एवं दो तीन दिनों के पश्चात अल्ट्रासाउंड मशीन का सुविधा मरीजों के लिए चालू कर दिया जाएगा। श्री बेसरा ने कहा कि अल्ट्रासाउंड की सुविधा मुहैया होने से सुदूर क्षेत्रों से आने वाले गरीब मरीजों को सुविधा होगी और उनके उपर होने वाले आर्थिक क्षति से भी निजात मिलेगी। मौके पर वीरू भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह, भाजयुमो सेवई मंडल श्रवण गोस्वामी, संजय गुप्ता इत्यादि समाजसेवी उपस्थित थे।

## अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंसी में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती के द्वारा रिबन कटिंग करके किया गया। एग्जीबिशन में क्लास 1 से 10 के छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। जिसमें से चंद्रयान, सूर्य ग्रहण, ज्वालामुखी, पाचनतंत्र का मॉडल बेहतर रहा जूनियर के छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट से बनी सामग्री का भी प्रदर्शन किया। इस मौके पर ऋतु, शशि, चिनीवास, सुनीता, रीता, शबनम, रोशन, संगीता, काजल, अफसाना, तारामनी, प्रीती, पुजा, प्राची, खुशबू तथा अनुषा सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित थे। साथ ही अभिभावकगण में नीरज देवी, लक्ष्मी भारती, अनुपमा देवी, मोईन खान, कृष्णा साहु, सुनीता देवी, अरशद खान, पुनम देवी किशुन महतो, पवन कुमार आदि अभिभावक उपस्थित थे।

## गर्भवती माताएं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लाभ लें : परमुनी देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दो दिवसीय विशेष कैम्प आयोजित कर प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का लगभग 50 गर्भवती माताओं से आवेदन लिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रथम बच्चा को जन्म देने पर किन्ही माताओं को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना का लाभ दिया जा सकता है। परन्तु दूसरी बार गर्भवती होने पर बच्ची की जन्म पर ही माताओं को ही लाभ दिया जा सकता है। वही बताया कि इस योजना के अन्तर्गत प्रथम क़िस्त में बच्चे का पूर्ण टीकारण होने पर 5000 हजार व द्वितीय क़िस्त में 6000 रुपैया लाभ दिया जायेगा। साथ ही कहा कि लाभुकों का खाता आधार से लिंक होना चाहिये और जॉब कार्ड, ई श्रम कार्ड, किसान सम्मान निधि कार्ड, बीपीएल नम्बर में किन्ही एक चीज विशेष दस्तावेज के लिये आवश्यक है। यह कार्यक्रम लगातार चलेगा जिसे प्रखंड क्षेत्र के सभी माताओं को लाभ मिलेगा।

## ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार की बैठक मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जिला कार्यालय ठगी पीड़ित जमा करता परिवार की बैठक जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा की 19/12/2023 दिन मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें सभी नन बैंकिंग चिट फंड से पीड़ित लोगों से अनुरोध है कि आप सभी लोग समय से उपस्थित हो और एकता का परिचय दें। बिहारी भगत ने कहा कि अगर 2023 में भुगतान का शुरुआत झारखंड सरकार एवं केंद्र सरकार नहीं करती है तो हम सभी ठेके पीड़ित चुनाव के मैदान में जाएंगे। सुकरू उरांव ने कहा कि आप सभी लोगों से अपील किया जाता है कि एक दिवसीय धरना के लिए सभी ठगी पीड़ित परिवार एवं जमा करता को घर-घर तक जन जागरूकता के माध्यम से अहवन किया जाए। पवन तिग्गा ने कहा कि झारखंड के गठबंधन सरकार आपके द्वारा आपका सरकार का जो प्रोग्राम आयोजन किया गया है वह सिर्फ चुनावी जुमला है। अगर इतना ही गरीबों के मसीहा सरकार होता तो लोहरदगा उपायुक्त कार्यालय में 80000 आवेदन दिया गया है जिसमें लोहरदगा विधानसभा में 100 करोड़ का लायबिलिटी है इस पर सरकार को किसी तरह से कोई ध्यान नहीं है। लेकिन 2024 का चुनाव में झारखंड सरकार के झारखंड के सहयोगी पार्टी को बाहर का रास्ता दिखने में कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा। बैठक में देवंती देवी, रेवंती देवी, बालमुनि मिंज, नीलमण तिग्गा, सीता उरांव, विलचेन कुजूर, चंद्रमणि देवी, सुशांति उरांव, रेणुका उरांव, सुखदेव उरांव, शिवचरण मुंडा, रामकिशन मुंडा, महावीर किसान, असरानी खातून, सुधन भगत, जतरू उरांव, विश्वजीत उरांव, तारामणि उरांव, सीतामनी देवी, पारो देवी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को लेकर केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय टीम ने किया क्षेत्र भ्रमण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत लोहरदगा जिला में केन्द्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पंजीकरण अभियान में केन्द्रीय टीम एवं राज्य स्तरीय टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण किया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष पंजीकरण अभियान 30.11.2023 से 01.12.2023 के दौरान लोहरदगा जिले के लोहरदगा सदर परियोजना अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र कूटमु एवं रघु टोली तथा कुडू परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्र नवाटोली एवं राजरोम का भ्रमण किया गया। सभी आगंतुकों का स्वागत के उपरांत आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लाभार्थी, लेडी सुपरवाईसर द्वारा कार्यक्रम के किर्यान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई एवं PMMVY App में जो समस्या उत्पन्न हो रही हैं उस पर भी चर्चा किया गया। टीम के समक्ष उपरोक्त चारो आंगनवाड़ी केन्द्रों में कुल 19 नए लाभुकों का पंजीकरण किया गया आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा PMMVY की रंगोली की भी प्रस्तुति की गई एवं पौष्टिक आहार की प्रदर्शिनी भी की गई जिसमे लाभार्थियों को गर्भवस्था के दौरान अतिरिक्त आहार की जानकारी उपलब्ध करायी गई केन्द्रीय टीम के द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रदर्शित की गई रंगोली एवं अन्य कार्यों की प्रसंसा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा किए गये PMMVY App में इंट्री कार्यों की प्रसंसा की गई। मौके पर विभाग से सहायक निदेशक पम्मी सिन्हा, अमित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, कुडू सोनिया मंजुल, लेडी सुपरवाईसर एवं आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थी

# सच में हेमंत है तो हिम्मत हैं : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हेमंत है तो हिम्मत है यह कारनामा लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड लोहरदगा के अरकोश में देखने को मिला। बिगत दिनों अरकोशा के ईर्द-गिर्द गांव में पांच ट्रांसफार्मर की चोरी की सूचना झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं आजसू पार्टी के लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत को मिला सूचना मिलते ही अरकोशा गांव पहुंचने के बाद इसकी जानकारी ली जिसके तत्पश्चात और अरकोसा के सिमर टोली और अरकोसा के बड़का टोली और भक्सो मिलाकर बीते रात्रि को पांच ट्रांसफार्मर कि कॉपर निकाल कर चोरों ने चंपत हो गए। आज वर्तमान सरकार में यह हिम्मत को देखने को मिल रहा है 16 द्य1 के ट्रांसफार्मर में मामूली सा कॉपर तार की चोरी घनी आबादी में जाकर चोर आसानी से चोरी करके निकल जा रहा है। आज प्रशासन गहरी निंद्रा में सोई हुई है दुखद की बात है कि राज्य सरकार ही खुद भ्रष्टाचार में लिप्त है तो जिले के अच्छे उत्थान की गथा कैसे लिखा जाए। आने वाले दिनों में मैट्रिक और इंटर का परीक्षा है आज ग्रामीणों में चिंता का विषय है कि बच्चों की अच्छी शिक्षा कैसे अर्जित हो रोशनी नहीं रहने के कारण पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा ग्रामीणों से मिलकर नीरू शांति भगत ने तत्काल बिजली विभाग के एसडीओ एवं एक्सक्यूज इंजीनियर से बात करके यथाशीघ्र बिजली के ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की आग्रह की। आज नीरू शांति भगत की वहां पहुंचने से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। लोग बहुत ही खुश थे कि आज हमें स्वर्गीय कमल किशोर भगत की कमी का महसूस आपके आने से नहीं होती है। इसी तरह से दादा को फोन करते थे हम सबों के बीच में उपस्थित हो जाते थे ठीक उसी प्रकार आप भी हम लोगों के बीच में आते हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सभी लोग अपने आसपास के लोगों को जागरूक करते हुए। अपनी विकास के साथ अपने आसपास की विकास की गाथा लिखने के लिए हम सभी लोग मिलकर आपके लिए काम करेंगे और 2024 के विधानसभा चुनाव में आपको भारी से भारी मत से विजयी दिलाकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे। मौके पर लोहरदगा प्रखंड की महिला सचिव हेमंती देवी,अरकोश पंचायत के आजसू पार्टी के अध्यक्ष अंगत महतो सुजीत उराँव,पचू उराँव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विकास विभाग के सचिव द्वारा मनरेगा योजनाओं का किया गया निरीक्षण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र में जल छाजन के द्वारा संचालित विकास योजना का शुक्रवार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चन्द्रशेखर, उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता, जे एस एल पी एस डीपीएम एवं जिला परियोजना पदाधिकरी सुधीर मुर्मू के द्वारा मनरेगा योजना से संचालित विकास योजनाओं का निरक्षण किया गया। अलौदी पंचायत के हेसवे में तालाब, बांध, टीसीबी, कूप मरमती सहित अन्य कार्य का निरक्षण किया तथा कार्य के प्रति आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया की योजना स्थल पर सम्बन्धित कार्य योजनाओं का बोर्ड लगायें और अधिक से अधिक मजदूरों को मनरेगा में काम दे। साथ ही जलछाजन के तकनीकी प्रबंधक, क्षेत्र समन्वयक को पाँच वर्षो के लिए ग्राम सभा से चयनित योजना को प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर जल्द से जल्द पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, पंचायत सचिव संदीप रजक, बिपिक निलेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सैमुअल लकड़ा अब लाइफ केयर अस्पताल में देंगे अपनी सेवा



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राजधानी रांची के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सैमुअल लकड़ा अब लाइफ केयर अस्पताल में अपनी सेवा देंगे। कॉन्प्लेक्स ट्रामा और रिप्लेसमेंट के लिए जाने जाते हैं डॉ सैमुअल लकड़ा। लाइफ केयर अस्पताल में उन्होंने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य यही है कि हड्डी से जुड़े किसी भी तरह की परेशानी हो, उसका हल करना। डॉ सैमुअल लकड़ा पिछले करीब 3 सालों से राज्य के सबसे प्रसिद्ध अस्पताल रिम्स में अपना सेवा दे रहें हैं। लेकिन अब बूटी मोड़ लाइफ केयर अस्पताल में भी सेवा देंगे। डॉ सैमुअल लकड़ा हड्डी रोग विशेषज्ञ के साथ-साथ कॉन्प्लेक्स ट्रामा और रिप्लेसमेंट के लिए बखूबी जाने जाते हैं। हड्डी से संबंधित किसी तरह की परेशानियों का उनके द्वारा सफल ऑपरेशन किया जाता है। इनकी पहली प्राथमिकता होती है मरीज का ऑपरेशन। ताकि रिप्लेसमेंट न हो। लेकिन जटिल परिस्थितियों को देखते हुए कॉन्प्लेक्स ट्रामा और रिप्लेसमेंट करने की आवश्यकता पड़ती है।

**कौन हैं डॉ सैमुअल लकड़ा**: डॉ सैमुअल लकड़ा मूल रूप से झारखंड के डाल्टनगंज तुंबागड़ा के रहने वाले हैं। प्रारंभिक शिक्षा चंदवा स्थित ख्रिस्त राजा स्कूल से और कॉलेज जीएलए डाल्टनगंज से की। वहीं एसकेएमसीएच बिहार मुजफ्फरपुर से एमबीबीएस की। रांची रिम्स में तीन सालों तक सेवा दी। अब लाइफ केयर अस्पताल में सेवा देंगे।

### बहुत जल्द आकर्षक रूप में नजर आयेगा शहीद अल्बर्ट एक्का चौक : अमित कुमार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: शहिद अल्बर्ट एक्का चौक जीर्णोद्धार का निरीक्षण करने पहुंचे नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार। बता दे की सबसे भीड़ भाड़ वाला मेन रोड स्थित शहीद अल्बर्ट एक्का चौक का जीर्णोद्धार हो रहा है। इसी प्रतिमा के ऊपर फुट ब्रिज का भी निर्माण किया जाना है। हालांकि अभी फुट ब्रिज का निर्माण की शुरुआत नहीं हुई है। लेकिन शहिद अल्बर्ट का चौक को सुंदर रूप देने का काम लगभग पूरा हो चुका है। कुछ जगहों पर मार्बल और टाइल्स का काम बचा हुआ है। जिसे पूरा कर लिया जाएगा। काम किस तरह से और कब तक पूरा कर दिया जाएगा, इसका निरीक्षण करने नगर प्रशासक अमित कुमार पहुंचे थे। अमित कुमार ने बताया कि शहर के विभिन्न चौक चौराहों का नगर निगम जूडको के माध्यम से जीर्णोद्धार कर रहा है। बहुत जल्द शहीद अल्बर्ट एक्का चौक भी पूरी तरह से सुंदर और आकर्षक रूप से नजर आने लगेगा। इस मौके पर नगर निगम और जुडको के पदाधिकारी, कर्मचारी और झारखंड फुटपाथ संघ एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# अपने समर्थकों के साथ झामुमो में शामिल हुए रौशन पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** प्रकाशचंद्र पाठक उर्फ़ रौशन पाठक अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की मौजूदगी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पाठक झामुमो में शामिल हो गए।

मुख्यमंत्री ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया। गुरुवार को पलामू में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया। पूर्व विधायक के शुरुआती




चुनाव से ही उनके करीब रहे रौशन पाठक का झामुमो में जाना गढ़वा में चर्चा का विषय बना हुआ है। झामुमो में शामिल होने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री पाठक ने कहा कि वे गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा पूर्व विधायक के साथ रहकर काफी घुटन महसूस हो रही थी। आज मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नेतृत्व में गढ़वा में चौतरफा विकास की गंगा बह रही है। उनके किए जा रहे हैं कार्यों एवं हेमंत सरकार की नीति एवं सिद्धांतों से प्रभावित होकर वे झामुमो में शामिल हुए हैं।

## एक पीएचडी परीक्षा में दो नियमावली नहीं चलने देंगे : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में 1.30घंटे धरना दिया । इस दौरान जम कर विश्वविद्यालय प्रशासन एवम कुलपति महोदय के खिलाफ छात्र छात्राओं ने नारे बाजी की । इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अखिल झारखंड छात्र संघ(आजसू) के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कुलपति से कहा की एक परीक्षा में 2009के रेगुलेशन से प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भरवाया एवम 2022 के रेगुलेशन से परीक्षा फल कैसे प्रकाशित किया जा सकता है । दो रेगुलेशन से एक परीक्षा कैसे कराया जा सकता है।

वही ओबीसी ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले पर कुलपति ने कहा की मंगलवार को वार्ता के दौरान सारी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। बताते चले की रांची विश्वविद्यालय द्वारा जो 2018 में या उससे पहिले जो भी प्रवेश परीक्षा कराई गई है । उसमे क्वालीफाइंग मार्क्स 50त्नअंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रवेश परीक्षा में पास माना जाता था सीट की कोई बाध्यता नहीं थी । लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 2022 अधिनियम के अनुसार पीएचडी प्रवेश में रिक्त सीटों में 50त्न सीट पर ही परीक्षा कराई जा रही है । ऐसे मे एक परीक्षा में दो नियमावली कैसे चल सकती है। सीटो की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर कुलपति ने कहा कि सारे विभाग से फिर से डाटा मांगा गया है।

## बाबा बागेश्वर धाम सरकार का कार्यक्रम रद्द होने से विफरी भाजपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बाबा बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री।के पलामू में 10 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाला कार्यक्रम को अनुमति नही दिए जाने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री प्रकाश ने राज्य सरकार पर सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को तुष्टिकरण की राजनीति बन्द करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एक विशेष वर्ग को खुश करने के उद्देश्य से राज्य की सरकार सनातन धर्म को मानने वालों को लगातार विरोध कर रही है।श्री प्रकाश ने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री हिन्दू हृदय सम्राट है। उनके झारखंड़ में आने से समाज में समरसता और एकता का संदेश जाता।

लेकिन राज्य की सनातन-हिन्दू विरोधी और पाखंडी सरकार को यह रास नही आया। श्री प्रकाश ने सरकार को अपने मानसिकता से बाहर आने तथा अपने व्यवहार में बदलाव लाने का सुझाव देते हुए कहा कि राज्य की सनातन समाज अब जाग चुकी है। अगर राज्य सरकार अपनी इस मानसिकता से बाहर नही आयी तो इसका जबाब जनता आने वाले चुनाव में जोरदार तरीके से देगी।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने एड्स जागरूकता अभियान की शुरुआत की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजधानी रांची के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित की गई कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा दीप जलाकर किया गया।विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है।

इसमें लोगो को एड्स के प्रति जागरूक किया जाता है। वही रांची में हुए कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी सहित श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति और अन्य लोगों की उपस्थिति रही।इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति की ओर से किया



गया। कार्यक्रम में उपस्थित झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन के माध्यम से राज्य में चल रहे एड्स नियंत्रण के कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को बताया कि तत्काल में एड्स प्रभावित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से आक्षादित किया जा रहा है साथ ही आयुष्मान योजना से भी संक्रमित व्यक्तियों को जोड़ने का कार्य किया गया है। झारखंड सरकार का स्वास्थ्य विभाग एड्स जागरूकता के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम भी लगातार चल रहे हैं।

झारखंड का स्वास्थ्य विभाग एड्स उन्मूलन अभियान में पूरे दम खम के साथ सफल होगा।

# सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प है विकसित भारत संकल्प यात्रा : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गुमला जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत अरमई पंचायत में विकसित भारत संकल्प योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन पहुंचे।।राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा एक विकसित सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि से किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व पहलों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करना है। विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, कोई भी इससे वंचित न हो, यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने 2047 तक विकसित आत्मनिर्भर भारत बनाने के



लिए संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देश से गुलामी की मानसिकता को उखाड़ फेंकना है। इस यात्रा का उद्देश्य यह है कि लोग सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक हों और इन्हें इन योजनाओं का लाभ मिले। इस यात्रा से लोगों को स्वच्छता, वित्तीय सेवाएं, एलपीजी सिलेंडर, आवास, खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल इत्यादि से संबंधित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा खाद्यान्न सुरक्षा की दिशा में संचालित पांच किलोग्राम निश्शुल्क अनाज मुहैया कराने वाली योजना को अगले 5 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कारने की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलिंडर प्रदान किया जा रहा है, ताकि उन्हें हानिकारक धुएं से मुक्ति मिले। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है। इससे पूर्व उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद श्री सुदर्शन भगत, उपायुक्त गुमला श्री कर्ण सत्यार्थी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण माला बाड़ा, उप विकास आयुक्त श्री हेमंत सती, एसपी हरविंदर सिंह सहित, आदि सहित जिले के जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और अरमई पंचायत की मुखिया श्रीमती हीरा देवी को भूमि संबंधित आकड़ों का शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन में सहयोग करने हेतु अभिनंदन पत्र भी दिया। इस दौरान राज्यपाल महोदय ने सभी नागरिकों एवं उपस्थित अधिकारियों को 2024 तक देश को विकसित करने के संकल्प के तहत शपथ ग्रहण भी करवाया एवं उनके द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नए कैलेंडर का भी विमोचन किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता वाहन पर लाभार्थियों के संवाद किया और उनके बीच केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जागरूकता सामग्री का वितरण भी किया।

## पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों ने भाजपा को एक्जिट का रास्ता दिखाया : झामुमो

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा का जो चुनाव हुआ है वहां से भाजपा को एक्जिट का रास्ता दिखा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने दूसरे राज्यों के कार्यकर्ताओं से बातचीत की। यह बात छनकर आ रही है कि वह यही कि सभी पांच राज्यों ने भाजपा की सरकार ना बनाने का निर्णय ले लिया है। पांच राज्यों ने कहा है एक्जिट भाजपा। भट्टाचार्य शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं में बौखलाहट है। गत गुरुवार को देवघर में नैनो प्लांट का निरीक्षण करने स्थानीय सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री गये थे। पिछले 10 वर्षों में किसी केंद्रीय मंत्री का यह तीसरा दौरा था। विगत 10 वर्षों में पीएम, गृह मंत्री, केंद्रीय मंत्री झारखंड आए लेकिन एचईसी का दौरा किसी ने नहीं किया।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 148 वें दिन भी जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का 148 वा दिन भी जारी रहा। पूरे राज्य के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक राज भवन के पास धरना स्थल पर बैठे हुए हैं। अपनी पाच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया है पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य 148 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं जिस के कारण प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) पूरी तरह से प्रभावित है। प्रधानमंत्री आवास योजना में राज की स्थिति अच्छी नहीं है। स्वयंसेवक आवास योजना का काम नहीं देख रहे हैं। उनके जीमे में ही आवास योजना की मॉनिटरिंग का कार्य था आवास का काम कितना हुआ इसका रिपोर्टिंग पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक करते थे। लाभुक के यहां बार-बार जाकर आवास बनाने के लिए प्रेरित



करते थे। स्वयं सेवक के रिपोर्ट पर ही आवास योजना में आगे का भुगतान और कार्य किया जाता था। जिओ ट्रैकिंग का कार्य भी स्वयंसेवक के माध्यम से हो रहा था।प्रदेश कमेटी के द्वारा रणनीति बनाने के लिए 2 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय बैठक समय 11 बजे से राजभवन (धरना स्थल)के पास किया जाएगा आगे की रणनीति के लिए और विधानसभा का शीतकालीन सत्र जो चलेगा उस समय विधानसभा का घेराव किया जाएगा। एवं सरकार का 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मोराबादी मैदान में नंग धड़ंग प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा। आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक इस बार सरकार स्वयं सेवक की मांगों को पूरा नहीं कर देती है।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, सचिव युगल किशोर प्रसाद, प्रदेश कोषाध्यक्ष बाल गोविंद महतो,दिलीप, रामनीवाश, अनिता, सोनी,सुनीता,बलराम, बलदेव सकील अहमद, तस्लीम अंसारी, धर्मवीर, गौतम, अजय, बबलू, चंपा, अब्दुर,अकबर, पवन, दिलीप, बिरसा,संतोष, प्रभात एवं सैकड़ो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## इमरान प्रतापगढ़ी ने तेलंगाना चुनाव का रुख कांग्रेस की तरफ मोड़ दिया




अब्दुल करीम अन्सारी

**हैदराबाद :** तेलंगाना में कांग्रेस अगर सत्ता में आती है तो इसका पूरा क्रेडिट राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, रेवंत रेड्डी,और इमरान प्रतापगढ़ी को जाएगा। कांग्रेस पार्टी में अगर किसी मुस्लिम लीडर की उम्मीदवारों की डिमांड थी तो इमरान प्रतापगढ़ी की। इन्होंने तेलंगाना में रोजाना चार से पांच सभाएं कर 12 बजे रात तक बैठकों का दौर जारी रखते हुए इन्होंने तेलंगाना की फिजाओं में अपने शायरी के अंदाज से बाय-बाय केसीआर कर दिया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते इन्होंने अल्पसंख्यकों के लिए तेलंगाना में अलग से घोषणा पत्र जारी कराया एवम हर अकलियतों तक इसकी पहुंचाने एवम समझाने की जिम्मेवारी अपने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग तेलंगाना यूनिट को दी। इमरान अपनी सभाओं में सीधा हमला सरकार पर करते हुए कहते थे कि मोदी जी के जो यार हैं वे ओवैसी और केसीआर हैं और इमरान प्रतापगढ़ी के ऊपर भी ओवैसी जोरदार हमला करते नजर आए। लेकिन इसकी परवाह न करते हुए इमरान प्रतापगढ़ी में मुसलमान वोटरों का रुख कांग्रेस की ओर मोड़ दिया। खासकर कांग्रेस की ओर से इस चुनाव में इमरान प्रतापगढ़ी के अलावा और किसी भी मुस्लिम नेताओं के डिमांड नहीं रही। तेलंगाना में सबसे ज्यादा डिमांड राहुल प्रियंका के अलावा इमरान प्रतापगढ़ी की रही। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर शायरी के अंदाज में जोरदार हमला किया और शायरी का एक छोटा सा अंश वहां चुनाव प्रचार का हिस्सा बन गया। बाय-बाय केसीआर। अगर सच कहा जाए तो कांग्रेस में इमरान प्रतापगढ़ी भीड़ जुटाऊ सबसे बड़ा नेता बन के उभरे हैं। उन्होंने तेलंगाना में जो शायरी के माध्यम से लोगों से अपील की वह लोगों के दिलों में उतर गई। जो खबर निकल के आ रही है की तेलंगाना में मुसलमानों ने कांग्रेस के लिए एकतरफा वोटिंग की। **(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं)**

## ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी, लोगों को मिलेगा लाभ

**रांची :** राजधानी रांची का ट्रैफिक पुलिस दिन पर दिन स्मार्ट हो रहा है। शुक्रवार को मिली की जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी हुई है। इस विशेष साझेदारी के माध्यम से रांचीवासी रोड बंद, रोड डायवर्जन और मार्ग पर अन्य अवरोध की जानकारी गूगल मैप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के जरिये निर्गत सड़क बंद, रोड डायवर्जन की जानकारी गूगल पर दिखेगी। यात्री इसके आधार पर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। गूगल मैप पर पहले चरण की जानकारी शुरू हो गई है। इसके साथ आगे आने वाले चरणों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई गति सीमा गूगल मैप पर दिखाई जाएगी। इसके साथ रांची ट्रैफिक पुलिस गूगल मैप के साथ मिल कर ट्रैफिक लाइट को ऑप्टिमाइज करने की दिशा में काम करेगा। इससे वेटिंग टाइम कम किया जा सके।

# कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी कम करने पर प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जोर




विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी28 की उच्च-स्तरीय बैठक

एजेंसी

**दुबई :** विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन सीओपी28 की उच्च-स्तरीय बैठक में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई पहुंचे हैं। यहां पीएम मोदी ने सीओपी 33 सम्मेलन भारत में कराए जाने का प्रस्ताव दिया और कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में सबकी भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत ने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के उत्तम संतुलन का उदाहरण विश्व के सामने रखा है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि भारत 2030 तक गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा कर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि हम 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य की ओर भी बढ़ते रहेंगे।भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में एक है, जो राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान का लक्ष्य पूरा करने की राह पर है। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से संबंधित लक्ष्यों को भारत 11 साल पहले ही हासिल कर चुका है। उन्होंने कहा कि गैर जीवाश्म इंधन का लक्ष्य भारत समय से पहले ही हासिल कर चुका है। सीओपी28 के अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर और संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के अध्यक्ष साइमन स्टिल के साथ उद्घाटन पूर्ण सत्र में शामिल होने वाले मोदी एकमात्र नेता थे। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा के इस्तेमाल को घटाने और प्रारूपों के रुपांतरण के बीच संतुलन बनाए रखने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में ऊर्जा परिवर्तन न्यायसंगत और समावेशी होना चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि इस दृष्टिकोण को अपनाने से कार्बन उत्सर्जन 2 बिलियन टन तक कम किया जा सकता है। उन्होंने विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करने के लिए अमीर और तकनीक से लैस विकसित देशों से प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान पर भी जोर दिया।